सूर्योदय 5:45 सूर्यास्त 7:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 न्यू | 19 अधि |
| धर्मशाला | 16.7 न्यू | 27.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,604.08 |
| निफ्टी | 24,585.05 |
| सोना 1,02,820 | चांदी 1,17,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 12 अगस्त 2025 | 28 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 225, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



टूटा मिथक, खत्म होगा आईसीसी ट्रॉफी का सूखा: हरमनप्रीत कौर

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### मानहानि मामले में मेधा पाटकर को आंशिक राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ मानहानि मामले में उन्हें आंशिक राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मेधा पाटकर को दोषी करार दिए जाने के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मेधा पाटकर पर लगे जुर्माने को हटा दिया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मेधा पाटकर पर लगी प्रोबेशन की सजा को भी निरस्त कर दिया है। (अनंत ज्ञान)



### जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर दुर्घटना में दो पुलिस अफसरों की मौत



**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक दुर्घटना में दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि इन तीनों उपनिरीक्षकों को अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था और वे श्रीनगर से जम्मू लौट रहे थे, तभी लासजान इलाके के तेंगन में वे दुर्घटना का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि घायल पुलिस अधिकारियों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सचिन वर्मा और शुभम तथा घायल अधिकारी की पहचान मस्तान सिंह के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

#### विमल नेगी मौत मामला
### हरिकेश मीणा की अंतरिम राहत 8 सितंबर तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पावर कॉरपोरेशन के पूर्व एमडी हरिकेश मीणा को मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत से जुड़े मामले में मिली अंतरिम राहत को 8 सितंबर तक बढ़ा दिया है। कोर्ट ने पहले 7 अप्रैल को मीणा को अंतरिम राहत दी थी और जांच टीम को उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया था। न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह के समक्ष मामले की सुनवाई हुई, जिसमें सीबीआई ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट दायर की, जिसकी प्रति प्रार्थी और शिकायतकर्ता को भी सौंपी गई है। यह मामला 10 मार्च को एचपीपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी के लापता होने से जुड़ा है, जिनका शव 18 मार्च को बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में मिला था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- नादौन शहर में अब रात 9 बजे तक खुला रहेगा शिकायत कक्ष -पेज 2
- रामपुर और ज्यूरी में भाजपा ने दिखाया देशभक्ति का उत्साह -पेज 6
- पुलिस ने टैक्सी यूनियन के साथ मिलकर गाड़ियों के काटे चालान -पेज 9
- बजौरा से प्राथमिकता के आधार पर भेजे जाएं सब्जी से लदे वाहन: रवि -पेज 11
- गोगा जाहरवीर की गाथाएं सुनाने निकली छड़ियां -पेज 12

# चमियाणा अस्पताल में प्रदेश की पहली रोबोटिक सर्जरी शुरू, सीएम ने किया उद्घाटन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के चमियाणा स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी में राज्य की पहली रोबोटिक सर्जरी यूनिट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस मौके पर कहा कि सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी का सपना साकार हो गया है। इस आधुनिक तकनीक का उपयोग करके आज चार मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया, जिनमें प्रोस्टेट कैंसर और किडनी ट्यूमर के मामले शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुविधा से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव आएगा और मरीजों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि एम्स के बाद, टांडा मेडिकल कॉलेज में भी जल्द ही यह सुविधा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के हिमकेयर कार्डधारक मरीजों का रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से मुफ्त इलाज किया जाएगा।

**हिमकेयर कार्डधारकों के लिए मुफ्त इलाज की घोषणा**



चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी यूनिट का उद्घाटन करते हुए सीएम सुक्खू, साथ हैं अन्य।

### 29 करोड़ की लागत से स्थापित की अत्याधुनिक मशीनरी

**यह** रोबोटिक सर्जरी यूनिट चमियाणा स्थित एम्स में 29 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित की गई है। इस अत्याधुनिक मशीनरी से यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और गायनाकोलॉजी विभागों से संबंधित जटिल सर्जरी की जा सकेगी। इस यूनिट का संचालन संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के विशेषज्ञ डॉ. अनंत कुमार की देख-रेख में हो रहा है, जिसमें एम्स के यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. पंपोष रैना और डॉ. नवीन कौंडल उनका सहयोग कर रहे हैं।

### 6 अस्पतालों में बनेंगी इन-हाउस ऑटोमेटेड लैब

**मुख्यमंत्री** ने भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के 6 अस्पतालों, जिनमें एम्स चमियाणा, टांडा, हमीरपुर, नेरचौक, चंबा और नाहन मेडिकल कॉलेज शामिल हैं, में इन-हाउस ऑटोमेटेड लैब स्थापित की जाएंगी। इन लैब के जरिए सभी टेस्ट ऑनलाइन हो जाएंगे।

### क्या है रोबोटिक सर्जरी?

**रोबोटिक** सर्जरी एक उन्नत तकनीक है, जिसमें डॉक्टर रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करके ऑपरेशन करते हैं। इसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे और रोबोटिक भुजाओं का इस्तेमाल होता है, जिससे डॉक्टर को बेहतर सटीकता और नियंत्रण मिलता है। इस तकनीक से सर्जरी के दौरान कम चीरे लगते हैं, रक्तस्राव कम होता है और मरीज तेजी से ठीक होता है।

# वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का संसद से चुनाव आयोग तक मार्च

## खड़गे, राहुल, प्रियंका, अखिलेश समेत कई हिरासत में, 2 घंटे बाद छोड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया।

हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। यह एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं, प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए।




वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी को लेकर मार्च निकालते विपक्षी नेता।

### दिल्ली पुलिस बोली- सांसदों ने मार्च के लिए नहीं मांगी अनुमति

**मार्च** संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।

प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान एमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई और बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। (अनंत ज्ञान)

### सांसदों की गिरफ्तारी के खिलाफ पीएम मोदी का पुतला दहन

**वोट** चोरी मामले को लेकर निर्वाचन आयोग के खिलाफ कांग्रेसी सांसदों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी समेत अन्य कांग्रेसी सांसदों की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को फारबिसगंज स्टेशन चौक पर कांग्रेस के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला भी फूंका। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### खड़गे ने विपक्षी सांसदों को रात्रिभोज पर बुलाया

**बिहार** में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनावों में कथित 'वोट चोरी' को लेकर सोमवार को विपक्षी गठबंधन के सांसदों द्वारा निकाले गए मार्च को रोके जाने और सांसदों को हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी सांसदों को रात्रिभोज पर भी आमंत्रित किया।

# लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा

## स्थगित करनी पड़ी सदन की कार्यवाही



एजेंसी, नई दिल्ली

संसद में सोमवार को जबरदस्त हंगामा हुआ, जिसके चलते राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। विपक्षी सांसदों ने विभिन्न मुद्दों पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की।

राज्यसभा में विपक्ष ने सभी अन्य कार्यों को रोक कर पहले इन मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए नियम 267 के अंतर्गत नोटिस दिया, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद सदन में हंगामा बढ़ गया और कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसद वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने बार-बार विपक्ष से अपनी सीटों पर लौटने का आग्रह किया, लेकिन असफल रहने पर सदन की कार्यवाही भी दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत 29 नोटिस प्राप्त हुए हैं। इनमें से कुछ नोटिस नियमों के अनुरूप नहीं थे, जबकि कई मामलों पर अदालती कार्यवाही चल रही है, इसलिए उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। सदन में कुछ विपक्षी सांसद विरोध स्वरूप बैज पहनकर आए, जिस पर उपसभापति ने आपत्ति जताई और कहा कि सदन में इसकी अनुमति नहीं है। इसके बावजूद विपक्षी विरोध जारी रहा, जिससे अंततः राज्यसभा की कार्यवाही भी दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। (अनंत ज्ञान)

# पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं और कुछ को अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

आदेश के अनुसार 2007 बैच की आईएएस अधिकारी ए शाइनामोल, जो वर्तमान में सचिव (प्रशासनिक सुधार, प्रशिक्षण एवं विदेशी असाइनमेंट तथा लोक शिकायत निवारण) के पद पर कार्यरत हैं, को सचिव (आयुष) का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, 2008 बैच की आईएएस राखिल काहलों, जो सचिव (डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस) तथा जल शक्ति विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही थीं, अब इन दोनों पदों पर नियमित रूप से कार्य करेंगी।

2012 बैच की आईएएस डॉ. ऋचा वर्मा को एमडी, हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (सिडक) नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी पहले राजेश्वर गोयल के पास थी। डॉ. ऋचा वर्मा हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार जारी रखेंगी। इसी तरह, 2019 बैच की आईएएस रितिका को उद्योग विभाग में अतिरिक्त नियंत्रक भंडार की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो पहले डॉ. हरीश गज्जू के पास थी।

इसके अलावा 2018 बैच के आईएएस अभिषेक वर्मा, जिन्हें पहले डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस के निदेशक पद पर भेजा गया था, अब निदेशक, भूमि अभिलेख के पद पर कार्य करेंगे। वहीं, 2014 बैच के आईएएस डॉ. निपुण जिंदल निदेशक, डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस के पद पर बने रहेंगे और साथ ही उन्हें हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।




**वरिष्ठ अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारियां**

#### अनुकंपा नियुक्ति पर हाईकोर्ट का फैसला
### एफआईआर लंबित होने से रद्द नहीं होगी नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ सिर्फ एफआईआर लंबित होने से उसकी अनुकंपा नियुक्ति को अस्वीकार नहीं किया जा सकता, खासकर छोटे अपराधों के लिए। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक कोई व्यक्ति दोषी सिद्ध नहीं हो जाता, उसे निर्दोष माना जाना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता योगराज को चार सप्ताह के भीतर नियुक्ति पत्र जारी करने का निर्देश दिया, जिनकी नियुक्ति एक एफआईआर के कारण रुकी हुई थी। अदालत ने अपने फैसले में यह स्पष्ट किया कि किसी भी आपराधिक मामले की गंभीरता और प्रकृति पर विचार करना आवश्यक है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने पिछले फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि केवल मामला दर्ज होने से ही नियुक्ति से इनकार करना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता के पिता की मृत्यु के बाद, उसकी नियुक्ति को 2021 में मंजूरी मिल गई थी, लेकिन 2019 की एक एफआईआर धारा 323 और 325 आईपीसी के तहत के कारण उसे रोक दिया गया था। कोर्ट ने राज्य सरकार के इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता ने एफआईआर की जानकारी छुपाई थी, क्योंकि उससे इस बारे में कभी पूछा ही नहीं गया था।

# शिमला के बाद अब नादौन में 12 वर्षीय बच्चे का अपहरण

शशि सोनल, अनंत ज्ञान

**नादौन।** बिशप कॉटन स्कूल शिमला के बाद अब हमीरपुर जिले के नादौन में 12 वर्षीय किशोर का अपहरण होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। अपहरणकर्ता प्रवासियों के अस्थायी निवास झुग्गियों से बच्चे को उठाकर बाइक पर ले गए और उसके हाथ-पांव बांध दिए। यह घटना पूरी तरह से फिल्मी स्टाइल में घटी, जिससे स्थानीय लोग चिंतित और डर में हैं। आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

अपहरणकर्ताओं ने शहर के वार्ड नंबर-एक में सरोज सदा नामक प्रवासी के 12 वर्षीय बेटे को ठेकेदार बिरजू साहनी का बेटा समझकर अपहरण किया। हालांकि, बाद में उन्हें पता चला कि वह बच्चा कोई और था। तब उन्होंने उसे कुर्सी से बांधकर छोड़ दिया। इसके बाद, जब उनकी योजना असफल हो गई, तो उन्होंने बिरजू साहनी की मिक्स्चर मशीन चुरा ली। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

अस्पताल के पास झुग्गी में रहने वाले ठेकेदारी बिरजू साहनी ने बताया कि शाम को कुछ युवक विजय साहनी के बेटे के बारे में पूछताछ कर रहे थे। रविवार शाम साढ़े 6 बजे उन्होंने बिरजू के बेटे को समझकर सरोज के बेटे को बाइक पर ले लिया और उसे निर्माणाधीन फोरलेन की ओर लेकर गए। वहां बच्चे को मारपीट कर इंजेक्शन जैसा पदार्थ चुभोया गया, जिससे उसके मुंह पर सूजन आ गई। हालांकि, रात करीब नौ बजे अपहरणकर्ताओं को यह एहसास हुआ कि वे गलत बच्चे को उठा चुके हैं, तो उन्होंने उसे छोड़ दिया। बच्चे ने किसी तरह घर लौटकर अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद, बिरजू ने अपने मिक्स्चर मशीन की चोरी की शिकायत भी दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

**ठेकेदार का बच्चा समझ किया किडनैप, बाद में छोड़ा**

**सवाल** क्या तीन महीने में भी मुकम्मल हो पाएगा टीजीटी भर्ती का आवेदन प्रोसेस?

# टीजीटी भर्ती प्रक्रिया आगे खिसकाने में डीएलएड का पेंच

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**हमीरपुर।** हिमाचल में लंबे इंतजार के बाद टीजीटी की भर्ती प्रक्रिया में डीएलएड का पेंच फंसा है। आवेदन प्रक्रिया इसी वजह से आगे खिसक रही है। दो मर्तबा तारीख आगे बढ़ाई जा चुकी है। अभी पूरा भरोसा नहीं है कि 31 अगस्त की डेडलाइन तक आवेदन का प्रोसेस पूरा होगा या नहीं?

जिन टीजीटी बेरोजगार युवाओं ने इस साल के अंत तक इस प्रक्रिया के मुकम्मल होने और सरकारी सेवा में जाने की उम्मीदें पाल रखी हैं, वे फिलहाल धराशायी हो रही हैं। कारण यह है कि एक माह की अवधि वाली आवेदन प्रक्रिया को अब फिलहाल 3 महीने लग जाएंगे। उसके बाद भी यह तारीख आगे इसलिए बढ़ सकती है, क्योंकि इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की वजह से 'डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन' जिन्होंने किया है, उन्हें हाईकोर्ट से आवेदन करने की छूट मिल रही है। पिछले सप्ताह भी इस मामले को लेकर कुछ और लोगों को कोर्ट ने आयोग की चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए ऑर्डर किए हैं।

यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को फिर से तारीख बढ़ानी पड़ी है। अब यदि 31 अगस्त से पहले डीएलएड करने वाले और युवाओं ने भी हाईकोर्ट से टीजीटी की इस चयन परीक्षा में शामिल होने की इजाजत ले ली तो क्या आवेदन की तारीख को और आगे बढ़ाया जा सकता है? यही अब यक्ष प्रश्न है, जिस पर आयोग भी फिलहाल चुप है। अहम बात यह है कि जिन भी डीएलएड के युवाओं को या टीचर्स को टीजीटी की चयन प्रक्रिया में बैठने की इजाजत मिलनी हो, वह एकमुश्त मिल जाए, तो इससे इस प्रक्रिया में देरी नहीं होगी।




**तकनीकी पेचीदगी बनी समस्या, हजारों टीचर्स की थर्रा रहीं उम्मीदें**

### कांग्रेस सरकार में आयोग की विफलताएं और भर्ती में देरी

**दीगर** है कि मौजूदा कांग्रेस सरकार के आने पर भ्रष्टाचार के मामलों के पकड़े जाने पर पुराने आयोग को भंग कर दिया गया था और उसके एक-डेढ़ साल बाद नया आयोग गठित कर दिया गया, मगर इसमें भी विडंबना यह है कि अभी केवल एक ही श्रेणी यानी टीजीटी की भर्ती को विज्ञापन जारी हुआ था, जिसे अब तीसरा माह शुरू हो चुका है। अब क्योंकि इसी माह के अंत तक जेबीटी की टेट परीक्षा का भी नतीजा स्कूल शिक्षा बोर्ड को जारी करना है, लेकिन यदि 28 या 30 अगस्त तक यह रिजल्ट घोषित हुआ, तो फिर तकरीबन 20,000 और उम्मीदवार भी टीजीटी के लिए पात्र हो जाएंगे। टेट पास करने वाला ही आयोग की परीक्षा में बैठ सकता है।

### क्या रहा कारण

**दरअसल** जिन जेबीटी धारकों ने डीईएलडी ग्रेजुएट कर रखी है, उन्हें इसका लाभ मिल रहा है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद उन्हें इसके समकक्ष मानती है। इसीलिए टीजीटी की भर्ती प्रक्रिया में यह वर्ग भी पात्र बन रहा है, लेकिन सवाल यह है कि आयोग ने टीजीटी भर्ती को जो विज्ञापन जारी किया है, उसमें इनका जिक्र नहीं है। यही असल में दिक्कत है। अब जो भी इसकी पात्रता वाला कोर्ट में जा रहा है, उसे स्वीकृति मिल रही है।

### क्या कहते हैं आयोग के सचिव

**आयोग** के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि हाईकोर्ट से जिन डीएलएड ग्रेजुएट्स को टीजीटी की परीक्षा में आवेदन करने के लिए आदेश हुए हैं उन्हें समय दिया जा रहा है। आयोग का तो यही प्रयास है कि इस भर्ती प्रक्रिया को बहुत जल्दी मुकम्मल किया जाए। दो मर्तबा टीजीटी की आवेदन तारीख को बढ़ाया जा चुका है। प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा की वजह से भी ऐसा हुआ है।





## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग स्थगित

अनंत ज्ञान, नादौन। एसडीएम और पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राधिकारी कार्यालय नादौन के अंतर्गत 13 अगस्त को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। एसडीएम और पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राधिकारी राकेश शर्मा ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग के लिए नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### समृद्ध हिमाचल-2045 के लिए 26 तक मांगे सुझाव

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। समृद्ध एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में आम लोगों के महत्वपूर्ण विचारों एवं सुझावों को शामिल करके उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (एमएसहिप्पा) ने 26 अगस्त तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसके लिए संस्थान ने 'समृद्ध हिमाचल-2045' शीर्षक के साथ एक ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की है। जन-केंद्रित और दीर्घकालिक सोच के साथ विकसित की गई 17 प्रश्नों की इस प्रश्नावली के माध्यम से हिमाचल के नागरिकों, संस्थाओं और हिमाचली प्रवासी समुदाय से उनके विचार, आकांक्षाएं और ज़मीनी नवाचार आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि इसमें भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार की वेबसाइट हिमाचल.एनआईसी.इन/समृद्धहिमाचल पर लॉग इन किया जा सकता है। इसके अलावा संस्थान ने एक वेब लिंक और क्यूआर कोड भी जारी किया है। इस पर क्लिक करके आम लोग गूगल फॉर्म पर लॉग इन करके अपने सुझाव या विचार भेज सकते हैं। ये सभी वेब लिंक 26 अगस्त तक खुले रहेंगे। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण के लिए अपने सुझाव या विचार साझा करने की अपील की है।

### अवाहदेवी में तिरंगा रैली, गूंजे देशभक्ति के नारे



अनंत ज्ञान, टौणी देवी। आजादी के अमृत महोत्सव और 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भाजपा मंडल समीरपुर की ओर से सोमवार को अवाहदेवी मंदिर से कस्बे की मुख्य सड़कों तक भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने की, जबकि जिला मीडिया प्रभारी विक्रम जीत क्याल कार्यक्रम प्रभारी रहे। इस अवसर पर मंडल महामंत्री एडवोकेट संजीव कुमार, हिटलर ठाकुर, मीडिया प्रभारी अनीश ठाकुर मंडल के 43 बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाए और आमजन से राष्ट्रध्वज को सम्मानपूर्वक फहराने की अपील की। मंडलाध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि 14 अगस्त को टाउन भराड़ी में आयोजित 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' कार्यक्रम में शामिल हों, जिसमें केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे।

### एबीवीपी ने आयोजित की सदस्यता कार्यशाला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। एबीवीपी की हमीरपुर इकाई ने सोमवार को डिग्री कॉलेज हमीरपुर में सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें काफी तादाद में स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं सदस्यता अभियान के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के दौरान नए एवं पुराने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन ही नहीं, बल्कि एक विचार है, जो शिक्षा, सेवा और संगठन के माध्यम से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का कार्य करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ें और उनमें देशभक्ति एवं समाज सेवा की भावना जगाएं। हमीरपुर इकाई अध्यक्ष अंकित ठाकुर ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना और अभियान की रणनीति तय करना था। इस अवसर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चुनाव आयोग की मदद से ही हो रही सत्ता हासिल : कौशल



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। देश में भाजपा, चुनाव आयोग, ईडी और सीबीआई का महागठबंधन कार्य कर रहा है और अपने इन्हीं सहयोगियों के दम पर भाजपा तथा नरेंद्र मोदी बार-बार सत्ता का सिंहासन हासिल करने में कामयाब हो रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विषय में उजागर हुए तथ्यों ने यह साबित कर दिया कि देश और प्रदेशों में सरकारें जनता की भावना और सोच के आधार पर उनके मताधिकार की बजाए मतों की चोरी करके बनाई जा रही हैं। कौशल ने कहा कि सत्ता में बैठे सत्ताधारियों का चुनाव आयोग की मदद और बेईमानी से सत्ता हासिल करना बेहद शर्मनाक और विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की छवि के लिए खेदजनक भी है। कौशल ने राहुल गांधी की वोट चोरी के खिलाफ शुरू की गई मुहिम को जनांदोलन में परिवर्तित करने के लिए समाज के तमाम लोगों से जुड़ने का अनुरोध करते हुए कहा कि संस्थाओं की विश्वसनीयता बहाल करने और जनतंत्र की रक्षा के लिए इस आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाना बेहद लाजिमी है।

### महिलाओं को जूट के उत्पाद बनाना सिखाएगा आरसेटी



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से गांव कैहरवीं में स्थानीय महिलाओं के लिए एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को संस्थान के निदेशक अजय कुमार कतना ने किया। 24 अगस्त तक चलने वाले इस शिविर के दौरान स्थानीय महिलाओं को जूट के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को संबोधित करते हुए अजय कुमार कतना ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ अपने घर में ही छोटे-छोटे उद्यम चलाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को बैंकों से वित्तीय मदद दिलाने में भी आरसेटी सहयोग करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर विनय चौहान और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जिला भाजपा ने कांग्रेस पर किया पलटवार



अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। भाजपा जिला के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, महामंत्री अजय रिंटू शर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा ने संयुक्त बयान में आज कांग्रेस द्वारा भाजपा पर लगाए गए चुनाव आयोग के गलत इस्तेमाल के आरोपों का कड़ा विरोध किया और उन्हें बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस वालों को पहले अपने संदेहपूर्ण इतिहास पर आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस राज में संविधान के अनुच्छेद 356 का 90 बार दुरुपयोग करके विधिवत निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त करके राज्यों और क्षेत्रीय दलों के अधिकारों का हनन किया गया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अकेले इंदिरा गांधी ने ही लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करते हुए सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 का 50 बार इस्तेमाल किया था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कैसे डॉ. बीआर अंबेडकर की चुनावी हार में जवाहरलाल नेहरू की भूमिका ऐतिहासिक बहस का विषय बनी हुई है और जोर देकर कहा कि नेहरू और कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक चालबाजियों के चलते ही डॉ. अंबेडकर को हार का सामना करना पड़ा था। तीनों नेताओं ने मांग की कि कांग्रेस पार्टी को सोनिया गांधी की सह-अध्यक्षता वाली एफडीएल-एपी फाउंडेशन, जिसमें भारत-विरोधी जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा की गैर-कानूनी फंडिंग की गई थी, उस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए और साथ-ही-साथ बोफोर्स सौदे के आरोपी ओतावियो क्वात्रोची को बचाने में गांधी परिवार की भूमिका के बारे में आरोपों का भी जवाब देना चाहिए।

# मेडिकल कॉलेज का भवन तैयार; फिर भी सुविधाएं अधूरीं, मरीजों का गैलरी में इलाज

## मुश्किल : एक बेड पर दो-दो मरीजों को करवाना पड़ रहा इलाज

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान



एक ही बेड पर दो-दो मरीज होने से मरीजों व तीमारदारों को भी हो रही मुश्किलें।

हमीरपुर। जब से डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर बना है, तब से प्रदेश सरकार सुविधाएं बढ़ाने में लगातार प्रयासरत है, लेकिन फिर भी सुविधाएं कम ही नजर आ रही हैं। हालांकि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का नया भवन बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन यहां पर भी स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू करने में कितना समय लगेगा, इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

वर्तमान सरकार ने भी मेडिकल कॉलेज को जल्द शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी भवन के अलावा अन्य सुविधाएं भी जुटाना अभी बाकी है। फिलहाल हमीरपुर अस्पताल में मेडिकल कॉलेज चल रहा है, वहां पर मरीजों की संख्या बढ़ने से जगह कम पड़ गई। इसके चलते एक बेड पर दो दो मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां तक कि गैलरी के बाहर बेड लगाकर मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

**नए भवन में स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू होने से ही हो पाएगा समस्या का हल**

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सबसे अधिक संख्या मरीजों की मेडिसिन और गायनी वार्ड में है। यहां पर एक बेड पर दो दो मरीज एक साथ इलाज करवाने को मजबूर हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मरीजों की संख्या बढ़ने का कारण यह भी माना जा रहा है कि यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों को लगाया गया है। इस कारण मरीज दूर-दराज क्षेत्रों से इलाज करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पहुंच रहे हैं। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का भी यह मानना है कि जब तक यहां से कुछ विभाग शिफ्ट नहीं हो जाते, तब तक ऐसी ही भीड़ रहेगी। ऐसे में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में इलाज करवाने आ रहे मरीजों को जहां भी बेड उपलब्ध हो रहा है वहां पर इलाज करवा रहे हैं।

इस बारे में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. देश राज शर्मा ने बताया कि जगह कम होने से गायनी और मेडिसिन वार्ड में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन बचनबद्ध कि प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के नए भवन में कुछ विभागों के शिफ्ट हो जाने से कुछ हद तक मरीजों की कम संख्या का असर दिखेगा।

# नौकरियां : हमीरपुर में कई पदों के लिए 14 को होंगे साक्षात्कार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला हमीरपुर और लुधियाना की विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग श्रेणियों के पदों को भरने के लिए 14 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में मिनी रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस रोजगार मेले में हमीरपुर की एनजी ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 8 पदों को भरने के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे।

इन पदों के लिए स्नातक या बारहवीं पास पुरुष उम्मीदवार ही पात्र होंगे। इसके अलावा आनंद ऑटो केयर प्राइवेट लिमिटेड हमीरपुर में सेल्स ऑफिसर के 2 पद भरे जाएंगे, जिसके लिए स्नातक महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। इसी दिन लुधियाना स्थित टाटा स्टील के एक प्लांट में सिक्योरिटी स्टाफ की अलग-अलग श्रेणियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित कुल 162 पदों को भरने के लिए बद्दी की कंपनी टैरियर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड भी साक्षात्कार लेगी। असाइनमेंट मैनेजर के चार पदों के लिए अधिकतम 50 वर्ष तक की आयु के रिटायर्ड जेसीओ पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 33,975 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 10 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के बारहवीं पास उम्मीदवार पात्र होंगे और चयनित उम्मीदवारों को 22,537 रुपए वेतन दिया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड के 120 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के दसवीं पास उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इनके लिए मासिक वेतन 18,236 रुपए निर्धारित किया गया है। स्पेशल सिक्योरिटी गार्ड के 20 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के दसवीं पास एवं फायर डिफेंस डिप्लोमाधारक उम्मीदवार साक्षात्कार दे सकते हैं। इनका मासिक वेतन 20,294 रुपए रहेगा।

कंप्यूटर ऑपरेटर के 8 पदों के लिए उम्मीदवार स्नातक एवं कंप्यूटर डिप्लोमा धारक होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 21,094 वेतन दिया जाएगा। सिक्योरिटी से संबंधित पदों के लिए उम्मीदवार की लंबाई कम से कम 5.7 फुट होनी चाहिए। अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह साक्षात्कार में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 पर संपर्क किया जा सकता है।

## देशभक्ति में रंगा एनआईटी हमीरपुर 'हर घर तिरंगा' की तैयारियों में जुटा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर 'हर घर तिरंगा' (एचजीटी) 2025 कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के मार्गदर्शन में 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में हो रहा है, जिसका उद्देश्य देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव की भावना को फैलाना है। पहले चरण (2-8 अगस्त) में रंग-बिरंगी गतिविधियां आयोजित हुईं, जिनमें 8 अगस्त को 'तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता' मुख्य आकर्षण रही।

छात्रों ने माईगव प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय तिरंगा क्विज में भाग लिया और संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया। दूसरे चरण (9-12 अगस्त) में 12 अगस्त को भव्य 'तिरंगा यात्रा'आयोजित की जाएगी और 'नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा' भी दिलाई जाएगी। तीसरे चरण (13-15 अगस्त) में 15 अगस्त को ध्वजारोहण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। प्रशासनिक भवन के बाहर विशेष 'सेल्फी प्वाइंट' लगाया गया है, जहां छात्र-छात्राएं और कर्मचारी तिरंगे के साथ अपनी तस्वीर लेकर [www.harghartiranga.com](http://www.harghartiranga.com) पर अपलोड कर सकते हैं। निदेशक प्रो. एचएन सूर्यवंशी ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं है; यह एक ऐसा आंदोलन है, जो हर नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ता है।

रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नंताटी ने कहा कि एनआईटी हमीरपुर के सभी लोग पूरे समर्पण के साथ इस अभियानमें भाग ले रहे हैं, ताकि एकता और गर्व की भावना को बढ़ावा मिल सके। छात्र कल्याण डीन प्रो. वाईडी शर्मा ने कहा कि ये गतिविधियां न केवल देशभक्ति की भावना जगा रही हैं, बल्कि टीमवर्क, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना को भी मजबूत कर रही हैं। मजबूत नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी के साथ, एनआईटी हमीरपुर एचजीटी 2025 को शानदार सफलता बनाने और पूरे समुदाय को तिरंगे के गौरव के तहत एकजुट करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अवैध खनन करते 5 वाहनों के काटे चालान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान जारी है। इस अभियान के तहत अवैध खनन के विरुद्ध पिछले 24 घंटों के दौरान कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों को जब्त करके चालान माननीय न्यायालय को प्रेषित किए गए हैं।

जिला पुलिस हमीरपुर आम जनता से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना, संबंधित थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी या अधोहस्ताक्षरी को दें ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रखी जा सके। जिला हमीरपुर पुलिस अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

**'आप' के सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन से उजागर हुई शिक्षा व्यवस्था की चिंताजनक तस्वीर**

## बजट का 25 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र को हो आवंटित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर



'आप' ने हमीरपुर जिले के उपायुक्त को सरकारी स्कूलों की दुर्दशा को लेकर ज्ञापन सौंपा।

आम आदमी पार्टी ने हिमाचल की बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। पार्टी द्वारा 1 से 7 अगस्त तक 'सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन' के तहत हिमाचल के सभी जिलों में सरकारी स्कूलों दौरा किया गया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सूचनाएं इस बात की पुष्टि करती हैं कि विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, भवन जर्जर स्थिति में हैं, मूलभूत सुविधाओं का अभाव है (शौचालय, पीने का पानी, बिजली आदि)। शिक्षण गुणवत्ता में निरंतर गिरावट देखी जा रही है।

यह स्थिति न केवल विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय बना रही है, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी बाधा उत्पन्न कर रही है। पार्टी ने मांग की है राज्य के कुल बजट का कम से कम 25 प्रतिशत भाग शिक्षा क्षेत्र को आवंटित किया जाए, ताकि अधोसंरचना, मानव संसाधन और डिजिटल शिक्षा में सुधार लाया जा सके। रिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षक नियुक्त किए जाएं। सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाई जाएं। शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सशक्त किया जाए, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के विद्यालयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। हम आशा करते हैं कि आप हमारी चिंता को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगे, ताकि हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त और प्रेरणास्पद राज्य के रूप में उभर सके।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी हमीरपुर के जिलाध्यक्ष धनी राम धीमान, विधानसभा प्रवक्ता खुशविंदर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर विंग डॉक्टर सुमित पुन्याल व कार्यकर्ता नवीन कुमार भी मौजूद थे।

## बड़सर भाजपा ने निकाली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान



बड़सर भाजपा मंडल ने स्वतंत्रता दिवस के आगमन से पूर्व तिरंगा यात्रा निकाली।

बड़सर। बड़सर भाजपा मंडल ने स्वतंत्रता दिवस के आगमन से पूर्व देशभक्ति, संगठनात्मक एकता और जनसंपर्क का भव्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा न केवल राष्ट्र प्रेम का प्रतीक बनी, बल्कि भाजपा के बूथ स्तर तक मजबूत संगठनात्मक ढांचे के संकल्प को भी पुनः स्थापित करने का अवसर बनी। इस यात्रा में भाजपा जिला महामंत्री अजय रिंटू विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं के जोश और समर्पण को सलाम किया।

यात्रा से पूर्व बड़सर में एक गरिमामयी संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा. की ताकत सिर्फ बड़े नेताओं में नहीं, बल्कि हर बूथ स्तर के कार्यकर्ता में है, जो दिन-रात निस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए काम करता है। अब समय है कि हम सभी युद्ध स्तर पर कार्य करें और बूथ को मजबूत करें, क्योंकि 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' यह हमारा सिद्ध मंत्र है। विधायक लखनपाल ने तिरंगे के महत्व को भी बताया और कहा कितिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है।

**विधायक लखनपाल ने किया बूथ स्तर पर संगठन सशक्तिकरण का आह्वान**

इसमें स्वतंत्रता संग्राम की कहानियां, शहीदों का लहू और देश की एकता का संदेश समाहित है। भाजपा का हर कार्यकर्ता तिरंगे की शान और देश की एकता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। तिरंगा यात्रा बड़सर के मुख्य मार्गों से गुजरी, जहां कार्यकर्ताओं का जोश और देशभक्ति के गीत गूंजते रहे। यात्रा का हर कदम भाजपा की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, मंडल महामंत्री दिनेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा और वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेम दत्वाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि संगठन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का संगम था, जो भाजपा के मजबूत बूथ और लोकतांत्रिक नींव को दर्शाता है।

## बड़ा में 14 तक व्यापारी सत्यापित करवा सकते हैं अपने माप तोल यंत्र

वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में माप तोल विभाग द्वारा चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जो कि हमीरपुर जिले के माप-तोल अधिकारी एनके ठाकुर की अध्यक्षता में शुरू की गई। इस दौरान एनके ठाकुर ने बताया कि कार्यशाला में विभाग द्वारा 14 अगस्त तक व्यापारियों के माप तोल यंत्र. सत्यापित किए जाएंगे।



अधिकारी ने यह भी बताया कि यदि क्षेत्र का कोई व्यापारी इस कार्यशाला में अपने माप तोल यंत्र सत्यापित नहीं करवाता है तो उसे विभाग के हमीरपुर स्थित कार्यालय आना. पड़ेगा। इस दौरान अधिकारी ने व्यापारियों को आदेश दिए कि वे किसी भी वस्तु को अंकित मूल्य से अधिक रेट पर न बेचें। मिठाई के व्यापारियों को चेतावनी दी है कि वे मिठाई को गत्ते के डिब्बे के साथ न तोलें, बरना शिकायत आने पर न केवल उनका चलान काटा जाएगा बल्कि उक्त व्यापारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

### भोरंज में नकली पुलिस अधिकारी बनकर फोन करने का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, भोरंज। पुलिस थाना भोरंज में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नकली पुलिस अधिकारी बनकर कॉल करने का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला शिकायतकर्ता रंजना कुमारी पत्नी सुमित कुमार, निवासी गांव जोल, डाकघर बड़ैहर, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर की शिकायत पर पंजीकृत हुआ है। शिकायत के अनुसार एक अज्ञात मोबाइल नंबर से रंजना कुमारी को फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को थाना भोरंज का पुलिसकर्मी बताते हुए धमकाया कि वह तुरंत थाने में हाजिर हो जाए, अन्यथा पुलिस घर से पकड़कर ले जाएगी। कॉल करने वाले ने दावा किया कि 'कल्याण बोर्ड' द्वारा उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता जब थाना भोरंज पहुंचीं, तो उन्हें पता चला कि पुलिस की ओर से इस प्रकार की कोई कॉल नहीं की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) प्रशांत ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है और कहा कि दोषी की पहचान कर जल्द कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तकनीकी विश्वविद्यालय : पहले चरण की काउंसिलिंग में एमबीए की 157 सीटें आवंटित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में सोमवार को एमबीए में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग हुई। हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं। एमबीए की काउंसिलिंग में 157 सीटें आवंटित कीं। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं, उन्हें 13 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। जो अभ्यर्थी तय तिथि में रिपोर्ट नहीं करेगा, वह सीट खाली मानी जाएगी।

### तिरंगा यात्रा : भारत माता की जय के उद्घोष से गूंजा सुजानपुर बाजार



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी तिरंगा यात्रा निकाल रही है। दो दिन तक यह तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसके चलते सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के सुजानपुर बाजार में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेंद्र राणा की अगवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा मंडल सुजानपुर की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुजानपुर पार्टी कार्यालय से शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा मुख्य बस स्टैंड मुख्य बाजार से होते हुए सुजानपुर विश्रामगृह में संपन्न हुई, जहां तमाम कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए लोगों को जागरूक किया। राजेंद्र राणा ने कहा कि 15 अगस्त के चलते पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी ने यह फैसला लिया है कि लगातार 2 दिन हर मंडल स्तर पर इसी तरह तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि रविवार को यह यात्रा टौणी देवी भाजपा मंडल के अंतर्गत प्रोफेसर विक्रम राणा की अगुवाई में निकाली गई थी। वहीं आज सोमवार को सुजानपुर शहर में भाजपा मंडल सुजानपुर के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष जसवंत ठाकुर की अध्यक्षता में निकाली गई। इस मौके पर पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राकेश को फिर सौंपी गुग्गा मंदिर लहड़ा विकास कमेटी की कमान

अनंत ज्ञान, गलोड़। गुग्गा मंदिर विकास कमेटी लहड़ा की विकास कमेटी की आमसभा गुग्गा मंदिर के कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में गुग्गा मंदिर से जुड़े हुए अधिकांश लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नई कार्यकारणी का भी गठन किया गया।



इसमें सर्व सहमति से आगामी 3 वर्षों के लिए राकेश कुमार शर्मा को प्रधान चुना। इसके अलावा सुरेश कुमार को उपप्रधान, बिशन दास सचिव, तिलकराज सहसचिव, अमरजीत शर्मा सदस्य, अश्वनी कुमार, देशराज, राजीव कुमार संदीप कुमार, देशराज, संजीव कुमार, ज्योति प्रकाश, रवि दत्त शर्मा, प्रकाश चंद, गरीबदास व ओम प्रकाश को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

**खुशी** मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिए निर्देश, लोगों में खुशी का माहौल

# नादौन शहर में अब रात 9 बजे तक खुला रहेगा शिकायत कक्ष

शशि सोनल, अनंत ज्ञान



नप नादौन के अध्यक्ष शम्मी सीएम सुक्खू के साथ।

नादौन। नादौन शहर में स्थित बिजली बोर्ड का शिकायत कक्ष अब शाम 5 बजे की बजाए रात 9 बजे तक खुला रहेगा, जिससे बिजली उपभोक्ताओं को काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में बिजली बोर्ड को निर्देश जारी किए हैं।

इसके लिए नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी सहित शहरवासियों ने यह जानकारी देते हुए नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश के बाद लोगों की बिजली से संबंधित शिकायतों का समाधान रात 9 बजे तक हुआ करेगा, जिससे उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि बिजली बोर्ड का शिकायत कक्ष का समय शाम 5 बजे तक ही था। इसके चलते शहर में पांच बजे के बाद शहर वासियों को बिजली संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था।

लोगों ने इस संदर्भ में नगर परिषद नादौन से आग्रह किया था कि बिजली बोर्ड के नादौन शहर के पतन बाजार में स्थित शिकायत कक्ष के बंद होने का समय बढ़ाया जाए ताकि शाम के समय जब बिजली संबंधी की खराबी आ जाती थी तो लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस मामले को ही खुला रहता था उसके बाद कर्मचारी उसे बंद करके चले जाते थे, जिससे शहर वासियों को बिजली की समस्याओं से संबंधित काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

लोगों की इस मांग व समस्या को नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बीते दिनों मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था जिसके चलते मुख्यमंत्री ने बोर्ड को इस संदर्भ में निर्देश जारी किए हैं। पुष्टि करते हुए एक्सईएन हिमेश धीमान ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए नादौन शहर में स्थित शिकायत कक्ष लोगों की सुविधा के लिए अब रात 9 बजे तक खुला रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जेपी नड्डा से की भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री के साथ राज्य के कल्याण और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। राज्यपाल ने राज्य में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं और विकास परियोजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात राज्य के हितों को लेकर विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रही।

### कुलदीप ने किशोर मकवाना से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, कुलदीप कुमार धीमान ने हाल ही में नई दिल्ली में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, किशोर मकवाना, से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान धीमान ने मकवाना को हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग की गतिविधियों और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों और क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। धीमान ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार समाज के कमजोर वर्गों, जैसे महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन और समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस भेंट में दोनों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और कुलदीप ने किशोर मकवाना को हिमाचल प्रदेश में एक बैठक के लिए आमंत्रित किया।

### बगलामुखी देवी ट्रस्ट ने राहत कोष में दिए 11 लाख



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मां बगलामुखी देवी ट्रस्ट बनखंडी, देहरा जिला कांगड़ा के अरुण गोस्वामी ने आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11 लाख का चेक भेंट किया। इसके अतिरिक्त अरुण गोस्वामी ने व्यक्तिगत रूप से भी 1 लाख का अंशदान दिया, जिससे कुल राशि 12 लाख हो गई। मुख्यमंत्री ने इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे दान जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समाज के समृद्ध वर्ग से भी इस कोष में योगदान देने की अपील की है।

### पांवटा साहिब-नाहन हाईवे पर तीन गाड़ियों में टक्कर

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** प्रदेश में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को पांवटा साहिब-नाहन हाईवे पर चंडीगढ़-देहरादून मार्ग के तिरुपति मेडिकेयर के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। इस हादसे में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, हालांकि गाड़ियों की हालत देखने लायक नहीं बची। सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और क्षतिग्रस्त गाड़ियों को सड़क किनारे हटाकर यातायात बहाल किया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।वहीं घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

# कामगार बोर्ड की योजनाओं के दुरुपयोग में करोड़ों का गड़बड़झाला

## जांच में अभी तक 1495 निकाले 'बोगस', हमीरपुर में 12 पर एफआईआर

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड में करोड़ों का गड़बड़झाला हुआ है। इसमें अपात्र लोगों की जांच जारी है और अभी तक तकरीबन 1495 बोगस पाए गए हैं इनमें हमीरपुर जिला में 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो गई है। अब कई अपात्रों ने बोर्ड कार्यालय में पहुंचकर पैसे को लौटाने का काम भी शुरू कर दिया है जो लाखों में है। यह सारा गड़बड़झाला जो जांच के दायरे में है, वह अप्रैल 2021 से अक्तूबर 2022 तक बांटे गए 171.61 करोड़ का है।

दो अपात्र लोगों ने लगभग 2 लाख की धनराशि लौटाई है। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2022 के दौरान मात्र कुछ महीनों में ही बोर्ड में बड़े पैमाने पर पंजीकृत किए गए श्रमिकों और कई अपात्र



अपात्र लोगों की सूची दिखाते बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर।

**500 करोड़ रुपए की देनदारी बनी मुसीबत**

लोगों को दिए गए वित्तीय लाभ के आंकड़े आश्चर्यजनक हैं। इनकी जांच में कई धांधलियों का खुलासा हो रहा है। इनमें दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ बोर्ड ने एफआईआर दर्ज करवाने का सिलसिला शुरू कर रखा है।

कंवर ने बताया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले ही 70 हजार श्रमिकों का पंजीकरण किया गया और अप्रैल 2021 से अक्तूबर 2022 तक लगभग 171.61 करोड़ के वित्तीय लाभ धड़ाधड़ बांट दिए गए, जिसमें जिला हमीरपुर के 52.42 करोड़ रुपए शामिल हैं। ये लाभ लेने वालों में कई साधन संपन्न लोग भी शामिल थे। नरदेव ने कहा कि सभी श्रमिकों की हिम परिवार पोर्टल के माध्यम से ई-केवाईसी करने का निर्णय लिया और इसमें अपात्र लोगों का पता चला है।

### रजिस्टर्ड लोगों में सरकारी कर्मचारियों और अफसरों की पत्नियां भी शामिल

**रजिस्टर्ड** लोगों में आईपीएच कर्मचारियों की पत्नी, टीचर्स की पत्नी, मर्चेंट नेवी अफसर की घरवाली और पूर्व सैनिकों की पत्नियां भी शामिल हैं। यह सब मेडिकल स्कैम, बच्चों की शिक्षा और मकान बनाने के फर्जीवाड़े में शामिल हुआ है। काबिलेगौर है कि पहली अप्रैल 2021 से लेकर 2022 तक योजनाओं के तहत 92.33 करोड़ 40696 रजिस्टर लोगों में बांटे गए जबकि अप्रैल 2022 से अक्तूबर 2022 तक 80 करोड़ बांटा गया। इसमें 32014 बेनिफिशियरी शामिल हुए।

### 10 साल की सजा का प्रावधान

**गलत** हथकंडे अपनाकर वित्तीय लाभ लेने वाले लोगों को दस साल तक की सजा हो सकती है। सभी जिलों के श्रमिक कल्याण अधिकारियों तथा मोटिवेटर्स को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ताकि पात्र लोगों को ही यह लाभ मिल सके।

## धर्मशाला की सुधेड़ पंचायत में व्यक्ति की हत्या, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो । धर्मशाला**

जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप सुधेड़ पंचायत के तरैला गांव में एक व्यक्ति की घर में हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय विनीत के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी बीर बहादुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौका पर जाकर जांच आरंभ की। वहीं फारेंसिक विशेषज्ञों को भी घटनास्थल पर बुलाया गया।

**घटना से पंचायत क्षेत्र में दहशत का माहौल**

पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस द्वारा हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। इस घटना से पंचायत क्षेत्र में दहशत का माहौल है। उधर, एसपी हितेष लखनपाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौका पर पहुंची थी। फारेंसिक और पुलिस द्वारा द्वारा साक्ष्य जुटाने के साथ घटना की जांच की जा रही है।

## रंजिश के चलते मारी गोली, व्यक्ति घायल

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत गत रात्रि करीब साढ़े 8 बजे विक्रम सिंह पुत्र जगदेव सिंह निवासी समाल तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा जब वह ट्रैक्टर से अपने घर की तरफ जा रहा था कि राजेश पुत्र कुलवंत निवासी समाल ने पुरानी रंजिश के चलते बंदूक से फायर कर दिया। जिसके चलते गोली उसके सिर पर जा लगी और वह घायल हो गया।

गनीमत यह रही कि जब गोली उसके सिर से छूकर गुजरी गई। आज सुबह उसका मैडिकल इंदौरा के सिविल अस्पताल में करवाया गया। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जिसकी तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। शुरुआती जांच में पाया गया है कि यह आरोपी एक सैनिक है।

## किडनैप्ड बच्चों की बरामदगी में रौनक की भूमिका, शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बिशप कॉटन स्कूल से अपहृत हुए बच्चों को पुलिस द्वारा सुरक्षित बरामद किए जाने के बाद शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोमवार को आईजीएमसी शिमला में बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना और उनके सुरक्षित लौटने पर राहत व्यक्त की।

मंत्री ने सचिवालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कोटखाई के रौनक शर्मा को सम्मानित किया। रौनक ने अपने अदम्य साहस और समझदारी का परिचय देते हुए पुलिस की मदद से बच्चों को सुरक्षित ढूंढ निकाला था। शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रौनक शर्मा का यह कदम न केवल एक ऐतिहासिक उदाहरण है, बल्कि यह दर्शाता है कि एक जागरूक और साहसी



नागरिक समाज की सबसे बड़ी ताकत होता है।'

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रौनक शर्मा को उनके साहसिक कार्य के लिए हिमाचली टोपी, शॉल और 21,000 की नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया। यह घटना समाज में नागरिक कर्तव्य और मानवीय संवेदनाओं के महत्व को रेखांकित करती है, जिससे यह संदेश जाता है कि सामूहिक प्रयासों से ही समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाया जा सकता है।

## हिमाचल के हवाई संपर्क का मुद्दा संसद में गूंजा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल प्रदेश के हवाई संपर्क का मामला उठाया। उन्होंने नागर विमानन मंत्री से पूछा कि क्या कम दृश्यता में उड़ानों के लिए विशेष विजुअल फ्लाइट रूल्स को लागू करने का कोई प्रस्ताव है और क्या शिमला हवाई अड्डे पर एक और एप्रन बनाने की योजना है। उन्होंने 'उड़ान' योजना के तहत नए हेलीपोर्ट्स को मंजूरी देने के कदमों के बारे में भी पूछा। जवाब में, केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में तीन हवाई अड्डे कांगड़ा, कुल्लू-मनाली और शिमला) चालू हैं।

**डॉ. सिकंदर कुमार ने उठाए सवाल**

उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष वीएफआर के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला है, हालांकि कुल्लू-मनाली में इसके लिए सुविधाएं स्थापित की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शिमला हवाई अड्डे पर एक अतिरिक्त एप्रन की संभावना तलाशी जा रही है। मोहोल ने कहा कि 'उड़ान' योजना के तहत, हिमाचल में 32 मार्ग पहले से ही काम कर रहे हैं। सरकार ने हाल ही में संशोधित उड़ान योजना की घोषणा की है, जिसका लक्ष्य अगले 10 सालों में देश भर में 120 नए गंतव्यों तक हवाई संपर्क बढ़ाना है।

## सीएम सुक्खू फिर दिल्ली तलब, नए कांग्रेस अध्यक्ष का होगा फैसला

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को कांग्रेस आलाकमान ने एक बार फिर दिल्ली बुलाया है। यह बुलावा उस समय आया, जब सीएम चमियाणा स्थित एम्स में एक रोबोटिक सर्जरी का उद्घाटन कर रहे थे। हालांकि, खराब मौसम के कारण उनकी दिल्ली यात्रा सोमवार को संभव नहीं हो सकी, लेकिन माना जा रहा है कि वह अगले एक या दो दिनों में दिल्ली जा सकते हैं।



पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष के चयन के लिए बुलाई गई है। मौजूदा अध्यक्ष, प्रतिभा सिंह का कार्यकाल तीन साल से अधिक हो चुका है। इसके अलावा, राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर की कार्यकारिणी पिछले 9 महीनों से भंग है, जिसके कारण जमीनी स्तर पर पार्टी की गतिविधियां रुकी हुई हैं। नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए पांच प्रमुख नामों पर चर्चा चल रही है, जिनमें से तीन दावेदार सबसे आगे माने जा रहे हैं।

**संगठन के बिना 9 माह से अटकी पार्टी**

सीएम सुक्खू के बेहद करीबी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अध्यक्ष पद की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। कांगड़ा जिले से आने वाले आशीष बुटेल को भी मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

अनुसूचित जाति कोटे से चार बार के विधायक विनय कुमार एक प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। उनका नाम भी अध्यक्ष पद की दौड़ में मजबूती से शामिल है। माना जा रहा है कि सीएम सुक्खू के दिल्ली दौरे के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नए संगठन को लेकर जल्द ही कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है।

## केंद्र सरकार ने लोकतंत्र को किया कमजोर : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**कहा-केंद्र सरकार सच से डर रही है, कांग्रेस का शांतिपूर्ण मार्च रोका**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की परंपराओं को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों और चुनावी धांधलियों के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य नेताओं द्वारा निकाले गए शांतिपूर्ण मार्च को पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान, पुलिस ने इन सभी नेताओं को हिरासत में ले लिया, जिसे मुकेश अग्निहोत्री ने लोकतंत्र के लिए एक 'काला दिन' बताया।

अग्निहोत्री ने शिमला से जारी बयान में कहा कि राहुल गांधी ने देश के सामने वोटर लिस्ट में कई खामियों को उजागर किया है, जिनमें नामों का गलत तरीके से दर्ज होना भी शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन खामियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है। इसके बावजूद, केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है, जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई दिखाती है कि सरकार सच से भाग रही है।

### लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा

उप-मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सच की लड़ाई को कोई भी ताकत रोक नहीं सकती और भारत की आवाज को खामोश नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी वोटर लिस्ट, सत्ता का दुरुपयोग और विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास यह साबित करते हैं कि केंद्र सरकार पारदर्शिता से बच रही है।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल खुलेआम हो रहे अपराध : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राजधानी शिमला से तीन छात्रों के अपहरण की घटना पर सरकार की पुलिसिंग और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के त्यौहार के दिन शहर के पॉश इलाके से तीन छात्रों का अपहरण होना और अपहरणकर्ता का 50 किलोमीटर दूर तक आसानी से पहुंच जाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है और अराजक तत्व खुलेआम अपराध कर रहे हैं।



जयराम ठाकुर ने इस बात पर संतोष जताया कि तीनों छात्र सकुशल बरामद हो गए हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों और आम लोगों का धन्यवाद किया, जिन्होंने छात्रों को खोजने में मदद की। हालांकि, उन्होंने सरकार से मांग की कि वह बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम करे और अपराधियों पर लगाम लगाए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि शिमला जैसे सुरक्षित माने जाने वाले शहर से तीन बच्चों का अपहरण होना आम घटना नहीं है। यह घटना प्रदेश भर में दहशत का माहौल पैदा कर रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों के मन में विश्वास बहाल करे और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए।

## एलाइड साइंस के लिए अलग कॉलेज की व्यवस्था करेगी सरकार : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार एलाइड साइंस के लिए अलग कॉलेज की व्यवस्था करने पर विचार कर रही है और इस मामले को कैबिनेट में लाएगी। उन्होंने यह बात इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और टांडा मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा आयोजित 'इन्फ्यूजन 2025' कार्यक्रम में कही। डॉ. शांडिल ने कहा कि इस कदम से प्रदेश के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा।



डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल इन्फ्यूजन कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए।

उन्होंने यह भी बताया कि आईजीएमसी शिमला में बीएससी मेडिकल लैब तकनीशियन, रेडियोलॉजी, इमेजिंग, एनेस्थीसिया और ओटी तकनीक जैसे पाठ्यक्रमों में सीटें 10 से बढ़ाकर 50 कर दी गई हैं, जबकि डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में भी इन सीटों को 18 से 50 किया गया है।

यह निर्णय प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और आधुनिक उपकरणों के संचालन के लिए प्रशिक्षित श्रम शक्ति की कमी को दूर करेगा।

## युग हत्याकांड: सजा पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बहुचर्चित युग हत्याकांड के दोषियों को सुनाई गई फांसी की सजा के पुष्टिकरण और उनकी अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।



यह मामला सत्र न्यायाधीश शिमला की ओर से रेफरेंस के तौर पर और दोषियों की अपील के रूप में हाईकोर्ट के समक्ष रखा गया था। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश राकेश कैंथला की विशेष खंडपीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया है। बता दें कि 14 जून, 2014 को फिरौती के लिए चार साल के युग का अपहरण हुआ था, जिसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिमला की अदालत ने इस अपराध को दुर्लभतम श्रेणी का मानते हुए चंद्र शर्मा, तेजिंद्र पाल और विक्रांत बख्शी को फांसी की सजा सुनाई थी।

## खिलाड़ियों के हित में खेल विधेयक के प्रति विपक्ष का रवैया उदासीन : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ने संसद में विपक्ष के हंगामे के कारण राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक, 2025 के पारित होने में आ रही रुकावट पर कहा कि यह खेल विधेयक युवाओं व खिलाड़ियों के हित में है मगर खेल विधेयक के प्रति विपक्ष का रवैया उदासीन है। साथ ही अनुराग ने कहा कि विपक्ष द्वारा हंगामा कर सदन की कार्यवाई बाधित कर संसद का अमूल्य समय बर्बाद करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

अनुराग ने कहा संसद का समय अमूल्य होता है व इसका उपयोग लोकहित में हो यह सत्ता पक्ष व विपक्ष की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। दुर्भाग्य से विपक्ष संसद के इस मानसून सत्र को जनहित की बजाय अपनी ओछी राजनीति चमकाने के लिए इस्तेमाल कर रहा है और आए दिन सदन में हंगामा कर सत्र को बाधित करने का दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य कर रहा है। विपक्ष करदाताओं का भी अपमान कर रहा है।

### कहा-विपक्ष महत्वपूर्ण बिलों पर करे चर्चा

**अनुराग** ने कहा 'इनकम टैक्स बिल पर 2 दिन का समय लोकसभा, 2 दिन का समय राज्यसभा में दिया गया लेकिन विपक्ष उस पर चर्चा नहीं कर रहा रहा। इसी तरह राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक, 2025 जोकि हमारे युवाओं व खिलाड़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है उसे लेकर भी विपक्ष का उदासीन रवैया देखने को मिल रहा है। आखिर क्यों कांग्रेस व विपक्षी पार्टियां हमारे खिलाड़ियों का भला नहीं चाहती है। विपक्ष अपनी जिम्मेदारी समझे, महत्वपूर्ण बिलों चर्चा करे और अगर उसमें कोई संशोधन है तो उसे बताए, लेकिन देशहित में चर्चा से भागने की बजाय चर्चा में हिस्सा जरूर ले।



## सुरक्षा

### व्हाट्सएप पर अब होगी अभेद्य सुरक्षा, पासवर्ड और ओटीपी को कहें अलविदा

# फिंगरप्रिंट और फेस ही होगा सुरक्षा कवच

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** आज के डिजिटल युग में, व्हाट्सएप अकाउंट को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। साइबर अपराधी सिम स्वैप फ्रॉड और फिशिंग जैसी तकनीकों के माध्यम से लोगों के खातों को निशाना बनाते हैं। इसी खतरे को देखते हुए, व्हाट्सएप ने एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पासकी नामक एक नई सुरक्षा प्रणाली की शुरुआत की है। यह नई सुविधा पासवर्ड और ओटीपी पर आपकी निर्भरता को समाप्त करके आपके अकाउंट को अभेद्य सुरक्षा प्रदान करती है।

जानकारी के अनुसार पासकी एक उन्नत लॉगिन विधि है जो पुराने तरीकों की जगह लेती है। यह आपके फोन के बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन जैसे कि फिंगरप्रिंट या चेहरे की पहचान का उपयोग करके आपकी पहचान को सत्यापित करती है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि हैकर्स के लिए इसे दूर बैठे चुराना या हैक करना लगभग असंभव है। पासकी आपके डिवाइस पर सुरक्षित रूप से संग्रहित होती है और क्लाउड जैसे गूगल या आईक्लाउड के साथ सिंक्रनाइज हो जाती है, जिससे यह विभिन्न डिवाइसों पर भी सुरक्षित रूप से काम करती है।

### नई तकनीक बेहद उम्दा और सुरक्षित : मोहित

**नई** तकनीक की शुरुआत पर हिमाचल प्रदेश साइबर सेल के डीआईजी मोहित चावला ने लोगों को आश्वस्त किया है कि ये तकनीक बेहद सुरक्षित और उम्दा है। जनता से घबराने के बजाय सतर्क रहने का आग्रह किया है। सावधानी ही सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराधी अक्सर लालच या इस्तेमाल करके लोगों को फंसाते हैं।



### पासकी एक्टिवेट करने की आसान प्रक्रिया

**पासकी** को सक्रिय करना बहुत ही आसान है। सबसे पहले, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आपका व्हाट्सएप नवीनतम संस्करण पर अपडेटेड हो। इसके लिए आप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर पर जाकर व्हाट्सएप को अपडेट कर सकते हैं। अपडेट करने के बाद, आपको व्हाट्सएप सेटिंग्स में जाना होगा। वहां अकाउंट सेक्शन में पासकी का विकल्प मिलेगा। इस पर टैप करके आप अपनी पासकी बना सकते हैं। प्रक्रिया के दौरान, ऐप आपसे आपके फोन के बायोमेट्रिक लॉक का उपयोग करके पुष्टि करने के लिए कहेगा। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, अकाउंट पूरी तरह से सुरक्षित हो जाएगा और लॉग इन करने के लिए किसी भी एसएमएस कोड का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### अधिकतम सुरक्षा के लिए अन्य उपाय

**पासकी** के साथ-साथ, व्हाट्सएप आपकी सुरक्षा को और भी मजबूत बनाने के लिए कुछ अतिरिक्त उपायों की सलाह देता है। इनमें टू-स्टेप वेरिफिकेशन को सक्रिय रखना, अपने फोन में हमेशा बायोमेट्रिक लॉक का उपयोग करना और समय-समय पर लिंक्ड डिवाइसेस की जांच करके किसी भी अनजान सेशन को लॉगआउट करना शामिल है। इन सभी उपायों को अपनाकर आप अपने डिजिटल जीवन को अधिक सुरक्षित बना सकते हैं।

## हिमुडा कॉलोनियों में निर्णायक लड़ाई का बिगुल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नगर निगम शिमला की हिमुडा कॉलोनियों के निवासियों ने अपने हितों की रक्षा के लिए अब निर्णायक लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। न्यू शिमला में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों ने मिलकर संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया है।

इस समिति की अध्यक्षता इंजीनियर स्वराज बी. ललित करेंगे, जबकि अन्य प्रमुख पदों पर डॉ. ओपी शर्मा, बीआर सेठी और इंजीनियर एसएन कपूर जैसे अनुभवी लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को नजरअंदाज किया, तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। यह कदम 50,000 से अधिक परिवारों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। निवासियों का यह आक्रोश मुख्य रूप से शहरी विकास विभाग द्वारा 23 जुलाई, 2025 को जारी किए गए एक आदेश के कारण है।



# सत्य और धर्म की रक्षा के लिए धरा पर आए श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष (16 अगस्त)





**द्वापर** युग में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा राज्य के एक कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। उस समय राजा उग्रसेन के पुत्र कंस ने पिता को कारागार में डालकर राज्य पर अधिकार कर लिया था। कंस की एक छोटी बहन देवकी थी, जिसका विवाह यदुवंशी वसुदेव से हुआ, जब विवाह संपन्न हुआ और कंस अपनी बहन को ससुराल पहुंचाने के लिए चला, तो आकाशवाणी हुई कि देवकी के गर्भ से आठवां बालक तेरा वध करेगा। यह सुनकर कंस वसुदेव को मारने लगा, लेकिन देवकी ने उससे कहा कि मेरे गर्भ से जो संतान होगी उसे मैं तुम्हे सौंप दूंगी। कंस ने देवकी की बात मान ली और वसुदेव और देवकी को कारागार में डाल दिया। वसुदेव देवकी के एक-एक करके सात पुत्र हुए और सातों को जन्म लेते ही कंस ने मार डाला। जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म का समय आया तो यशोदा के गर्भ से भी एक कन्या का जन्म हुआ। भगवान की माया से प्रभावित होकर वसुदेव ने श्रीकृष्ण भगवान का जन्म होते ही उन्हें सूप में डालकर यमुना पार कर नंद गांव पहुंचा दिया और वहां से उस कन्या को लाकर कारागार में रख दिया। सुबह कंस को जैसे ही पता चला कि देवकी के आठवीं संतान हुई है, तो उसने उस कन्या को मारने का प्रयास किया, लेकिन वह हाथ से छूट कर आकाश से कंस को चेतावनी देते हुए कहने लगी कि हे मूर्ख तुझे जन्म लेने वाला कहीं और पैदा हो चुका है। ऐसा कहते ही वह अंतर्ध्यान हो गई।





## माखन चोर की लीला गोपियों के साथ बाल-क्रीड़ा

**नंदगांव** में भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं आरंभ हो गई। श्रीकृष्ण कभी गोपियों के घर माखन चुराते तो कभी उनकी मटकियां फोड़ डालते। इस दौरान कंस को संदेह हुआ कि श्रीकृष्ण गोकुल के नंदगांव में है, तो उसने बारी बारी से कई असुरों, राक्षसों और तांत्रिकों को मारने के लिए भेजा, लेकिन श्रीकृष्ण से कई लीलाएं करके उन्हें खेल खेल में ही मार डाला।



## गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठिका पर उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा

**गोकुल** में जब वर्षा नहीं हुई तो श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा करवाई, जिससे इंद्र क्रुद्ध हो गया और गोकुल को डुबोने के लिए जल बरसाना आरंभ किया। इस पर श्रीकृष्ण ले गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठिका पर उठा कर सभी गोकुलवासियों की रक्षा की। देवराज इंद्र सात दिन तक लगातार जल बरसाते रहे, लेकिन गोवर्धन पर्वत को आंच भी नहीं आई। अंततः सब जल समाप्त होने पर देवराज इंद्र श्रीकृष्ण की शरण में पहुंचे और



क्षमा याचना की। श्रीकृष्ण ने उन्हें क्षमा करते हुए निष्पक्ष कर्तव्य पालन का आदेश दिया।

## पूतना वध, कालिया नाग मर्दन व मुरली की मधुर तान

**एक** समय कंस ने पूतना को नंदगांव भेजा। उसने सुंदर स्त्री का रूप धारण करके श्रीकृष्ण भगवान को विषपान करवाया तो श्रीकृष्ण ने उसे इस प्रकार से पकड़ा कि उसकी मृत्यु हो गई। श्रीकृष्ण ने एक समय गेंद खेलते हुए यमुना में उतरकर कालिया नाग का मर्दन कर और उसके फनों ऊपर नृत्य कर सबको चौंका दिया। श्रीकृष्ण ग्वालों के साथ गउओं को चराते हुए मंत्रमुग्ध करने वाली बंसी बजाते।

## कंस का वधः ऋषि मुनियों को भय मुक्ति

**श्रीकृष्ण** लीला के दौरान जब श्रीकृष्ण गोपियों के साथ रास रचाने लगे तो भगवान शिव ने गोपी का रूप धरकर रास के प्रेम का परमानंद लिया। तत्पश्चात भगवान शिव गोपेश्वर महादेव के रूप वृंदावन में पूजे जाने लगे। उधर, दूसरी तरफ कंस का अत्याचार इतना बढ़ गया कि हर तरफ त्राहि-त्राहि हो गई। कुछ समय पश्चात कंस ने दरबार में एक समारोह रखा, जिसमें श्रीकृष्ण को भी बुलाया गया। वहां श्रीकृष्ण ने बड़े-बड़े पहलवानों से युद्ध कर उन्हें मृत्युदंड दिया। अंततः कंस को भी मार डाला और साधु संतों, ऋषि मुनियों को भय मुक्त किया।





## श्रीकृष्ण ने बचाई द्रौपदी की लाज

**दूसरी** तरफ कौरव और पांडवों के बीच कटुता बढ़ती ही जा रही थी। नित्य नए षड्यंत्र कौरवों द्वारा पांडवों के खिलाफ रचे जा रहे थे। एक समय जुआ खेलते-खेलते दुर्योधन ने द्रौपदी का बहुत अपमान किया और दुशासन को राजसभा में द्रौपदी को निर्वस्त्र करने का आदेश दिया, लेकिन द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा और श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज बचाई।

## श्रीकृष्ण की मित्रता करुणा और धर्म का अद्भुत उदाहरण



**भगवान** श्रीकृष्ण कुछ समय पश्चात मथुरा में राज्य करने लगे, इस बीच जरासंध ने 17 बार मथुरा पर आक्रमण किया। एक बार यमन के म्लेच्छ राजा कालयवन ने भी मथुरा पर आक्रमण किया, लेकिन उसे भी मृत्यु प्राप्त हुई। इस पर श्रीकृष्ण ने मथुरावासियों की परेशानियों को देखते हुए उन्हें योग माया से द्वारका नगरी बसाई और वहीं रातों रात सभी पहुंचा दिया। अब श्रीकृष्ण वहीं राज्य करने लगे, इसी बीच एक दिन श्रीकृष्ण के प्रिय मित्र फटे पुराने कपड़े पहन कर सुदामा वहां पहुंचे, तो द्वारपालों ने उन्हें भगा दिया। भगवान श्रीकृष्ण को इस बात की जानकारी मिली तो वह नंगे पांव ही अपने मित्र को ढूंढने के लिए निकल पड़े और अंततः राजमहल में लाए, जहां सुदामा के पांव श्रीकृष्ण के अश्रुओं से धुल गए। अच्छी तरह आदर सत्कार कर उन्हें विदा किया, जब सुदामा अपने घर पहुंचे तो वहां टूटी-फूटी झोपड़ी की जगह बड़े-बड़े महल बन चुके थे।

## कुरुक्षेत्र का महासंग्राम और श्रीमद्भागत गीता का दिव्य उपदेश

**तत्पश्चात** कौरव पांडव युद्ध की दहलीज पर खड़े हो गए। कौरवों ने पांडवों का राज्य भी छीन लिया। भगवान श्रीकृष्ण संधि प्रस्ताव लेकर के कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने अहंकारवश भगवान श्रीकृष्ण को बंदी बनाने का आदेश दे दिया। इसी बीच युद्ध की घोषणा हो गई। युद्ध से पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने देखा कि अर्जुन युद्ध करने से कतराने लगे हैं, तो उन्होंने अर्जुन को 18 अध्याय में 700 श्लोक में श्रीमद्भागवत गीता का उपदेश दिया। उपदेश पाकर अर्जुन का मोह भंग हुआ और धनुष बाण उठा कर युद्ध का उद्घोष किया। इसी बीच महाभारत का महाभीषण युद्ध आरंभ हुआ और कौरव पांडवों में भीषण संहार शुरू हुआ, जिसमें पूरा विश्व धर्म अधर्म के बीच हो रहे युद्ध में कूद पड़ा। युद्ध में पांडवों की विजय हुई और अंततः कौरवों की हार हुई। धर्म की स्थापना के साथ ही श्रीकृष्ण ने मानव के कल्याण के लिए सब वेदों का सार श्रीमद्भागवत गीता प्रदान की।



प्रस्तुतिः अनिल शर्मा
नौबाही, मंडी


# पीर साईं जमाल शाह


## चंबा की पवित्र धरती पर मानवता और बलिदान की मिसाल

**चंबा** की पवित्र धरती पीरों फकीरों से भरी पड़ी है। जहां-जहां रवि नदी जाती है, वहां-वहां पीर और फकीरों का भी डेरा लगा रहता है। इन्हीं में से एक महान फकीर हुए बाबा सैयद साईं जमाल शाह। पीर बाबा साईं जमाल शाह ने लगभग वर्ष 1833 में चंबा में फैली भयंकर बीमारी से निजात पाने के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी और जिंदा दफन हो गए। राजपुरा गांव में जिनकी पवित्र मजार आज भी हिंदू-मुस्लिम एकता और खिदमत -ए खलक की एक जीती जागती तस्वीर है। मनचाही मुरादें पूरी होती हैं और बेबसों की झोलियां भर्ती हैं। चंबा शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूर तीसा, भांदल-किहार रोड़ के साथ सटे राजपुरा गांव में स्थित पीर बाबा साईं जमाल शाह की पवित्र मजार है, जहां चंबा के अलावा प्रदेश व अन्य राज्यों से श्रद्धालु पीर बाबा की दरगाह पर माथा टेकने आते हैं। वैसे तो हर रोज श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, परंतु हर वीरवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। कहते हैं कि पीर बाबा साईं जमाल शाह रामपुर के हासनी-हुसैन खानदान में पैदा हुए, उनके माता-पिता ने उनका नाम जमाल रखा। जमाल ने बचपन में उर्दू, फारसी अरबी, हिंदी आदि भाषाओं में महारत हासिल करके मौलाना बनाकर खूब प्रसिद्धि हासिल की। आखिरकार जियारत व मुरशद-ए-कामिल की तलाश में दरवेशी (फकीरी) धारण कर अजमेर में ख्वाजा मुइनुदीन चिश्ती की दरगाह में बसर किया और फिर पहाड़ी इलाकों की सैर करते हुए जम्मू कश्मीर के कस्बा किश्तवाड़ में पहुंच हजरात-ए-शाह फरीन उलदीन व असरार उलदीन, की मजारों में बसर किया और कुछ समय उपरांत पधरी जोत से होते हुए चंबा के इलाका भादल-किहार से होते हुए राजपुरा गांव में डेरा रमाया। साईं जमाल शाह बहुत ही पहुंचे हुए फकीर थे तथा अत्यंत चमत्कारी भी थे। इनकी शरण में जाने से बाझ औरतों को औलाद होने लगी, बाझ गाय दूध देने लगी। वे धुनी की राख से लोगों को स्वस्थ करने लगे। असहाय गरीबों को मदद करने लगे। इस प्रकार पीर बाबा की ख्याति दूर-दूर तक फैलने लगी। कहते हैं कि इसी दौरान लगभग वर्ष 1833 ईस्वी में चंबा मैं अचानक महामारी फैली। शहर अचानक खाली होने लगा सारी प्रजा परेशान होने लगी। उस समय राजा चडत सिंह छोटे थे, इसलिए उनकी मां राजमाता शारदा राज पाठ का काम देखी थी। वह बहुत घबराई। अतः महामारी से निजात पाने के लिए पीर बाबा से मिलने की बात सोची। जब राजमाता अपने महल से राजा चढ़त सिंह और एहलकारो के साथ निकली, तो उधर पीर बाबा ने अपने पास बैठे भक्तों को बताया कि आप सब यहां से चले जाओ, क्योंकि यहां चंबा की राजमाता आ रही हैं। राजमाता ने पीर बाबा जमाल शाह को हीरे जवाहरात का भरा थाल भेंट किया तो पीर बाबा ने लेने से इंकार कर दिया। उन्होंने अपना मसल्ला (बैसक) उठाया तो उसके नीचे हीरे जवाहरात का दरिया बह रहा था। राजमाता ने पीर बाबा के चरणों में शीश नवाया। पीर बाबा ने माता को कहा कि उन्हें मालूम है कि वे यहां क्यों आई है। उन्होंने बताया कि बीमारी तो बड़ी ही भयंकर है, यह किसी बड़े आदमी की बलि चाहाती है, तो राजमाता ने बताया कि वह स्वयं बलि देने को तैयार हूं। मैं प्रजा का दुख नहीं देख सकती। पीर बाबा ने कहा कि राजमाता की कुर्बानी उनके नाबालिक बेटे के लिए मुश्किलें पैदा करेगी, इसलिए आपकी बलि देना ठीक नहीं। पीर बाबा ने अपनी बलि देना तय किया और राजमाता से एक वचन मांगा की बलि के पश्चात उनकी मजार पर हर वर्ष राजमाता को भंडारा देना होगा। राजमाता ने पीर बाबा की शर्त को मान लिया। पीर बाबा ने रानी को दूसरे दिन आने को कहा। राजमाता वापस महल लौटी। दूसरे दिन राजमाता राजा चढ़त सिंह के साथ सारे नगर वासी और एहलकरान सहित पीर बाबा साईं जमाल शाह के पास राजपुरा गांव पहुंचे और पीर बाबा साईं जमाल शाह जिस स्थान पर बैठे थे उन्होंने वहीं पर जान की कुर्बानी दी और कहते हैं जिंदा दफन होने उपरांत कई लोगों को पीर बाबा कई स्थानों पर दिखाई दिए। कहते हैं इसके उपरांत चंबा में वैसी भयानक बीमारी नहीं फैली। आज भी इस पवित्र मजारे-शरीफ पर हर खास आम सब की मुरादे पूरी होती हैं और बेबसों की झोली भरती रहती है।



चंचल कुमार सरोलवी
वरिष्ठ साहित्यकार
सरोल, चंबा





## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई नूरपुर में कैंपस इंटरव्यू कल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** आईटीआई नूरपुर में 13 अगस्त को प्रतिष्ठित कंपनी डेन्सो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड मानेसर की ओर से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर संजीव सहोत्रा ने बताया कि यह साक्षात्कार 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए है, जिन्होंने वर्ष 2024 या 2025 में अपनी आईटीआई शिक्षा पूरी की हो। चयनित युवाओं को तीन वर्षीय बी.वोक (बैचलर ऑफ वोकेशनल स्टडीज) की डिग्री भी कंपनी द्वारा प्रदान की जाएगी। साक्षात्कार में पहले लिखित परीक्षा और फिर पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेज, 3 पासपोर्ट साइज फोटो व एक वैध सरकारी आईडी (आधार कार्ड) सहित सुबह 10 बजे से पहले आईटीआई नूरपुर में उपस्थित हों।

### राज्यस्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां तेज

**भूषण, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर उपमंडल मुख्यालय में आयोजित होने वाले श्री बृजराज स्वामी महाराज के राज्यस्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) नूरपुर अरुण शर्मा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ कृषि मंत्री चंद्र कुमार चौधरी करेंगे और समापन फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया करेंगे। आयोजन स्थल पर मंच सज्जा, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। स्थानीय कलाकारों के अलावा प्रसिद्ध भजन गायक भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे।

### धर्मशाला कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के वाणिज्य एवं बीबीए विभाग द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कम ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एनएन शर्मा (पूर्व प्रो-वाइस चांसलर, साईं विश्वविद्यालय) ने विद्यार्थियों को उडी (अनुशासन, गरिमा, मर्यादा) और उवी (जीवंतता, व्यवहारिता, दर्शनीयता) जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य केवल शिक्षण नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदेश गिल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अनुशासनात्मक व्यवस्था से परिचित कराना है। कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### दृढ़ गांव में जयकारों के साथ शिवलिंग स्थापित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** तहसील धुरल के तहत दृढ़ गांववासियों ने सोमवार को दृढ़ चौक पर स्थित मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की। शिवलिंग स्थापना पूरे गांव वासियों के सहयोग से भोले के जयकारों व भजन-कीर्तन के साथ की गई। मंदिर में पहले ही हनुमान व शनिदेव की मूर्तियां स्थापित हैं। गांववासियों को शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। अंत में सबको प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर प्रकाश चंद, वीर सिंह, मुख्तार सिंह, कमल सिंह राणा कुशल सिंह आदि उपस्थित रहे।



### बीकॉम प्रथम वर्ष की मेरिट में छाई अंशिका



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर की छात्रा अंशिका पुत्री जगदीश चंद ने स्नातक प्रथम वर्ष (वाणिज्य संकाय) में प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद ने अंशिका की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

### ट्रैनी पॉलिसी के खिलाफ राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश सरकार की जॉब ट्रैनी पॉलिसी के खिलाफ पूर्व विधायक संजय चौधरी ने विरोध जताते हुए राज्यपाल को एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत चयनित उम्मीदवारों को दो वर्षों तक केवल जॉब ट्रैनी माना जाएगा, उन्हें न तो नियमित वेतन, न ही पेंशन, भत्ता और अवकाश जैसे लाभ मिलेंगे। संजय चौधरी ने इस नीति को युवाओं के साथ अन्याय और सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता की कमी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नीति अपने चहेतों को पीछे के दरवाजे से भर्ती करने का माध्यम बन सकती है। पूर्व विधायक ने राज्यपाल से इस पर हस्तक्षेप कर सरकार को पुनर्विचार के लिए निर्देश देने और नियमित नियुक्ति की नीति अपनाने की मांग की।

### थुरल भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**भूषण, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के मस्सल में भाजपा मंडल थुरल की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसकी अध्यक्षता मंडलाध्यक्ष विकास धीमान ने की। विधायक विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक और स्थानीय लोग शामिल हुए।

### भारत माता के जयकारों से गूंजा देहरा बाजार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर देहरा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान पूरा देहरा बाजार भारत माता के जयकारों से गूंज उठा।

# बड़ा भंगाल में 4जी नेटवर्क के लिए कसरत तेज


## बीएसएनएल ने अब भेजा स्पेशल प्रपोजल; मुख्यालय ही लेगा आगामी निर्णय, ज्वॉइंट टीम कर चुकी है सर्वे

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल को 4जी सेवाओं से जोड़ने की बीएसएनएल की कवायद सिरे चढ़ती नजर नहीं आ रही है।

ऐसे में निगम की ओर से बड़ा भंगाल में 4जी टावर स्थापना के लिए स्पेशल प्रपोजल तैयार कर मुख्यालय को भेजी है, जिस पर अभी निर्णय होना बाकी है। बीएसएनएल धर्मशाला की टीम की ओर से बड़ा भंगाल का व्यापक सर्वे किया जा चुका है, जिसकी रिपोर्ट भी मुख्यालय को भेज दी गई है। 4जी टॉवर की सामग्री बड़ा भंगाल कैसे पहुंचाई जाए, यह बीएसएनएल के लिए चुनौती बना हुआ है, क्योंकि बड़ा भंगाल के लिए वाहन मार्ग नहीं है।

हालांकि, बीएसएनएल टावर सामग्री बड़ा भंगाल पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं को तलाश चुका है, लेकिन कोई रास्ता न मिलने के चलते अब मुख्यालय को स्पेशल प्रपोजल भेजी गई है। बड़ा भंगाल में 4जी टॉवर स्थापना के लिए विस्तृत सर्वे करके रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जा चुकी है।




दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल की फाइल फोटो।

### कैटेगरी-4 के 368 टॉवर स्थापित

**कांगड़ा** और चंबा जिले में कैटेगरी-4 तक के लिए 406 टॉवर लगाए जा रहे हैं, जिनमें से 368 टावर स्थापित करके उन्हें चालू कर दिया गया है। कांगड़ा जिले में 247, जबकि चंबा जिले में 121 टॉवर लग चुके हैं।



**बड़ा** भंगाल में 4जी टावर के लिए सामग्री पहुंचाना चुनौतिपूर्ण है। क्षेत्र का ज्वॉइंट टीम द्वारा विस्तृत सर्वे किया जा चुका है। एक स्पेशल प्रपोजल तैयार करके मुख्यालय को भेजा गया है, जिस पर निर्णय नहीं हो पाया है और प्रपोजल प्रोसेस में है।

**-विपिन कुमार मौर्या, वरिष्ठ महाप्रबंधक, बीएसएनएल धर्मशाला।**

### बड़ा भंगाल तक टावर सामग्री पहुंचाना बना चुनौती

**बड़ा** भंगाल में 4जी के लिए बीएसएनएल सर्वे करवा चुका है, लेकिन इसमें टावर सामग्री कैसे बड़ा भंगाल पहुंचाई जाएगी, यह सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, क्योंकि वाहन मार्ग बड़ा भंगाल के लिए उपलब्ध नहीं है। टावर सामग्री बड़ा भंगाल तक पहुंचाने के लिए कई वैकल्पिक व्यवस्थाएं खोजने की कोशिश की थी, लेकिन मार्ग चुनौतिपूर्ण होने के चलते सामग्री पहुंचाने में दिक्कतें पेश आ सकती हैं। देश में ऐसे कई दुर्गम क्षेत्र हैं, जिनके संबंध में मुख्यालय को निर्णय लेना है, उसी अनुरूप कार्य किया जाएगा।

## विधायक किशोरी लाल ने किया बैजनाथ कॉलेज में भोजनालय का लोकार्पण



नवनिर्मित भोजनालय का लोकार्पण करते विधायक किशोरी लाल।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने पंडित संतराम महाविद्यालय बैजनाथ में 60 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित भोजनालय का लोकार्पण किया। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा बताया, जिससे उन्हें स्वच्छ व पौष्टिक भोजन मिलेगा। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों में अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है और स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग, प्रयोगशालाएं व पुस्तकालय सशक्त किए जा रहे हैं। छात्रवृत्ति योजनाएं भी आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ पहुंचा रही हैं।

## सरकार अब तो करो पेंशनर्स की समस्याएं हल : कृष्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण सरुप शर्मा ने प्रदेश सरकार से पेंशनर्स की समस्याओं के हल का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पेंशनर कई बार अपनी मांगों बारे सरकार को अवगत करवा चुके हैं और लंबे समय इनके समाधान का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जनवरी 2016 से लेकर जनवरी 2022 के बीच जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, वे सबसे ज्यादा परेशान हैं। उनको अभी तक उनकी पेंशन का पूरा लाभ नहीं मिला है, जबकि इसके बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को पूरा लाभ मिला है तथा अब भी मिल रहा है। पेंशनर्स के लाखों रुपए के मेडिकल बिल रुके हैं, जिनका बजट के अभाव में भुगतान नहीं हो पा रहा है। प्रधान ने सरकार से पेंशनरों की संयुक्त सलाहकार कमेटी का गठन करने की मांग की है, जिससे पेंशनर्स की समस्याएं हल हो सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द मांगों पर कार्रवाई करने के साथ संयुक्त सलाहकार कमेटी का गठन करेगी।

## डेढ़ हफ्ते में 35 की मौत, 35 करोड़ की संपत्ति का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में इस बार बरसात का कहर जारी है। डेढ़ माह के दौरान जिले में बरसात के दौरान अभी तक 35 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, निजी और सार्वजनिक संपत्ति को भी 35 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। इसके अलावा दो लोग अभी भी लापता हैं। पिछले 24 घंटों की बात करें तो इस दौरान जिले में दो घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में जवाली में एक बुजुर्ग की पौंग झील में डूबने से मौत हो गई। वहीं, नगरोटा बगवां में एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसके अलावा दो गोशालाएं और नौ घरों को नुकसान पंहुचा है। इन घटनाओं में आठ लाख के नुकसान का आकलन किया गया है। जिले में अभी तक कुल 313 घरों और 346 गोशालाओं को भी नुकसान हुआ है। जिले में अब तक बरसात में हुए नुकसान की बात करें तो बीते 20 जून 2025 से अब तक कुल 154 पशुधन की हानि हुई है। इसमें 21 गाय, 2 खच्चर, 9 भैंस, 112 बकरियां और 10 भेड़ें शामिल हैं।

### पशुशाला व घर ढहने से लाखों का नुकसान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर उपमंडल के तहत भारी बारिश के चलते पिछले 24 घंटे में इस प्राकृतिक आपदा में दो पशुशाला और तीन कच्चे घर ढहने से दो लाख पैंतीस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। एसडीएम शाहपुर करतार सिंह ने बताया कि पवन कुमार निवासी रछियालु की कच्ची गोशाला क्षतिग्रस्त होने से 50,000 व नवीन गुलेरिया निवासी गोहजुरोडी की कच्ची गोशाला क्षतिग्रस्त होने से 30,000 रुपए, प्रीतम चंद निवासी चढ़ी, डढंब का कच्चा घर को क्षति पहुंची है, जिससे 15,000 रूपए, निर्मल सिंह पुत्र हारो निवासी मनोह का कच्चा घर क्षतिग्रस्त होने से राशि 80,000 रुपए, जबकि असलम सेख निवासी सकोउ का कच्चा घर क्षतिग्रस्त होने से राशि 60,000 रुपए का नुकसान हुआ है।

## पहाड़ी से गिरा पत्थर बाइक सवार दो घायल



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** डमटाल की पहाड़ियों में लैंडस्लाइड होने से विशाल पत्थर सड़क पर आ गिरा, जिसकी चपेट में स्कूली बस और मोटरसाइकिल सवार आ गए। स्कूली बस को काफी नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि बच्चे सुरक्षित रहे। मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सड़क सुरक्षा फोर्स के जवानों ने बताया कि घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया और स्कूली बच्चों को दूसरी बस में स्कूल में भेजा गया। बच्चे सभी सुरक्षित थे और बस को काफी नुकसान हुआ है।

**स्कूल बस को भारी नुकसान, बच्चे सुरक्षित**

## दशहरा महोत्सव को लेकर की बैठक

**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान, सुलह।** सुलह पंचायत के पंतेहड़ गरला मैदान में दशहरा महोत्सव 30 सितंबर से 2 अक्तूबर तक धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मेला कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले में तीन दिवसीय सांस्कृतिक संध्याएं और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस महोत्सव में सुलह, गरला, ककड़ैं, ननाओं, रैपुर, रड़ा, कुरल, फरेढ़, भट्टू समूला और गुग्गा सलोह पंचायतों की भागीदारी रहेगी। मेले को सफल बनाने के लिए योजना तैयार की गई। इस अवसर पर मेला कमेटी के प्रधान राजीव, उप प्रधान राजीव कपूर, शशि कुमार, प्रेम चंद, बलदेव सिंह, बंटू चौधरी, प्रताप चंद, मुख्य सलाहकार विनोद चौधरी और सचिव संतोष कुमार मौजूद रहे।

## पुलिस ने युवक का शव परिजनों को सौंपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते खनियारा के मोहली में रविवार को विद्युत तार की चपेट में आने वाले युवक के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अनीश कुमार (26) पुत्र अजीत कुमार निवासी स्लेट गोदाम रविवार को खनियारा के मोहली क्षेत्र में किसी निर्माणाधीन घर के लेंटल में अपना काम करते हुए बिजली तार की चपेट में आने से बेसुध होकर नीचे गिर गया। युवक को जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया था। धर्मशाला पुलिस थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस दवारा मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है, जबकि आगामी जांच जारी है।

## भाली में सेना के कैंटर में लगी आग, सामान राख

**अनंत ज्ञान, कोटला।** पठानकोट से लद्दाख जा रहे सेना के कैंटर में सोमवार को आग लग गई। यह हादसा भाली क्षेत्र में हुआ। दमकल विभाग की गाड़ियों और फोरलेन पर तैनात पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि कैंटर में लदा सेना का सारा समान जलकर राख हो चुका था।

## जयसिंहपुर क्षेत्र को मिलेगी बैकअप बसः आरएम

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर क्षेत्रीय प्रबंधक नितेश शर्मा ने सकारात्मक पहल की है। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह से काथला में एक अतिरिक्त बस बैकअप के रूप में खड़ी रहेगी, जो किसी बस के खराब होने की स्थिति में तुरंत सेवाएं देगी, ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। यह जानकारी उन्होंने स्वतंत्र लेखक मनीष से बातचीत के दौरान दी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जयसिंहपुर से महाराज नगर के लिए सांय 3 बजे की बस सेवा और वाया हरोट मां कुलदेवी आशापुरी तक नई बस चलाने की मांगों को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा।

## 32 मील में 8.36 ग्राम चिट्टे के साथ 3 युवक धरे

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस ने 32 मील में सोमवार सुबह कार सवार 3 युवकों को 8.36 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने 32 मील के समीप नाका लगा रखा था। इस दौरान पठानकोट की तरफ से शाहपुर जा रही ऑल्टो कार नंबर एचपी 39 जी 2451 को रोका। तलाशी के दौरान युवकों के पास से 8.36 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान साहिल शर्मा (25) निवासी चड़ी, केतन सिंह (28) निवासी सराह और मोहित कुमार (23) निवासी चड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि 32 मील में कार में सवार तीनों आरोपियों को 8.36 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार कर पुलिस थाना जवाली में मामला दर्ज किया गया है।

## पर्यटक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में हरियाणा के हिसार निवासी गौरव गौतम (38) की एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह 30 जुलाई से मैक्लोडगंज में ठहरा था और तबीयत ठीक न होने के कारण परिजनों के बुलाने पर भी घर नहीं लौटा। सोमवार सुबह होटल स्टाफ ने उसे अचेत अवस्था में बैड पर औंधे मुंह पड़ा पाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची तो गौरव के नाक से खून और तरल पदार्थ निकल रहा था। उसे जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक के शव को जोनल अस्पताल धर्मशाला में रखा गया है। साथ ही व्यक्ति के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी हितेष लखनपाल ने बताया कि पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पताल में रखा गया है, जबकि आगामी जांच जारी है।

## कलोहा में पलटा ट्रक, चालक और बुजुर्ग महिला की मौत



**अनंत ज्ञान टीम, रक्कड़/गरली।** गरली के समीप कलोहा हाईवे पर सोमवार सुबह टाइलों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। हादसे में ट्रक चालक ओम प्रकाश और दूध लेने जा रही स्थानीय बुजुर्ग महिला सत्यादेवी की मौत हो गई।

**वहां से गुजर रही महिला भी आई चपेट में अस्पताल में तोड़ा दम**

ट्रक बीकानेर (राजस्थान) से टाइलें लेकर भड़ोली (नादौन) की ओर जा रहा था। कलोहा के पास पहुंचते ही ट्रक ने रिहायशी मकान की चारदीवारी को तोड़ता हुए पलट गया। इसी समय पास से गुजर रही सत्यादेवी ट्रक की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे सिविल अस्पताल गरली ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। ट्रक चालक ओम प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। रक्कड़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सावन माह के अंतिम सोमवार बैजनाथ में दिखी श्रद्धा अपार

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के सावन माह के चौथे व अंतिम सोमवार को भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा क्षेत्र भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। प्रात:काल में मौसम खराब रहने पर भी श्रद्धालुओं ने लंबी-लंबी कतारों में लगकर भगवान शिव के दर्शन किए। मंदिर के गर्भगृह को फूलों से सजाया गया था। भोले के भक्तों ने दूध, जल, बेल, धुतरा व बेल पत्रों से शिव की पूजा आराधना की। मंदिर प्रशासन से तहसीलदार रमन ठाकुर ने बताया कि अंतिम मेले के दिन किए गए पुख्ता प्रबंधों के कारण श्रद्धालुओं ने आराम से दर्शन किए।

मंदिर न्यास सदस्य मिलाप राणा, रमेश चड्ढा आदि ने बताया कि मंदिर के कपाट सुबह 3 बजे खोल दिए गए थे और तभी से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। पूरा दिन श्रद्धालु कतारों में दिखे। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के दर्शन करने से पहले मंदिर के समीप बने खीर गंगा घाट में स्नान किया। खीर गंगा घाट में श्रद्धालुओं का जमघट पूरा दिन लगा रहा। खीरगंगा घाट में उदयवीर राणा कुलविंदर साईं फूड्स द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुबह से लेकर शाम तक भंडारे व लंगर का विशेष प्रबंध किए गए थे। मंदिर न्यास सदस्यों ने भी मंदिर में आकर सुविधा व कार्य का जायजा लिया। वहीं, पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए अतिरिक्त पुलिस जवानों ने सहयोग किया।



सावन माह के चौथे और अंतिम सोमवार को शिव मंदिर बैजनाथ में उमड़ी भक्तों की भीड़।

**रोष** ग्रामीणों ने जल शक्ति कार्यालय पहुंचकर बताई अपनी व्यथा

# मिझग्रां के लोग 15 दिन से पानी को तरसे

**अमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** उपमंडल नूरपुर के तहत मिझग्रां पंचायत के लोग पिछले 15 दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सोमवार को दर्जनों लोगों ने जल शक्ति विभाग के कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के सामने अपनी व्यथा रखी।

पिछले दिनों भारी बारिश के चलते बनौली, डमोह चचियां स्कीम की पाइपलाइन बतालू का कवाल नामक स्थान पर भारी लैंडस्लाइड के चलते क्षतिग्रस्त हो गई थी और इस स्कीम के तहत मिझग्रां पंचायत के दर्जनों घरों को पानी की सप्लाई नहीं मिल सकी। इस कारण लोगों को मजबूरन कार्यालय में पहुंचना पड़ा। लोगों का आरोप है कि उनकी पंचायत में एक ट्यूबवेल भी लगाया गया है, ताकि आपदा के समय परेशानी न हो, लेकिन इस ट्यूबवेल पर मोटर नहीं लगाए जाने के कारण पिछले चार साल से जनता के लिए इसका कोई उपयोग नहीं है, जिसके चलते ही ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। लोगों ने विभाग तथा सरकार से इस ट्यूबवेल पर शीघ्र मोटर लगाने की मांग रखी है।



मिझग्रां के दर्जनों लोगों ने जल शक्ति विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के सामने परेशानी रखी।

**अगर** समय पर ट्यूबवेल में मोटर लगाई होती तो आज समस्या ही उत्पन्न नहीं होती। इससे पूर्व भी पानी की समस्या को लेकर पंचायत से प्रस्ताव पास कर विभाग को दिया गया है, लेकिन अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई विभाग द्वारा नहीं की गई है।

**-सुदर्शन सिंह उर्फ जंगी, उपप्रधान, मिझग्रां**

**भूस्खलन** के चलते नागिनी से जा रही पाइपलाइन की दोनों लाइन पूरी तरह से टूट गई थीं, जिसमें एक को दुरुस्त कर दिया है। दूसरी भी आज ही रिस्टोर कर दी जाएगी। ट्यूबवेल पर मोटर लगाने की बात लोगों द्वारा की जा रही है, मैं स्वयं टीम लेकर निरीक्षण करूंगा और जल्द कार्य किया जाएगा।

**-महेंद्र सिंह, एसडीओ, जल शक्ति विभाग।**

## जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में महामृत्युंजय पाठ शुरू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सिद्ध श्री शिंडू बाबा बालक नाथ मंदिर करियाड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में विश्व शांति व जनकल्याण के लिए महामृत्युंजय का पाठ शुरू हो गया। मंदिर के प्रबंधक कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति नाग मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार को मंदिर परिसर में ज्योतिष पंडित भिवानी शर्मा कि अगुवाई में महामृत्युंजय का पाठ शुरू हुआ। 15 अगस्त दोपहर एक बजे हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली जाएगी।

## सलोह में निकाली फेरी

**अनंत ज्ञान, सुलह।** सुलह विस क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गुग्गा छतरी मंदिर सलोह में मेलों के दौरान चल रहे धार्मिक आयोजन के तीसरे दिन सोमवार को बाबा की प्रातःकालीन आरती के उपरांत बाबा के छतर को लेकर पहली फेरी की निकाली गई। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की। इस दौरान बाबा जी के छतर के साथ सैकड़ों भक्त नंगे पांव चलते रहे और घर-घर जाकर फेरी लगाकर आगे बढ़ते रहे।

# सामने से जो वार आएगा, उसका जवाब देना ही पड़ेगा: सुधीर शर्मा

## बोले,- सामने वाले के ओहदे को ध्यान में रखकर करता हूं पलटवार

**राशि बांटने को नहीं किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भाजपा** विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि सामने से जो वार आएगा, उसका जवाब तो देना ही पड़ेगा। बशर्ते उसमें मर्यादा हो और मैं हमेशा उसका ख्याल रखता हूं। सोमवार को धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में सुधीर ने कहा कि मैं सामने वाले के ओहदे का ख्याल रखकर ही पलटवार करता हूं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को रात को बुरे सपने आते हैं और विडंबना यह है कि उन बुरे सपनों में मैं ही होता हूं, रात को जब मुख्यमंत्री ठंडा पानी पी-पी कर सोते होंगे, तो मुझे ही याद करते होंगे। सरकार की हालत यह है कि आज कोई भी मुख्यमंत्री राहत कोष में आपदा के लिए राहत राशि नहीं डालना चाहता, लोग मौके पर जाकर प्रभावितों को राहत राशि बांट रहे हैं। सुधीर ने धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी रहे देवेंद्र जग्गी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को अपने आकाओं को खुश करने के लिए कुछ भी बोलना पड़ता है और मैं कौन सी धन राशि बांट रहा हूं, उसके लिए मुझे किसी के प्यादों का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम पर सवाल उठाने वाले मुख्यमंत्री ने जब चुनावों में खुद का और उपचुनावों में अपनी पत्नी का एफिडेविट चुनाव आयोग को सौंपा था, उसमें जिस तरह से संपत्ति को लेकर जिक्र किया है जो कि बेमेल है हमने तो कभी उस पर अंगुली नहीं उठाई।

### शहीद की याद में स्मृति द्वार का शिलान्यास

**विधायक** सुधीर शर्मा ने खनियारा रोड पर धर्मशाला के अमर वीर सपूत मेजर अभिजय थापा की याद में स्मृति द्वार का सोमवार को शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि पिछले लंबे समय से यह पुनीत कार्य पेंडिंग पड़ा था, मगर आज कहीं जाकर इसको पंख लगाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं और बहुत जल्द यह बनकर तैयार हो जाएगा।




धर्मशाला के खनियारा रोड पर शहीद की याद में स्मृति द्वार का शिलान्यास करते विधायक सुधीर।

# बिशप कॉटन स्कूल के 170 साल के इतिहास में पहली बार छात्रों का अपहरण

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने बच्चों को सुरक्षित बचाया, बीसीएस शिमला बढ़ाएगा सुरक्षा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के प्रतिष्ठित बिशप कॉटन स्कूल में हुई एक चौंकाने वाली घटना के बाद, स्कूल ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का फैसला किया है। स्कूल के लगभग 170 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि कक्षा छह के तीन छात्रों का सशस्त्र अपहरण हुआ।

यह घटना उस दिन हुई जब तीनों छात्रों को रक्षाबंधन के लिए 'शहर की छुट्टी' दी गई थी। दोपहर बाद जब वे एक साथ परिसर छोड़ रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने उन्हें लिफ्ट देने की पेशकश की। उस व्यक्ति ने खुद को बीसीएस का पूर्व छात्र बताया। खलिनी रोड की ओर जाते समय, उसने बंदूक की नोक पर तीनों बच्चों को अगवा कर लिया और उन्हें शिमला से लगभग 60 किलोमीटर दूर कोटखाई के कोकूनाला ले गया। बच्चों को रात भर बंधक बनाकर रखा गया और बंदूक व चाकू से धमकाया गया।

जैसे ही बच्चे निर्धारित समय पर वापस नहीं लौटे, स्कूल प्रशासन ने 10 मिनट के भीतर पुलिस और बच्चों के माता-पिता को सूचित किया। शिमला पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और अगले दिन, ठियोग के पास स्थानीय लोगों की मदद से संदिग्ध वाहन की पहचान की गई। पुलिस ने छापा मारकर बच्चों को बचाया और मेडिकल जांच के बाद उन्हें सुरक्षित स्कूल पहुंचाया। इस त्वरित कार्रवाई के लिए शिमला पुलिस की जमकर सराहना की जा रही है।

### देश के अन्य प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों के लिए एक सबक: विधायक हरीश जनारथा



**शिमला** के विधायक और बीसीएस के पूर्व छात्र हरीश जनारथा ने स्कूल के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि यह घटना पूरे भारत के अन्य प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों के लिए एक सबक है। उन्होंने कहा कि बीसीएस अपनी विरासत और दुनिया भर के छात्रों की बड़ी संख्या के लिए जाना जाता है, इसलिए इसकी सुरक्षा सर्वोपरि है।

### सुरक्षा प्रोटोकॉल में होगा बदलाव: मैथ्यू पी. जॉन

**बीसीएस** ने अपनी सुरक्षा नीतियों में बड़े बदलाव करने की घोषणा की है। स्कूल के प्रधानाध्यापक मैथ्यू पी. जॉन ने बताया कि अब से किसी भी छात्र को, यहां तक कि सीनियर छात्रों को भी, बिना किसी वयस्क की निगरानी के बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल नए और कड़े प्रोटोकॉल बनाने के लिए पुलिस की मदद ले रहा है।

## प्रतिभा सिंह ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने आज संसद के बाहर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह कदम राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों को उजागर करने के बाद भाजपा की घबराहट को दर्शाता है।

प्रतिभा सिंह ने साफ किया कि कांग्रेस केंद्र सरकार की किसी भी दमनकारी या तानाशाही नीति से डरने वाली नहीं है और अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने चुनाव आयोग से राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सभी तथ्यों की जांच करने की मांग की। प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश जानना चाहता है कि चुनाव आयोग ने इतने बड़े पैमाने पर 'जनमत का अपमान', 'वोट चोरी' और 'फर्जी मतदान' कैसे होने दिया।

# सेब उत्पादकों की समस्याओं पर भाजपा हमलावर

## एचपीएमसी की अव्यवस्था और क्रेट्स की कमी से बागवान परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा के नेतृत्व में बागवानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार कोटखाई के माध्यम से राज्यपाल और प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सेब उत्पादन और विपणन से जुड़ी गंभीर समस्याओं को उठाया गया है, विशेष रूप से एचपीएमसी के कलेक्शन सेंटरों के देर से खुलने और एमआईएस योजना के तहत क्रेट्स की कमी से हो रहे आर्थिक नुकसान पर चिंता व्यक्त की गई है। बरागटा ने कहा कि इस अव्यवस्था के कारण बागवानों को अपने सेब कम कीमत पर खुले बाजार में बेचने पड़ रहे हैं।

ज्ञापन में सेब एकत्रीकरण केंद्रों को पहले की तरह संचालित करने, क्रेट्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और बागवानी रसायनों की जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करने जैसी मांगें शामिल हैं। बागवानों ने सरकार से अपील की है कि यदि उन्हें कोई आर्थिक नुकसान हुआ है तो उसकी भरपाई की जाए और भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।



एसडीएम कोटखाई को ज्ञापन सौंपते चेतन बरागटा एवं अन्य भाजपा नेता।

### नए फरमानों से उलझा रही सरकार: बरागटा

**चेतन** बरागटा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सरकार बागवानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें हर वर्ष नए-नए फरमानों से उलझा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले 'किलो के हिसाब से सेब' और फिर 'यूनिवर्सल कार्टन' जैसे मुद्दे उठाए, और अब 'क्रेट में सेब' की बात कर रही है, लेकिन इन नियमों को लागू करने में वह पूरी तरह से विफल रही है। बरागटा ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण बागवान आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं।

# रामपुर और ज्यूरी में भाजपा ने दिखाया देशभक्ति का उत्साह



ज्यूरी में भाजपा युवा नेता कौल नेगी की अगुवाई में निकाली तिरंगा यात्रा।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश चौहान की अगुवाई में रामपुर बुशहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं में भाग लिया। इसी प्रकार भाजपा युवा नेता कौल नेगी की अगुवाई में ज्यूरी में भी भाजपा मंडल सराहन द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाजपा नेता कौल नेगी ने तिरंगा यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कोई साधारण यात्रा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रगौरव, संविधान और संस्कृति का प्रतीक है। यह यात्रा हमारे वीर सपूतों के बलिदान और अखंड भारत की भावना को मजबूत करने का संकल्प है।

कार्यक्रम में भाजपा मंडलाध्यक्ष सराहन महेंद्र जेन, पूर्व मंडलाध्यक्ष कुलबीर खुंद, पूर्व प्रत्याशी ब्रिज लाल, मंडल पदाधिकारी दीवान लक्टू, गोपाल बंसल, बीडीसी उपाध्यक्ष रामपुर रूपेश्वर कुमार, बीडीसी सदस्य यशपाल पालसरा, देश दीप गौतम, महिला मोर्चा पदाधिकारी वीना परमार सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल ठियोग ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भारतीय** जनता पार्टी मंडल ठियोग ने आज 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राकेश डोगरा और 2022 के प्रत्याशी अजय श्याम ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को पूर्व और वर्तमान सैनिकों तथा वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इसके लिए सभी 48 बूथों पर बूथ अध्यक्षों के माध्यम से झंडे भेजे गए हैं।

बैठक के बाद, ठियोग बाजार में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। यह यात्रा विश्राम गृह से शुरू होकर सुभाष चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान अजय श्याम और राकेश डोगरा ने 12 से 14 अगस्त तक शहीदों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई करने और युद्धवीरों, शहीद पुलिस कर्मियों और सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करने के कार्यक्रमों की भी घोषणा की।




ठियोग में हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता।

इस कार्यक्रम में महामंत्री राम कृष्ण मदराडी, देवी सिंह भोटका, जिला महामंत्री संजय वर्मा, पंचायत समिति अध्यक्ष पूनम कश्यप, वरिष्ठ नेता ज्ञान चंदेल, पवन जोशी, वीरेंद्र कंवर, अमर सिंह ठाकुर, केदार ठाकुर, मोहन बंदेल, मंडल उपाध्यक्ष रमेश खाची, प्रवीणा, प्रवक्ता अश्वनी बक्शी, जिला कार्यालय सचिव सतविंदर, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र खाची, केदार वर्मा, संजय आजाद, देवकी देवी, हेमचंद कंवर, केसर वर्मा, सुदेश हेटा और हेमचंद वर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देशभक्ति के नारों से गूंजा चिड़गांव बाजार

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** चिड़गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा सोमवार को उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई। सुबह कार्यकर्ता बस अड्डे पर एकत्र हुए और हाथों में तिरंगा लेकर चिड़गांव बाजार से ब्लॉक तक, फिर आंध्रा पावर हाउस होते हुए पुन: बस अड्डे तक यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातर' के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष आशा खाची रिठवाण ने की, जबकि मंडल महामंत्री मेघराज क्यालटू, उपाध्यक्ष गोपाल नेगी और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर काम करती है और विपक्षी दल देशविरोधी ताकतों को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक स्तर पर उभरने पर जोर दिया। बरसात और सेब सीजन की व्यस्तता के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही।

# गेयटी थियेटर में हिमालय के रंग चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** राज्य संग्रहालय, शिमला द्वारा ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में पांच दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी 'शोभला-हिमालय के रंग' का भव्य शुभारंभ हुआ है। यह प्रदर्शनी 11 अगस्त से 15 अगस्त, तक रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सभी के लिए खुली रहेगी।

इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों द्वारा बनाए गए अद्भुत चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इन चित्रों में हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर, और लोक-जीवन को जीवंत कर दिया गया है। आप यहां अमूर्त कला, लोक कला और समकालीन कला की अनूठी झलक देख सकते हैं, जो रंगों और रेखाओं के माध्यम से हिमालय की आत्मा को दर्शाती है।

यह प्रदर्शनी सिर्फ देखने के लिए ही नहीं, बल्कि खरीदने के लिए भी है। कलाकृतियों को खरीदने के लिए भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे कला प्रेमी और संग्राहक इन अनमोल चित्रों को अपने संग्रह का हिस्सा बना सकते हैं।



### हिमाचल की समृद्ध कला और संस्कृति का मिलेगा अनुभव

**यह** प्रदर्शनी छात्रों, कला प्रेमियों और आम जनता के लिए एक सुनहरा मौका है, जहां वे हिमाचल की समृद्ध कला और संस्कृति को एक साथ अनुभव कर सकते हैं। हिमाचल राज्य संग्रहालय पूरे साल ऐसी गतिविधियों का आयोजन करता रहता है, जिससे कला और इतिहास को एक मंच मिलता है।

# शाहतलाई में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र के तहत सोमवार को भाजपा शाहतलाई मंडल की ओर से भव्य 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई। यात्रा मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में बाबा बालक नाथ की तपोभूमि शाहतलाई से शुरू होकर गुरना झाड़ी मंदिर होते हुए शाहतलाई मंदिर तक पहुंची।

दो किलोमीटर लंबी इस यात्रा में भारी बारिश के बीच भी कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ और 'भारत माता की जय' व 'वंदेमातरम' के नारों से वातावरण गूंज उठा। मुख्य अतिथि विधायक जीतराम कटवाल और जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनूप महाजन ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। विधायक कटवाल ने कहा कि यह यात्रा केवल तिरंगे को लहराने का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति और झंडूता क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी, जिनमें घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई मार्ग के लिए 35 करोड़ की मंजूरी प्रमुख है। यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना, पंचायत प्रधान जगदीश ठाकुर, समेत 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यात्रा के बाद विधायक ने जनसमस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए।



विधायक जीतराम कटवाल और जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनूप ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया।

## घुमारवीं में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में सोमवार सुबह भारतीय जनता पार्टी मंडल की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में एम4यू होटल से शुरू हुई यात्रा गांधी चौक तक पहुंची। हल्की बारिश के बीच सैकड़ों लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर देशभक्ति का उत्साह बढ़ाया। राजेंद्र गर्ग ने 'घर-घर तिरंगा' अभियान में सहयोग की अपील की। भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## 'समृद्ध हिमाचल 2045' के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश के सतत आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सुनियोजित 20 वर्षीय रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से 'समृद्ध हिमाचल 2045' पहल के तहत ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली (Citizen Engagement Questionnaire) का शुभारंभ 26 जुलाई को मुख्य सचिव द्वारा किया था। यह प्रश्नावली 26 अगस्त तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, जिसमें प्रदेश के भविष्य को आकार देने वाले सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। डीसी राहुल कुमार ने कहा कि यह पहल सहभागी शासन की एक अहम कड़ी है, जो हर नागरिक को नीति निर्माण में सीधे तौर पर योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। इस प्रश्नावली को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आसानी से भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नागरिक इस लिंक के माध्यम से सीधे भाग ले सकते हैं। 'समृद्ध हिमाचल-2045' पहल से संबंधित अधिक जानकारी आधिकारिक वेबसाइट https://himachal.nic.in/samridhhimachal पर हासिल कर सकते हैं।

# भाखड़ा विस्थापित समिति ने सरकार से की धारा 163-ए पर शीघ्र समाधान की मांग



सर्वदलीय भाखड़ा विस्थापित समिति की बैठक में उपस्थित विस्थापित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**सर्वदलीय** भाखड़ा विस्थापित समिति ने हिमाचल सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि हाल ही में हाई कोर्ट द्वारा हिमाचल प्रदेश राजस्व कानून की धारा 163-ए को निरस्त करने के मामले पर शीघ्र कानूनी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

समिति ने कहा कि लगभग 60 हजार प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए सरकार को तुरंत कानूनी राय लेकर उचित कार्यवाही करनी चाहिए। समिति महासचिव जयकुमार की अध्यक्षता में स्थानीय परिधि गृह में आयोजित बैठक में वरिष्ठ भाखड़ा विस्थापितों ने करीब दो घंटे तक इस मुद्दे पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सरकार को या तो पुनर्विचार याचिका दाखिल करनी चाहिए या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर धारा को सुरक्षित बनाए रखने के प्रयास करने चाहिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2003 में कई विस्थापितों ने सरकार के निर्देशानुसार इस धारा के अंतर्गत आवेदन दिए थे। सभी ने मुख्यमंत्री से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की। अगली बैठक 14 सितंबर को होगी जिसमें प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

## गेहड़वीं में 19 अगस्त से शुरू होंगे मेले

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** श्री गुग्गा जाहर वीर गेहड़वीं के 8 दिवसीय मेलों का शुभारंभ 19 अगस्त से होगा, जबकि मेलों का समापन 26 अगस्त को किया जा रहा है। यह जानकारी मेला कमेटी के प्रभारी व ग्राम पंचायत गेहड़वीं के प्रधान प्यार सिंह व उपप्रधान सुनील नड्डा ने दी।

## जिले में राष्ट्रीय लोक अदालतें 13 सितंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने जानकारी दी कि 13 सितंबर को जिले के बिलासपुर, घुमारवीं और झंडूता न्यायालय परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। इन लोक अदालतों में पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामलों का निपटारा आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसमें बैंक ऋण, श्रम विवाद, बिजली-पानी के बिल, वैवाहिक विवाद जैसे मामले शामिल होंगे।

## प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आशीष ठाकुर के नेतृत्व में युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश राहुल कुमार से मुलाकात की और युवाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से बिलासपुर स्थित बास्केटबाल ग्राउंड के नवीनीकरण की मांग की गई। युवाओं ने बताया कि ग्राउंड की हालत खराब होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास में दिक्कत हो रही है। उन्होंने वहां लाल पत्थर बिछाने की मांग की। आशीष ठाकुर ने बताया कि जल्द ही जिले के स्कूलों में बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण देने की योजना शुरू की जाएगी, साथ ही स्कूल स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। प्रतिनिधिमंडल में मनीष ठाकुर, राजेश कुमार, अभिनव, सचिन कौंडल सहित कई युवा शामिल रहे।

## मुकडाना-धुलान सड़क 15 दिन से बंद

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान। झंडूता।** रोहल पंचायत के मुकडाना वार्ड में दोकड़ू-धुलान को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भारी भूस्खलन से 15 दिन से पूरी तरह ढह गई है। इससे ग्रामीणों का बाकी क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है। ग्रामीण लाल चंद, नसीम मोहम्मद, परयासु, मोनू कुमार, विकास धीमान, नैना सुख और रमेश चंदेल ने प्रशासन से तुरंत डंगा लगाकर मलबा हटाने व सड़क बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन की लापरवाही से हादसे का खतरा बढ़ रहा है। पंचायत प्रधान राजकुमार ने भी कहा कि भारी बारिश से सड़क की हालत बेहद खराब है और सरकार को इसे प्राथमिकता पर ठीक करना चाहिए, ताकि बच्चों व आम लोगों को राहत मिल सके।

## लुहणू-कनैता सड़क खस्ताहाल, ग्रामीणों में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की बैनला ब्राह्मणा पंचायत के लुहणू कनैता गांव की सड़क बरसात में बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढों और टूट-फूट से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राकेश ठाकुर की अगुवाई में ग्रामीणों ने उपायुक्त बिलासपुर और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर जल्द मरम्मत की मांग की। वहीं, डीसी को ज्ञापन भी सौंपा। राकेश ने बताया कि स्कूल खुलने वाले हैं और सड़क की हालत बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है। कई बार लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि शीघ्र मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे आंदोलन करेंगे।

## पेड़ से गिरे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं थाना क्षेत्र के तहत सिविल अस्पताल के पास सफेदा का पेड़ काटते समय सबदर अली (35) दुकानों की छत पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एम्स बिलासपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने हादसे की पुष्टि की। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## घुमारवीं में नाबालिगा लापता, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं में एक नाबालिग लड़की के लापता होने की शिकायत दर्ज की गई है। लड़की 10 तारीख की शाम बिना सूचना दिए घर से बाहर चली गई थी और वापस नहीं लौटी। परिजनों के शिकायत के बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ और जांच जारी है।

## गलासी-बड़डू में शराब ठेके का विरोध तेज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तहसील घुमारवीं के तहत गांव गलासी-बड़डू में खोले गए शराब ठेके का विरोध लगातार तेज हो रहा है। सोमवार को ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडलाधिकारी घुमारवीं को ज्ञापन सौंपकर ठेके को बंद करने या किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है।

## मांगें न मानीं तो पेंशनर्स करेंगे शिमला में आंदोलन: राजेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के पेंशनरों ने सरकार को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि उनकी लंबित मांगों का निपटारा शीघ्र नहीं किया गया, तो वे अक्तूबर माह में शिमला में एकजुट होकर व्यापक आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन की होगी। बिलासपुर में प्रेसवार्ता में प्रदेश परिवहन पेंशनर कल्याण मंच की संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार निगम पेंशनरों की लगातार अनदेखी कर रही है। वर्ष 2024 में सेवानिवृत्त हुए दर्जनों पेंशनरों को आज तक नियमित पेंशन आरंभ नहीं हुई है। न्होंने कहा कि पेंशनरों को मिलने वाला चिकित्सा भत्ता भी लंबे समय से रोका गया है, जिसकी बकाया राशि करीब 10 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। नियमित कर्मचारियों को वर्ष में दो बार महंगाई भत्ता (डीए) दिया जाता है, जबकि पेंशनरों को न तो डीए मिला है और न ही पिछले वर्षों का एरियर भुगतान किया गया है।

## डीसी ने नौणी में किया फोरलेन सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने नम्होल से नौणी तक फोरलेन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने नौणी (एम्स) पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन फोरलेन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उपायुक्त ने बताया कि जिले में नम्होल से लेकर नौणी तक 14.350 किलोमीटर लंबे फोरलेन का निर्माण कार्य किया जाना है। उन्होंने संबंधित फोरलेन निर्माण कंपनी गावर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के चलते यातायात अवरुद्ध नहीं होना चाहिए तथा मार्ग से आने जाने वाले यात्रियों एवं वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## द्रोबड गांव में 53 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने बिलासपुर की विधानसभा सदर क्षेत्र के द्रोबड में डॉ. सुनिधि के नेतृत्व मे 53 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य शिविर में बजुर्गों, महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच करते हुए रोगियों को उचित उपचार सलाह देते हुए दवाइयों का वितरण भी नि:शुल्क किया गया।

**सूरत-ए-हाल** नगर परिषद की सफाई मुहिम फेल या जनता बेपरवाह?

# बिलासपुर के 11 वार्ड गंदगी में डूबे

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** शहर का विकास और गंदगी मानो साथ-साथ कदमताल कर रहे हों। नगर परिषद ने घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए वाहन लगाए। लोग भी सूखा-गीला कूड़ा अलग-अलग देकर सहयोग कर रहे हैं। बावजूद इसके, शहर के 11 वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर और बदबू का आलम है। वार्ड नंबर 5 के निवासी रमेश का कहना है कि नगर परिषद के कर्मचारी आते तो हैं, लेकिन सफाई अधूरी छोड़कर चले जाते हैं।

नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं, मच्छरों ने जीना मुहाल कर दिया है। वार्ड नंबर 8 की गृहिणी सरोज कहती हैं कि हम रोज कूड़ा अलग करके देते हैं, लेकिन सड़क के किनारे पड़े कूड़े के ढेर कौन उठाएगा? बच्चे गंदगी में खेलने को मजबूर हैं।

वार्ड नंबर 11 के महेश का आरोप है कि नगर परिषद की सफाई व्यवस्था कागजों में चल रही है। अधिकारियों के दौरे सिर्फ दिखावा हैं, जमीनी हकीकत यह है कि वार्ड गंदगी के अड्डे बन चुके हैं। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि हम रोजाना सभी वार्डों में कूड़ा उठाने और सफाई का काम करवा रहे हैं। कई जगह गंदगी इसलिए रहती है, क्योंकि कुछ लोग निर्धारित समय पर कूड़ा नहीं देते और सड़क पर ही फेंक देते हैं। ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नागरिक सहयोग करेंगे तो शहर को स्वच्छ रखना आसान होगा। नगर परिषद की सफाई मुहिम पर उठते ये सवाल साफ इशारा कर रहे हैं या तो जिम्मेदार अपना काम नहीं कर रहे, या फिर नागरिक जागरूकता से कोसों दूर हैं। दोनों ही हालात में, शहर की छवि दांव पर लगी है।



शहर के 11 वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से बदबू का आलम है।

## न्यूज ब्रीफ

### शतरंज प्रतियोगिता में शिवम बने विजेता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। ओपन वर्ग में चंबा के शिवम ठाकुर प्रथम, कांगड़ा के रसेश गुलेरिया द्वितीय और मंडी के समरत सोनी तृतीय रहे। लड़कियों में हमीरपुर की पलक ठाकुर ने पहला, हमीरपुर की स्निग्धा शर्मा ने दूसरा और कांगड़ा की आराध्या शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों श्रेणियों के शीर्ष दो खिलाड़ी अक्टूबर में बिहार में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एएसपी शिवानी मैहला ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों को कठिन परिश्रम और एकाग्रता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. संजीव सूरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक व बौद्धिक स्पर्धा में दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चम्बा में विश्व स्कार्फ दिवस 2025 बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी सांस्कृतिक व बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया (ग्रुप लीडर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को स्काउटिंग के मूल्यों, अनुशासन, टीम वर्क और सेवा भाव पर प्रेरक विचार साझा किए। रोवर लीडर डॉ. संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और रेंजर लीडर डॉ. शिवानी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिताओं में टीम ई ने प्रश्नोत्तरी में प्रथम और टीम ए ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में तमन्ना प्रथम व तरुण द्वितीय रहे, पोस्टर मेकिंग में राहुल प्रथम व सलीमा द्वितीय, जबकि नारा लेखन में सलीमा प्रथम और शरण द्वितीय रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. पूनम, प्रो. सुमित, डॉ. विजय, डॉ. विदुषी, प्रो. शिल्पा और प्रो. निशा शामिल रहे।

### सलूणी में गूंजे देशभक्ति के नारे

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सोमवार को सलूणी मंडल में देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। भाजपा मंडल सलूणी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में डल्हौजी विधानसभा




क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने विशेष रूप से भाग लिया और जनसमूह को संबोधित किया। यात्रा के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग हाथों में तिरंगा थामे हुए 'भारत माता की जय' और 'वन्दे मातर' के गगनभेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। तिरंगे के रंग में रंगा सलूणी मुख्य बाज़ार एक उत्सव स्थल में बदल गया। विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान आज़ादी के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने और हर नागरिक में राष्ट्र के प्रति गर्व की भावना जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों और संस्थानों पर तिरंगा अवश्य फहराएं।

### सभी होमस्टे का पंजीकरण अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश होमस्टे नियम 2025 लागू करते हुए राज्य के सभी होमस्टे इकाइयों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी चंबा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश होमस्टे योजना 2008 या भारत सरकार की Incredible India Bed & Breakfast योजना के तहत पंजीकृत इकाइयों को भी 30 दिन के भीतर नए नियमों के अंतर्गत पंजीकरण कराना होगा। निर्धारित समयसीमा में पंजीकरण न करवाने पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास एवं पंजीकरण अधिनियम, 2002 के तहत कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी होमस्टे मालिकों से अपील की है कि वे शीघ्र जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, चम्बा में संपर्क कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 01899-224002 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बैंक योजनाओं व साइबर सुरक्षा पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनसुरक्षा सैचुरेशन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बनीखेत व बाथरी में री-केवाईसी शिविर आयोजित किया गया। इसमें भारतीय रिज़र्व बैंक के एलडीओ आशीष सांगरा, अग्रणी बैंक चंबा, एसबीआई, पीएनबी, केनरा बैंक, एचपी ग्रामीण बैंक, आईसीआईसीआई बैंक तथा राज्य सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे। आशीष सांगरा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लंबित केवाईसी अपडेट को पूरा करना है, अन्यथा खातों के बंद होने की संभावना रहती है। शिविर में कई ग्राहकों की री-केवाईसी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। उन्होंने पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई जैसी योजनाओं की जानकारी दी और डिजिटल बैंकिंग के लाभों के साथ साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए। साइबर फ्रॉड की स्थिति में बैंक शाखा, टोल-फ्री नंबर पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

### राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का हमला, अघोषित आपातकाल का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और ठियोग विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने संसद के बाहर विपक्षी सांसदों, खासकर राहुल गांधी की गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज़ दबाने और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने में लगी है। राठौर ने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ बोलने वालों के पीछे एजेंसियां लगा दी जाती हैं, जिससे देश में 'अघोषित आपातकाल' जैसा माहौल है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में सांसद जब निर्वाचन आयोग जा रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आयोग चुप रहा। भाजपा पर चुनावों में धांधली का आरोप लगाते हुए राठौर ने कहा कि भाजपा ने चोरी के वोटों से सरकार बनाई है और पूरा विपक्ष इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेगा।

# चलती बस में स्टीयरिंग के लॉक होने से अफरातफरी

## तुन्नुहट्टी में चालक की सूझबूझ और अनुभव से बड़ा हादसा टला

बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान

**भटियात।** चंबा-पठानकोट मार्ग पर सोमवार को तुन्नुहट्टी के डाकोह मोड़ के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। चंबा डिपो की बस (एचपी 73-8902) में अचानक चलते-चलते स्टीयरिंग लॉक हो गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा की ओर मुड़ गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में उस समय दर्जनों यात्री सवार थे और सभी सामान्य रूप से सफ़र कर रहे थे। जैसे ही बस खतरनाक मोड़ के करीब पहुंची, अचानक स्टीयरिंग ने काम करना बंद कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर थी कि बस कुछ ही सेकंड में सामने से आने वाले वाहनों से टकरा सकती थी या गहरी खाई में गिर सकती थी। मगर चालक की तेज़



समझ और अनुभव ने सभी की जान बचा ली। बिना घबराए, उन्होंने पूरी ताक़त से ब्रेक दबाकर बस को नियंत्रित किया और सड़क के किनारे सुरक्षित रोक दिया। घटना के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और सभी ने चालक के साहस और मुस्तैदी की खुलकर प्रशंसा की।

सूत्रों के अनुसार, तकनीकी खराबी की वजह का पता लगाने के लिए बस को कार्यशाला भेजा गया है। परिवहन विभाग ने मामले की जांच

- तकनीकी खराबी की जांच के लिए बस भेजी कार्यशाला
- स्थानीय लोगों ने चालक के साहस की सराहना की

शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे हादसे चालक की सतर्कता और अनुभव की अहमियत को साबित करते हैं, वरना आज एक बड़ी त्रासदी हो सकती थी।

## अवैध कब्जे हटाने और बस अड्डा निर्माण की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल हाईकोर्ट द्वारा 163@ के तहत सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश के बाद चंबा में जनहित संगठन ने इस कदम का समर्थन करते हुए कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को संगठन ने जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि चंबा व नया चंबा के भरमौर चौक, झूलाखाड़ी, मठ क्षेत्र समेत कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर लंबे समय से कब्जे हैं, जिनमें भू-माफियाओं का हाथ होने का आरोप है। इससे सरकारी संपत्ति, शहर का सौंदर्य और यातायात प्रभावित हो रहा है। संगठन ने रावी नदी के कटाव से नये बस अड्डे से शीतला तक एनएच सड़क धंसने की समस्या और भरमौर चौक स्थित परिवहन विभाग की भूमि पर नया बस अड्डा बनाने की मांग भी रखी। उन्होंने आग्रह किया कि आदेश केवल कागजों में न रहें, बल्कि तुरंत प्रभाव से कार्रवाई हो।

- हाईकोर्ट के आदेश पर जनहित संगठन का समर्थन

## किहार अस्पताल में स्टाफ की कमी को लेकर उपप्रधान का अल्टीमेटम



- सात दिन में नियुक्ति न होने पर अनशन की चेतावनी

अनंत ज्ञान, सलूनी

**ग्राम** पंचायत किहार के उपप्रधान वीरेंद्र ठाकुर ने नागरिक अस्पताल किहार में लंबे समय से खाली पड़े डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के पदों को भरने के लिए प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय में स्थायी नियुक्ति नहीं की गई, तो वे इलाकावासियों के साथ अनशन पर बैठेंगे।

सोमवार को उन्होंने उपमंडल अधिकारी (नागरिक), सलूनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा, जिसमें बताया गया कि 50 बिस्तरों का अस्पताल बनने के बावजूद यहां डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है, जिससे मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि सात दिन के भीतर सभी पद न भरे जाने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, जिलाधिकारी चम्बा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी भेजी गई है। स्थानीय लोग भी इस आंदोलन में उनका समर्थन कर रहे हैं।

## स्व. नासिर खान के संघर्ष, त्याग और छात्रहित के प्रति समर्पण को किया याद



एनएसयूआई इकाई ने स्व. नासिर खान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

अनंत ज्ञान, चंबा

**एनएसयूआई** इकाई महाविद्यालय चंबा ने सोमवार को प्रदेश के पूर्व महासचिव एवं संगठन के वरिष्ठ नेता स्व. नासिर खान की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्रित हुए। सभी ने उनकी प्रतिमा/क़ब्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, संगठन के प्रति समर्पण और छात्रहित में दिए गए अमूल्य योगदान को विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि नासिर खान ने हमेशा छात्रों की आवाज़ को बुलंद किया और हर परिस्थिति में उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे।

एनएसयूआई अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने कहा कि स्व. नासिर खान का जीवन भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों व सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व छात्र नेता और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। वातावरण भावुक था और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प स्पष्ट दिखा।

## पथ परिवहन पेंशनर्स ने सेवानिवृत्ति लाभ और एरियर को लेकर नाराजगी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन की मासिक बैठक अध्यक्ष मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अनदेखी पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की गई। संगठन ने दोहराया कि पेंशन हर महीने की पहली तारीख को दी जाए, लेकिन सरकार महीने के अंत तक ही भुगतान कर रही है, जिससे आर्थिक संकट गहरा रहा है। मेडिकल बिलों के भुगतान में भी दो से ढाई वर्ष की देरी पर रोष जताया गया।

बैठक में 2024 से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन व सेवानिवृत्ति लाभ अब तक न मिलने पर चिंता जताई गई। 2016 के वेतनमान का एरियर अन्य विभागों को दिया जा चुका है, लेकिन पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स को अब तक नहीं मिला। इस देरी से कर्मचारी न्यायालय की शरण ले रहे हैं, जिससे निगम को ब्याज सहित भुगतान करना पड़ रहा है और वित्तीय स्थिति बिगड़ रही है।

बैठक में हेल्प एज इंडिया द्वारा साइबर ठगी से बचाव पर कार्यशाला आयोजित हुई। श्री रंजीत राठौर ने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित रहने के सुझाव दिए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार मांगें पूरी नहीं करती तो बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी।

# शिक्षा सुधार को लेकर 'आप' का हमला

## सरकार से 25 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करने की मांग




आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। पार्टी ने 1 से 7 अगस्त तक 'सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन' के तहत प्रदेश के सभी जिलों में स्कूलों का निरीक्षण किया, जिसमें शिक्षा व्यवस्था की खस्ताहाल तस्वीर सामने आई।

पार्टी के जिला सचिव शशिकांत ने सोमवार को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि निरीक्षण में कई गंभीर खामियां पाई गईं। विद्यालय भवन जर्जर हालत में हैं, पीने के पानी, शौचालय, बिजली, खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, शिक्षकों की भारी कमी है और पाठ्यक्रम का स्तर कमजोर है। उन्होंने कहा कि शिक्षण गुणवत्ता लगातार गिर रही है, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं में सोनू ठाकुर, शशिकांत, तनवीर मिर्जा, बाल किशन, विजय भवानी, अभिषेक भट्ट, अमित पुरी और धीरज कुमार मौजूद रहे।

### सरकार के सामने रखीं ये मांगें

- ♦ राज्य के कुल बजट का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित किया जाए।
- ♦ सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध करवाई जाएं।
- ♦ रिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षक नियुक्त किए जाएं।
- ♦ सीबीएसई के समानांतर उच्चस्तरीय पाठ्यक्रम लागू हो।
- ♦ शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सशक्त किया जाए।
- ♦ ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों के विद्यालयों पर ध्यान दिया जाए।

## बुजुर्ग सोहन सिंह ने सड़क निर्माण के लिए दी भूमि

अनंत ज्ञान धरवाला

**मैहला** ब्लॉक की ग्राम पंचायत राडी में 103 वर्षीय सोहन सिंह पुत्र गोकुल, गांव सोला, डाकघर राडी, जिला चंबा ने अपनी भूमि सड़क निर्माण के लिए दान कर एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है।

सावन महीने के आखिरी सोमवार को, चलने में असमर्थ सोहन सिंह को उनके परिजन पीठ पर उठाकर राडी से खोईमढ को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण स्थल तक लाए। यहां पूरे विधि-विधान के साथ परिवार सहित पूजा-अर्चना की गई।

सोहन सिंह ने न केवल सड़क निर्माण के लिए आवश्यक भूमि दान दी, बल्कि अपनी लहलहाती मक्की की फसल भी बिना किसी हिचकिचाहट के समर्पित कर दी।



- परिवार सहित मक्की की फसल भी की दान
- राडी-खोईमढ रोड निर्माण में बनी मिसाल

उनका कहना है कि इस नेक कार्य के लिए जितनी भी जमीन आवश्यक है, वह अपने परिवार सहित दान स्वरूप देने को तैयार हैं।

इस अवसर पर मुख्य साक्षी के रूप में श्रवण कुमार, अंबिया राम, अजय मिन्हास, अमित शर्मा, सचिन, मुकेश गॉड, पोकलेन ड्राइवर बलवीर, सतपाल, प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सोहन सिंह के इस योगदान की सराहना करते हुए उन्हें क्षेत्र का गौरव बताया।

## पांगी घाटी में प्राकृतिक खेती व जन समस्याओं पर खुला संवाद

अनंत ज्ञान, चंबा

**पांगी** घाटी के दुर्गम क्षेत्रों में एपीएमसी अध्यक्ष चम्बा, ललित ठाकुर ने सेचु, चलसरी और हिलुटवान का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती के महत्व पर खुला संवाद किया और इसे भविष्य की स्थायी, कम लागत व अधिक लाभकारी कृषि पद्धति बताया। उन्होंने कहा कि यह न केवल मिट्टी की सेहत और पानी की बचत में मददगार है, बल्कि उपज की गुणवत्ता भी बढ़ाती है।



दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं ध्यान से सुनीं और आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इन्हें प्राथमिकता से हल करेगी। ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उम्मीद जताई कि उनकी आवाज़ सरकार तक पहुंचेगी। यह दौरा न केवल जनसंपर्क को मजबूत करने वाला साबित हुआ बल्कि प्राकृतिक खेती की दिशा में ग्रामीणों को प्रेरित करने का भी महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

## गौरीकुंड हेली टेक्सी की सुविधा केवल ऑनलाइनः एडीएम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मणिमहेश यात्रा 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भरमौर हेलीपेड से गौरीकुंड तक हेली टेक्सी सेवा उपलब्ध होगी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने बताया कि टिकट केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मणिमहेश ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर बुक की जा सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी एजेंट या थर्ड पार्टी से खरीदी गई टिकट मान्य नहीं होगी।

### सूडोकु नवताल- 7519

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7518 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 12 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** तृतिया (08:40) : **नक्षत्र** पूर्वभाद्रपदा (11:42), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सुकर्माण (18:49), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:51)। **राहुकाल** (15:42-17:20)।

### विशेष दिन

- 12 अगस्त 2025: कजली बूढी तीज आज।
- 12 अगस्त 2025: सातू तीज व बड़ी तीज आज।

**मेषः** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृषः** व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा।

**मिथुनः** आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**कर्कः** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे।

**सिंहः** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा।

**कन्याः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे।

**तुलाः** संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी।

**वृश्चिकः** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**धनुः** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकरः** आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**कुंभः** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**मीनः** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

# भरमौर में फसल बीमा योजना से किसानों की नाराजगी

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना यहां के किसानों और बागवानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। प्रीमियम चुकाने के बावजूद अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

सोमवार को किसान सेवा उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा से मुलाकात कर इस समस्या को उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि किसान और बागवान लंबे समय से योजना के तहत प्रीमियम भर रहे हैं, लेकिन फसल या उत्पाद के नुकसान की भरपाई नहीं की गई। उन्होंने मांग की कि प्राकृतिक आपदा के साथ-साथ जंगली जानवरों से हुए नुकसान को भी योजना में शामिल किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, मगर एक भी किसान को लाभ नहीं मिला।



किसान सेवा उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा को ज्ञापन सौंपते हुए

- प्रीमियम देने के बावजूद लाभ से वंचित किसान-बागवान

एडीएम राणा ने आश्वासन दिया कि इस विषय पर एलडीएम चंबा को लिखा गया है और बैंक मैनेजर के साथ बैठक कर समाधान जल्द निकाला जाएगा।

## सरकाघाट में राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

# मंडी की सबजूनियर टीमों ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट।

**तहसील** सरकाघाट की ग्राम पंचायत चंदेश स्थित बैडमिंटन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय छठी सीनियर एवं पहली सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आई टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष बीएल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनका स्वागत संघ के सचिव केसी ठाकुर ने शॉल और टोपी पहनाकर किया। दूसरे दिन हुए मुकाबलों में सबजूनियर बालक वर्ग में मंडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि शिमला की टीम उपविजेता रही। सब जूनियर बालिका वर्ग में भी मंडी की टीम विजेता बनी और ऊना उपविजेता रहा।



राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

बारिश के कारण सीनियर वर्ग के कुछ मुकाबले नहीं हो सके, लेकिन सभी सीनियर खिलाड़ियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजन पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देते हैं और छोटे कस्बों की प्रतिभाओं को पहचान दिलाते हैं।

## समृद्ध हिमाचल के लिए सुझाव आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के सतत आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के लिए 20 वर्षीय दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने के लिए 'समृद्ध हिमाचल-2045' पहल के अंतर्गत ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की गई है। इसका शुभारंभ हाल ही में मुख्य सचिव द्वारा किया गया। यह प्रश्नावली 26 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी, जिसमें प्रदेश के भविष्य को संवारने के लिए लोगों के बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि यह पहल सहभागी शासन का महत्वपूर्ण उदाहरण है, जो नागरिकों को नीति निर्माण की प्रक्रिया से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ती है। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया कि वे [https://himachal.nic.in/samrid-hhimachal](https://himachal.nic.in/samridhhimachal) लिंक पर अपने सुझाव अपलोड करें।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, बिप्लब कांति बोस,** पुत्र स्वर्गीय बिजॉय बासु, निवासी 221/A, बेहलाना, नियर ओल्ड एयरपोर्ट, चंडीगढ़, ने अपना नाम बिप्लब कांति बोस से बदलकर बिप्लब बासु रख लिया है आगे मुझे इसी नाम से जाना जाए

**नाम परिवर्तन**

**मैं, मीना बोस,** पत्नी बिप्लब बासु, निवासी 221/A, बेहलाना, नियर ओल्ड एयरपोर्ट, चंडीगढ़, ने अपना नाम मीना बोस से बदलकर मीना बासु रख लिया है आगे मुझे इसी नाम से जाना जाए

**NAME CORECTION**

**I, Vandana Upadhyay** mother of JC-829701A Nb Sub (RT) Ghanshyam Upadhyay resident of PO-Bedawan, Tehsil- Nagda, Distt- Ujjain, State- MP, Pin- 456221 have changed my name from Smt Vandana Upadhyay to Vandana vide Affidavit dated 17 july 2025 before Notary Public Dharchula.

**NAME CORECTION**

**I, Manoharlal Ji Upadhyay** father of JC-829701A Nb Sub (RT) Ghanshyam Upadhyay resident of PO-Bedawan, Tehsil Nagda, Distt- Ujjain, State- MP, Pin- 456221 have change my name from Manoharlal Ji Upadhyay to Manoharlal vide Affidavit dated 17 Jul 25 Dharchula. before Notary Public

मित्र धीरे-धीरे बनाने चाहिए, लेकिन एक बार बनने के बाद उसे अच्छी तरह निभाना चाहिए। -सुकरात

## संपादकीय

# रोबोटिक सर्जरी से उम्मीदें

हिमाचल प्रदेश में बहुप्रतीक्षित रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत होना न केवल चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, बल्कि यह प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ी राहत और गर्व का विषय भी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सोच और संकल्प ने इसे संभव बनाया है। पांच साल पहले जब स्वयं उनका ऑपरेशन रोबोटिक तकनीक से हुआ था, तब उनके मन में यह विचार आया था कि हिमाचल के अस्पतालों में भी ऐसी अत्याधुनिक सुविधा होनी चाहिए, ताकि यहां के लोगों को बड़े शहरों या राज्यों में भटकना न पड़े। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने इस विचार को हकीकत में बदल दिया। आज शिमला के चमियाणा स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी में यह सुविधा उपलब्ध है। पहले ही दिन चार जटिल ऑपरेशन-एक प्रोस्टेट कैंसर, दो किडनी ट्यूमर और एक नॉन-फंक्शनिंग किडनी की सर्जरी सफलतापूर्वक किए गए। यह न केवल तकनीकी प्रगति का उदाहरण है, बल्कि हिमाचल की चिकित्सा व्यवस्था के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

अक्सर गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज अत्याधुनिक इलाज की सुविधा और आर्थिक संसाधनों के अभाव में उचित उपचार से वंचित रह जाते हैं। अब इस सुविधा के शुरू होने से हिमकेयर कार्ड धारकों का इलाज मुफ्त में हो सकेगा। यह पहल सामाजिक न्याय और स्वास्थ्य समानता की दिशा में एक ठोस प्रयास है। रोबोटिक सर्जरी की खासियत यह है कि इसमें डॉक्टर रोबोटिक आर्म्स और हाई-रेजोल्यूशन कैमरे के जरिए सर्जरी करते हैं। छोटे चीरे, कम रक्तस्राव, कम दर्द और जल्दी रिकवरी-ये सभी फायदे सीधे-सीधे मरीज के जीवन की गुणवत्ता को सुधारते हैं। साथ ही, यह तकनीक यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और गायनाकोलॉजी जैसे गंभीर मामलों में बेहद प्रभावी है। हालांकि, शिमला में यह सुविधा शुरू हो चुकी है, परंतु पूरे प्रदेश के लिए एक ही केंद्र पर्याप्त नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि टांडा मेडिकल कॉलेज में भी जल्द ही यह सुविधा शुरू की जाएगी। टांडा में भी यह सुविधा शुरू होने से कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जैसे जिलों के मरीजों को लंबी दूरी तय करने से राहत मिलेगी। इसके साथ ही सरकार ने अस्पतालों में 15-15 साल पुरानी एक्स-रे मशीनों को बदलने और नए अत्याधुनिक उपकरण लाने का काम भी तेजी से शुरू किया है। यह सुधार केवल मशीनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रशिक्षित डॉक्टरों, नर्सों और तकनीकी स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित करनी होगी। एक चुनौती यह भी है कि अत्याधुनिक सुविधाओं पर निवेश करते समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को नजरअंदाज न किया जाए।

हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में, जहां दूर-दराज के गांवों तक पहुंचना कठिन है, वहां बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना भी उतना ही जरूरी है। रोबोटिक सर्जरी जैसी तकनीकें निस्संदेह बड़े अस्पतालों में ही संभव हैं, लेकिन यदि प्राथमिक स्तर पर मरीजों की समय पर पहचान और रेफरल सिस्टम मजबूत हो, तो गंभीर बीमारियों का इलाज समय रहते संभव हो सकेगा। अत्याधुनिक तकनीक के साथ एक बड़ी चुनौती है कुशल मानव संसाधन। रोबोटिक सर्जरी में पारंगत डॉक्टरों और तकनीशियनों की कमी, इसके प्रभावी संचालन में बाधा बन सकती है। सरकार को चाहिए कि वह न केवल मौजूदा डॉक्टरों को प्रशिक्षण दे, बल्कि मेडिकल सिलेबस में भी इस तकनीक को शामिल करे, ताकि भविष्य में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की निरंतर आपूर्ति हो सके।

हिमाचल की स्वच्छ जलवायु और अब उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलकर मेडिकल टूरिज्म के नए अवसर खोल सकती हैं। यदि सरकार इसे एक नीति के रूप में विकसित करे, तो प्रदेश को आर्थिक लाभ के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। हालांकि, इसका संतुलन बनाए रखना आवश्यक है ताकि स्थानीय मरीजों के हित प्रभावित न हों। प्रदेश के लोग अब स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार की अपेक्षा कर रहे हैं। छोटे से पहाड़ी राज्य हिमाचल में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत एक मील का पत्थर है, लेकिन यह यात्रा का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जिलों में आधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध हों।

दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों के लिए टेलीमेडिसिन और मोबाइल हेल्थ यूनिट्स का विस्तार हो। स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। हिमाचल में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत स्वास्थ्य सुविधाओं में एक नए युग की शुरुआत है। यह केवल तकनीक की स्थापना नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व और राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है। यदि इस पहल के साथ-साथ प्राथमिक से लेकर सुपर स्पेशियलिटी स्तर तक संतुलित सुधार किए जाएं, तो आने वाले वर्षों में हिमाचल को स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का सपना साकार हो सकता है। अब समय है कि सरकार इस सफलता को प्रेरणा मानकर स्वास्थ्य ढांचे में व्यापक सुधार के लिए ठोस और दीर्घकालिक योजनाएं बनाए, ताकि हर हिमाचली चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण आधुनिक चिकित्सा का हकदार बन सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि हिमाचल आने वाले समय में स्वास्थ्य सुविधाओं में नए आयाम स्थापित करेगा। ■



कविता

## मैं हिमाचल बोल रहा हूं...

ठाकुर दीक्षित धलारिया, संधोल (मंडी)

*घूमने और गर्मियों में ठंडी वादियों में थकान मिटाने आते हैं सब मेरे पास,*
*आज मुझे है जरूरत सबकी, लेकिन कोई नहीं है मेरे पास।*
*कल आपने है आना छुट्टियां मनाने मेरे घर तो आज बचा लो मुझे।*
*जब आओगे कल मेरे द्वार, तो याद रखना आप कुछ दिन करने को आएंगे सैर,*
*जहां घूमने के हैं सपने तुम्हारे, वहां घर भी है मेरे अपनों के।*
*मेरे पहाड़ टूट रहे हैं, बिखर रहे हैं, नदियां उफान पर हैं,*
*घाटियां ढह रही हैं, नाले सबकुछ मिटाने पर आतुर हैं।*
*मैंने खो दिया इस आफत की बरसात में 'अपनों को', सड़कों को,*
*खेत-खलिहानों को, संस्थानों को, गांवों को और मकानों को।*
*मुझे और मेरे अपनों को बचा लो..*
*मेरे बुजुर्ग कह रहे हैं, ऐसी आफत न देखी हमने कभी अपने जीवन में,*
*यह बारिश व बरसात नहीं, मौत का प्रलय है।*
*मैं हिमाचल हूं, मुझे नहीं चाहिए अंधाधुंध विकास वाला विनाश,*
*क्योंकि यह कर रहा है मेरे अपनों का नाश, मैं पगडंडियों वाला प्रदेश हूं,*
*मत काटो मेरे पहाड़, मत डालो फोरलेन वाला भार।*
*मेरे अपने पगडंडियों पर चलने के हैं आदी,*
*तब कौन आएगा उन फोरलेन की सड़कों पर,*
*आज दुःख, संकट में तो कोई नहीं आ रहा मेरे अपनों की धड़कनों पर।*
*मेरे पहाड़ नहीं झेल सकते अनावश्यक बोझ, थोड़ा तो माननीयों आप भी सोचो,*
*मत छीलो मेरे पहाड़, मत पेड़ मेरे काटो।*
*यह जो बहता दिख रहा सैलाब है, इसमें मेरे अपनों का जीवन और रिसता रक्त है,*
*मलबा हट जाएगा एक दिन, लेकिन जख्म नहीं हैं कभी मिटने वाले।*
*मैं दर्द में हूं, फिर भी मैं लड़ रहा हूं,*
*अपनों की हिम्मत व हौसलों के साथ इस प्रलय से,*
*मैं फिर खड़ा हो जाऊंगा, हां मैं हिमाचल हूं,*
*मौत से लड़कर फिर लौट आऊंगा, लेकिन इस आफत में है किसका दोष,*
*यह प्रश्न छोड़ जाऊंगा...*
*न छोड़ो इस आफत में साथ मेरा, मैं अभी भी वही स्वच्छ, निर्मल, सुंदर*
*अलौकिक-गौरवशाली हिमाचल हूं,*
*जिसमें पर्यटकों की अनवरत गाथा है,*
*हां मैं अभी भी वही भारत की सांस्कृतिक विरासत का माथा हूं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अलविदा रजिस्टर्ड डाक : एक युग की खामोश विदाई





डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र स्तंभकार

एक सितंबर दो हजार पच्चीस को जब भारत डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी, तो संभवत: किसी समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर यह नहीं छपेगा, न ही किसी समाचार चैनल पर विशेष चर्चा होगी। यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है—उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिए की साइकिल की घंटी सुनकर अपने दिन की शुरुआत की। जिन्होंने पत्रों के माध्यम से रिश्तों को जिया और डाकघर की कतारों में खड़े होकर संवाद की प्रतीक्षा की।

रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी। यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज पर स्याही से अपने जज्बातों को उकेरा करते थे। जब एक लिफाफे में कई अनकही बातें, लंबा इंतजार और अनगिनत भावनाएं समाहित होती थीं। जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज़, केवल कागज का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था—कि यह जरूर पहुंचेगा, सही हाथों में, सही समय पर। रजिस्टर्ड डाक वह सेतु था, जो गांव को शहर से, मां को बेटे से, प्रेमिका को प्रेमी से और नागरिक को शासन से जोड़ता था। वह न केवल संवाद का माध्यम था, बल्कि संबंधों को सुरक्षित रखने वाला प्रहरी भी था। उसकी विशेषता यह थी कि वह खोता नहीं था, वह भटकता नहीं था। उसका पंजीकरण उसकी सुरक्षा थी और उसकी प्राप्ति की पावती एक तरह का भावनात्मक संतोष। एक समय था जब डाकिए केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि घर का परिचित चेहरा होता था। उसकी आवाज, उसकी साइकिल की घंटी और उसकी झोली में छिपे लिफाफों का इंतजार हर किसी को रहता था।

कोई सरकारी पत्र हो, किसी मामा जी की मनी ऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार—सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुंचता था और जब पत्र मिलता, तो उसे खोलने से पहले उसे छूकर महसूस किया जाता था— उसके कागज की मोटाई, उसके रंग की गहराई और उस पर लगी स्याही की गंध—सबमें अपनापन होता था, लेकिन अब समय बदल चुका है।

तकनीकी प्रगति ने हमारे संवाद के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। आज मोबाइल फोन, त्वरित संदेश सेवाएं, सामाजिक माध्यम और अंतर्जाल ने पारंपरिक पत्र-व्यवस्था को लगभग समाप्त ही कर दिया है। अब किसी को इंतजार नहीं रहता, सब कुछ पल में भेजा और पल में प्राप्त किया जाता है। ऐसे समय में भारत डाक द्वारा रजिस्टर्ड डाक को औपचारिक रूप से बंद करने और उसे स्पीड डाक में समाहित करने का निर्णय, समयानुकूल और आवश्यक तो है, परंतु भावनात्मक रूप से पीड़ादायक भी। स्पीड डाक, निस्संदेह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक बेहतर सेवा है। इसमें गति है, निगरानी है, तकनीकी दक्षता है, परंतु उसमें वह आत्मीयता नहीं है जो रजिस्टर्ड डाक में थी। वह अपनापन, वह धीमा मगर विश्वसनीय संवाद, वह सादगी—अब इतिहास बन जाएगी। रजिस्टर्ड डाक का अंत केवल एक सेवा का अंत नहीं है, यह एक युग का अंत है।

वह युग जिसमें शब्दों को सहेजा जाता था, जिसमें उत्तर पाने के लिए दिन नहीं, सप्ताहों की प्रतीक्षा की जाती थी। जब एक उत्तर में प्रेम, सम्मान और भावनाओं की परतें होती थीं। आज हम भले ही एक क्लिक में संवाद कर सकते हैं, लेकिन उस संवाद में स्थायित्व और गहराई का अभाव है। हम संदेश तो भेजते हैं, पर भावनाएं नहीं। हम पढ़ते तो हैं, पर समझते नहीं। रजिस्टर्ड डाक उस युग की अंतिम निशानी थी, जहां संवाद सिर्फ बात नहीं, एक भावना होता था। हमारे पुराने संदूकों में आज भी ऐसी चिट्ठियां मिलती हैं—पीले पड़े कागज, स्याही से भरे अक्षर, किनारों पर समय की छाप और भीतर वह सब कुछ जो किसी समय अनमोल था। वे चिट्ठियां अब केवल स्मृति हैं, किंतु रजिस्टर्ड डाक ने उन्हें आज तक सुरक्षित पहुंचाया। यह उसकी सबसे बड़ी सफलता है—कि उसने शब्दों को अमर बना दिया।

इस सेवा के बंद होने से एक भावात्मक सूत्र टूटेगा। यह वह सेवा थी, जिसने दूरी को भी एक बंधन बना दिया था। जिसने मां के आंचल से बेटे तक, प्रेमिका की आंखों से प्रेमी तक, शिक्षक की सीख से छात्र तक—सबको जोड़ रखा था। अब स्पीड डाक आएगी—तेज, सुविधाजनक, आधुनिक, परंतु उसमें वह ठहराव नहीं होगा, वह धैर्य नहीं होगा, वह प्रतीक्षा नहीं होगी जो रजिस्टर्ड डाक को विशेष बनाती थी। आज हम तकनीकी दृष्टि से जितने सक्षम हुए हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से खोखले भी हो गए हैं। संवाद तो अब भी होते हैं, पर उनमें आत्मा नहीं होती। रजिस्टर्ड डाक केवल चिट्ठी नहीं थी, वह आत्मा का दस्तावेज थी।

अब जब वह विदा ले रही है, तो यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं है—यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक पृष्ठ बंद होना है। रजिस्टर्ड डाक, तुमने केवल पत्र नहीं पहुंचाए, तुमने रिश्ते पहुंचाए। तुमने हमें जोड़ना सिखाया—शब्दों से, भावनाओं से, प्रतीक्षा से और विश्वास से। तुम भले ही अब औपचारिक रूप से बंद हो जाओ, परंतु हमारी यादों में, हमारे पुराने संदूकों में, हमारे दिलों में तुम सदा जीवित रहोगी। आज जब हम तुम्हें विदाई दे रहे हैं, तो यह विदाई नहीं, एक प्रणाम है—उस युग को, उस सादगी को, उस धैर्य को, उस अपनापन को, जिसे तुमने वर्षों तक अपने कंधों पर ढोया। अब भले ही डाकघर बदल जाएं, डाकिए डिजिटल हो जाएं, पत्र इतिहास बन जाएं—परंतु तुम, रजिस्टर्ड डाक, हमारे लिए सदा अमर रहोगी।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# हिमाचली लोकगायकों व कलाकारों की अनदेखी चिंतनीय





तुलसी राम डोगरा
पालमपुर

हिमाचल प्रदेश का पुरातन तथा अतुलनीय लोकप्रिय पहाड़ी गीत-संगीत, यहां की सभ्यता-संस्कृति और रीति-रिवाज लोगों के दिलों में एक अलग ही महत्व रखता है, जिसकी चर्चा और प्रशंसा चौतरफा होती है, क्योंकि यह अन्य राज्यों की तुलना में अपना विशेष स्थान बनाए हुए है, लेकिन इन शिवालिक पहाड़ियों की समृद्ध संस्कृति के मध्य धीरे-धीरे वर्तमान हिमाचली नौजवानों का रुख पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध की तरफ बढ़ रहा है, जो कि एक चिंतनीय विषय है। यही वजह है कि आज हिमाचली अपनी पारंपरिक सभ्यता और संस्कृतिक मूल्यों को बचाने में नाकाम होते जा रहे हैं। निष्पादन कलाओं के अंतर्गत लोक नृत्यों, लोक नाट्य नाटकों, शास्त्रीय तथा लोक संगीत यहां की विरासत है और इसी को अक्षुण्ण रखने के लिए यहां मेलों व अन्य उत्सवों के अवसरों पर लोक संगीत के कार्यक्रम सांस्कृतिक संध्याओं के मध्यम से प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं तथा स्वायत्त संस्थाओं को ऐसे आयोजनों के लिए हिमाचल प्रदेश का भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग वित्तीय तथा आयोजन संबंधी सहयोग-अनुदान तन्मयता से देता आ रहा है, जो कि प्रशंसनीय है।

दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश शायद पहला राज्य है, जहां भाषाई एवं संस्कृतिक सर्वेक्षण का व्यापक शोध का कार्य हो रहा है। इसके लिए उक्त विभाग बधाई का पात्र है, लेकिन कई वर्षों से देखने में यह आ रहा है कि हिमाचल के लोक गायक-कलाकार अपनी पारंगत कला से महरूम हो रहे हैं यानी उन्हें अंतरराष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय मेलों व अन्य आयोजनों में उचित स्थान नहीं मिलता है, जिसके कारण वह मन में एक पीड़ा लिए रहते हैं। प्रदेश के लोक गायकों-लोक कलाकारों की आए दिन अवेहलना हो रही है, जो कि एक गंभीर एवं चिंता का विषय है।

हिमाचल प्रदेश में पहाड़ी लोक संगीत की अलग ही पहचान है। यहां की लोक संस्कृति में तपे हुए कई नामी-गिरामी कलाकार मौजूद हैं, लेकिन यह अनेक बार सांस्कृतिक संध्याओं में अपनी उपेक्षा का शिकार बन रहे हैं, जो चिंतनीय विषय है। हिमाचली कलाकारों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन अपने ही राज्य में प्रतिभा मंच की बजाय प्रपंच का शिकार हो रहे हैं। अब ऐसा प्रतीत होता है कि मेलों के दौरान आयोजित कारवाई जा रहीं सांस्कृतिक संध्याए मात्र औपचारिताओं तक ही सिमट कर रह गई हैं, जिसके चलते प्रदेश में लोक संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन सरकार की अव्यवस्था के आगे भेंट चढ़ता जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकार कई मर्तबा अपना वजूद तलाशते नजर आते हैं व अपनी वेदना को छुपाए रखते हैं। हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन अगर उक्त मंचों पर उन्हें मौका मिल भी जाए, तो जो मेहनताना अपनी प्रस्तुति के दौरान उन्हें मिलता है वह मात्र ऊंट के मुंह में जीरे जैसा होता है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि मेलों में आयोजित संस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय प्रदेश की बहुरंगी संस्कृति के दीदार होते हैं, जिससे हम तथा बाहरी दर्शक-श्रोता राज्य की बहुमूल्य संस्कृति से रू-ब-रू होते हैं। लोक वाद्य और लोकगीतों की धुनों में थिरकते कलाकारों का उत्साह तो देखते ही बनता है, जिसका परिणाम दर्शकों की बेशुमार गड़गड़ाहट करतीं तालियां की बौछारें और वन्स मोर वन्स मोर की करतल ध्वनि से श्रोताओं की फरमाइशें। वास्तव में यह आलौकिक तथा दिल को छू लेने वाले दृश्य तो देखते ही बनते हैं, लेकिन, यह विडंबना है कि सांस्कृतिक संध्याओं में बाह्य कलाकारों की समय सीमा ज्यादा होती है और स्थानीय कलाकार कुछ समय में ही सिमट कर रह जाते हैं। दूसरी ओर चयन करते समय पूरी पारदर्शिता और भाई-भतीजा, पक्षपात दरकिनार कर स्थानीय कलाकारों को अधिक तव्वजो मिलनी चाहिए, ताकि यह कलाकार जिनका अपनी कला की प्रस्तुति पेश कर रोजी-रोटी का एकमात्र साधन है, ऐसे निपुण कलाकार इस अवसर से वंचित न हों, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**इस** वर्ष के मानसून ने हिमाचल प्रदेश व अन्य पहाड़ी राज्य में बादल फटने से जानमाल की बहुत हानि हो रही है। कई गांव लगभग पूर्णरूप से बर्बाद ही हो गए हैं, परंतु विचारणीय बात यह है कि बादल फटने का कारण ग्लोबल वार्मिंग या कुदरत से छेड़खानी का ही नतीजा तो नहीं है? यह बहुत ही चिंतनीय विषय है कि मानव की कुदरत से छेड़खानी से अब पहाड़ों पर आफत के असर साफ नजर आने लगे हैं। वर्तमान समय में पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के लिए बहुत चिंतित है। इस आपदा के समय में चिंता नहीं, चिंतन करना होगा और यहां पर यह भी तह करना जरूरी है कि मानव ने केवल और केवल अपनी सुविधाओं के लिए पहाड़ों का सीना छलनी कर दिया है। परंतु बात यह है कि इस समय भी नहीं संभले तो परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं। इसलिए मानव को समय रहते संभल जाना चाहिए, ताकि भविष्य सभी के लिए चिंताजनक न बना रहे।

**अश्वनी कुमार, शाहपुर**

# अमेरिकी टैरिफ वॉर से भारत को चुनौती या आपदा में अवसर ?





योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, नेरचौक, जिला मंडी

टैरिफ वॉर से भारत को जो नई चुनौती मिली है, उस चुनौती को भारत के प्रधानमंत्री मोदी कैसे सुलझा पाएंगे? इस पर देश के साथ अन्य देशों की नजरें भी टिकी हुई है। वैसे तो ट्रंप और मोदी की दोस्ती बताई जाती है, परंतु स्पष्ट हो गया कि राजनीति व विदेश नीति में न कोई दुश्मन और न कोई दोस्त। सभी देशों के आपसी संबंध व्यापार व अपने देश हितों के साथ तय होते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री मोदी, ट्रंप के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए वाशिंगटन दौरे पर गए थे। दोनों नेताओं में 13 फरवरी को द्विपक्षीय वार्तालाप हुई, जिसमें वर्ष 2030 तक दोनों देशों में आपसी व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने की सहमति बनी।

वर्तमान में दोनों देशों का आपसी व्यापार 131 अरब डॉलर है। भारत ने 88 अरब डॉलर का सामान अमेरिका को निर्यात किया और अमेरिका ने 43 अरब डॉलर का सामान भारत को भेजा। आपसी व्यापार घाटे को संतुलित करने पर भी चर्चा हुई। वार्तालाप के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ विशेष बंधन है और मोदी कठिन वार्ताकार हैं। आपसी सहमति को कार्य रूप देने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें कार्य करेगी। फरवरी से आज तक चार वार्ताएं हुई। पांचवीं वार्ता इसी माह की 22-23 तारीख को प्रस्तावित है (शायद बैठक न हो)। दोनों देशों की वार्ताओं से कोई हल निकलने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ लगाने की एक तरफा घोषणा कर दी। अन्य देशों को भी टैरिफ अलग-अलग दरों से लगाया गया। भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ की श्रेणी में रखा और जिसे 7 अगस्त से लागू कर दिया गया है। साथ ही यह कहा कि भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त पेनल्टी लगाएंगे, जिसे 27 अगस्त से लागू किया जाएगा। पिछले कई वर्षों से भारत पर पहले टैरिफ 10-17 प्रतिशत था।

अब अमेरिका भारत की वस्तुओं के आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जिससे भारत की वस्तुओं का निर्यात प्रभावित होगा। राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि भारत रूस से तेल न खरीदें, परंतु भारत इसके लिए तैयार नहीं है। इसी कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पेनल्टी है। ट्रंप यह चाहते हैं कि भारत अपना कृषि व डेयरी बाजार अमेरिका के लिए खोल दें। यदि ऐसा होता है तो भारत के किसान, पशुपालक व मछुआरे प्रभावित होंगे। अभी तक तो अमेरिका से कृषि व डेयरी उत्पाद भारत में आयात नहीं होते हैं। अमेरिका टैरिफ वॉर भारत सरकार ने विरोध दर्ज करवाते हुए कहा कि अमेरिका का दोहरा मापदंड सही नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव को समझते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी दौरे के दौरान सभा को संबोधित किया और स्वदेशी को अपनाने की अपील की।

स्वदेशी खरीदे। स्वदेशी को महत्व दें। स्वामीनाथन शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री ने अधिक स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत अपने हितों की रक्षा करेगा। किसी भी तरह से किसानों, पशुपालकों व मछुआरों को कोई नुकसान नहीं होने देंगे। अमेरिका के आर्थिक दबाव में भारत नहीं झुकेगा। सरकार की नीति भारत प्रथम है। अमेरिका सहित अन्य देशों के अतिरिक्त भारतीयों को भी संदेश देकर अपना दृष्टिकोण भारत प्रथम दोहरा दिया। भारत के लिए कठोर समय है। भारत के निर्यातकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, क्योंकि भारत से जो सम्मान अमेरिका जाएगा वह टैरिफ के कारण महंगा हो जाएगा। अमेरिकन लोग महंगा सामान नहीं खरीदेंगे। अमेरिका को दवाइयां और टैक्सटाइल क्षेत्र से अधिक मात्रा में भारत से निर्यात होता है। यदि अमेरिका बाजार में अस्थिरता आती है तो भारत के फार्मा व टैक्सटाइल दोनों क्षेत्रों में अधिक प्रभाव पड़ेगा।

उत्पादन करने वाले श्रमिकों की नौकरियां भी प्रभावित होंगी। टैरिफ वॉर से भारत की अर्थव्यवस्था को भी ब्रेक सी लग जाएगी, जिसे सुधारना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि भारत जीडीपी में आधा प्रतिशत की कमी आ सकती है। ऐसा नहीं है कि टैरिफ वॉर से केवल भारत प्रभावित होगा, बल्कि अमेरिका को भी प्रभावित होना पड़ेगा। महंगे सामान के कारण अमेरिकियों द्वारा अमेरिका सरकार की आलोचना हो सकती है। चर्चा है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत से नाराज हुए हैं। नाराजगी का पहला कारण भारत पाकिस्तान में हुए सीजफायर का श्रेय भारत की तरफ से नहीं मिला। दूसरा कारण जी 20 शिखर सम्मेलन से प्रधानमंत्री मोदी को कनाडा से अमेरिका रुक कर वापस भारत लौटने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने आग्रह किया, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पहले तय अपनी अन्य व्यवस्था के कारण मना कर दिया था।

ब्रिक्स समूह के देशों के गठबंधन से राष्ट्रपति ट्रंप नाराज दिख रहे हैं। ब्रिक्स समूह में पांच संस्थापक सदस्य ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका। इस समूह में अन्य देश भी जुड़ रहे हैं जिससे ट्रंप खुश नहीं है। अमेरिका टैरिफ वॉर की चुनौती का हल भारत सरकार को निकालना पड़ेगा। भारत को अन्य देशों में बाजार खोजना होगा जिसके लिए समय लग सकता है या सरकार को अपने खजाने से अनुदान देकर निर्यातकों व उत्पादकों को व्यापार में मदद करनी पड़ेगी। श्रमिकों का भी ध्यान रखना होगा। भारत के प्रधानमंत्री टैरिफ आपदा का कोई न कोई रास्ता अवश्य निकाल लेंगे, ताकि भारत अर्थव्यवस्था की रफ्तार जैसे वर्तमान में चल रही है वैसे ही भविष्य में चलती रहे। आपदा में अवसर ढूंढना भारत के प्रधानमंत्री मोदी का नारा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# भाग्य अपना-अपना, कोई झोपड़ी में खुश, तो कोई महलों में भी रोता है





नरेंद्र भारती
वरिष्ठ स्तंभकार, मंडी

भाग्य अपना-अपना है कोई झोपड़ी में खुश है तो महलों में भी रोता है। भाग्य किसी की बपोती नहीं होती कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है, अच्छे कर्म करते रहिए। अपना-अपना भाग्य होता है। कहते हैं जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा। कर्म प्रधान होता है, इसलिए कर्म करते रहिए। भाग्य किसी को भी मिट्टी में मिला सकता है।

भाग्य एक पल में किसी को कंगाल बना दे यह किसी को पता नहीं होता। दो जून की रोटी को तरसने वाले आज अपना समय भूल चुके हैं, अच्छे कर्म करते रहिए जीवन स्वर्ग बन जाएगा। आज कुछेक तथा कथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है, जिसके वे काबिल नहीं है, लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरूर धूल चटाता है जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता एक कहावत है कि घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध, आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते हैं, बाहर के तमाशा देखते हैं।

आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को उपर उठाया जाता है, भेदभाव किया जाता है प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है। आज कितने ही प्रतिभावान लोग है जिन्हे दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते है कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते है कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़कर बाहर आती है तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते हैं, यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर कि वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिंदगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है, जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है।

जब इंसान जिंदा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है, तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझते हैं। जिन्होंने जब जिंदा था तो बात तक नहीं की होंगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता, मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता, उसके मृत शरीर पर सैकड़ों चादरें डाली जाती है। जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुंह में शुद्ध देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आत्मकेंद्रित लोग बहुत ही घातक होते हैं, बस अपना काम हो जाए दुनिया भाड़ में जाए।

समाज में ऐसे लोग किसी के नहीं होते है। आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए, हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए। कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है, इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए, क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है।

ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए, अगर गरीब की बददुआ लग जाए, तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है। इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए। मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इंसान के रूप में हमेशा याद किया जा सके। भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना चाहिए। आज का मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है, मगर उपर का खाता खाली है इसलिए प्रत्येक साधन-संपन्न मानव को लाचार व गरीब लोगों को दान पुण्य करना चाहिए। मानव को एकजुट होकर हर मानव का काम करना चाहिए, कहते है कि एकता में बड़ा बल होता है। गरीब आदमी बेईमान नहीं होता नमक से खा लेता है, किसी के आगे हाथ नहीं फैलाता। स्वाभिमान से जिओ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी में गूंजा स्वदेशी अपनाओ, बाजार बचाओ

## विदेशी ऑनलाइन कंपनियों के विरुद्ध हुआ जोरदार प्रदर्शन, व्यापारियों में दिखा जबर्दस्त उत्साह

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में सोमवार को मंडी में आयोजित स्थानीय व्यापार बचाओ कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। इस आयोजन में मंडी, सुंदरनगर, नेरचौक, कोटली, जोगिंदरनगर, दरंग, गोहर, पड्डर, पनरसा, रती, रिवालसर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापार प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने जोरदार उपस्थिति दर्ज की।

इस आयोजन का नेतृत्व स्वदेशी शोध संस्थान विमर्श की प्रांत प्रमुख और मंच की अनुपमा सिंह ने किया। उनके नेतृत्व और मजबूत समन्वय के चलते यह कार्यक्रम एकजुटता और स्वदेशी भावना का प्रतीक बनकर उभरा। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर आवाज को बुलंद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा किए जा रहे मूल्य युद्ध और बाजार पर कब्जे की रणनीति की कड़ी आलोचना की। वक्ताओं का कहना था कि ये कंपनियां छोटे दुकानदारों को धीरे-धीरे खत्म कर रही हैं, जिससे देश के पारंपरिक व्यापार तंत्र और रोजगार पर संकट गहराता जा रहा है। सभा में विशेष रूप से जसवंत यादव, सुषमा, प्रियंका, वीरेंद्र भट्ट सहित मंडी के कई पार्षद व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



मंडी में धरना-प्रदर्शन करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी।

### आंदोलन को राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की घोषणा

हेमराज पठानिया, मित्र देव, पुष्पा, सीमा सहित अन्य वक्ताओं ने स्वदेशी आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में यह घोषणा की गई कि यह आंदोलन अब राज्य स्तरीय अधिवेशन की ओर बढ़ेगा और आगामी सितंबर से इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार दिया जाएगा। स्वदेशी अपनाओ, अपना बाजार बचाओ का संदेश पूरे देश में गूंजेगा यही इसका उद्देश्य है।

# हिमाचल सहित उत्तर भारत के हर्बल नायक लाल किले पर होंगे सम्मानित

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंदरनगर।** इस स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली के लाल किले में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में हिमाचल सहित उत्तर भारत के चुनिंदा हर्बल नायकों को विशेष सम्मान मिलेगा। आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) ने 14 से 16 अगस्त तक विशेष अतिथि कार्यक्रम में हरियाणा, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के किसानों, नवप्रवर्तकों और हर्बल उद्यमियों को आमंत्रित किया है।

हिमाचल के गोविंद सिंह और आशा देवी ब्राह्मी व शतावरी की खेती में अग्रणी हैं, जबकि दीप सिंह और रमना देवी ने हर्बल खेती को एग्रो-टूरिज्म से जोड़ा है। पंजाब के नरेश कुमार और प्रेमजीत सिंह

### आयुष मंत्रालय देगा औषधीय पौधों के संवर्धन में योगदान का सम्मान

चोपड़ा ने 1,000 एकड़ में देश का पहला 'औषधीय वन' तैयार किया है। अन्य राज्यों के किसान अश्वगंधा, चंदन, कुटकी, तुलसी, मोरिंगा, मेहंदी और मुलेठी जैसी औषधीय फसलों के नवाचार कर रहे हैं।

एनएमपीबी के उत्तरी क्षेत्र प्रभारी डॉ. अरुण चंदन ने इन किसानों को परंपरागत पादप ज्ञान के संरक्षक बताया। हिमाचल के आयुष निदेशक रोहित जंवाल ने कहा कि प्रदेश औषधीय पौधों की खेती में नया इतिहास रच रहा है और 'हर्बल राज्य' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# सुंदरनगर में बरसाती मौसम में जर्जर मकानों के लिए बना खतरा

**भीम बसेहु, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर उपमंडल के कई हिस्सों में पुराने, क्षतिग्रस्त और जर्जर मकान इस बरसाती मौसम में गंभीर खतरा बने हुए हैं। लगातार हो रही भारी बारिश से न केवल सड़कों और रास्तों को नुकसान पहुंचा है, बल्कि खंडहरनुमा मकान भी गिरने की कगार पर हैं। इनमें से कई मकान सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों से सटे हैं, जो किसी भी समय ढहकर बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान कर सकते हैं। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत सर्वे कर ऐसे मकानों को गिराने की कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। लोगों ने डीसी मंडी से मांग की है कि सुरक्षा के मद्देनजर ढहने की स्थिति में पहुंचे इन मकानों को जल्द से जल्द हटाया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रवृत्ति योजनाओं पर संवाद कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में छात्रवृत्ति योजना से संबंधित संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रवृत्ति नोडल ऑफिसर एवं स्रोत वक्ता प्रो. जोगिंद्र सिंह ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया ने विद्यार्थियों से योग्य होने पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ अवश्य लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थी प्रक्रिया से बचने के कारण इस सुविधा से वंचित रह जाते हैं। कार्यक्रम में सभी अध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा रैली

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** भाजपा पधर मंडल की हर घर तिरंगा अभियान की बैठक मंडल अध्यक्ष इंद्रर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला भाजपा प्रवक्ता सुरेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारतीय सेना आज दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में गिनी जाती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बाद पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं, जिससे भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का सम्मान हुआ। बैठक के उपरांत पधर बाजार में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक नारे लगाए गए और लोगों को अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर पधर मंडल भाजपा महामंत्री सुरेश कटारिया, मंडल उपाध्यक्ष हरीश, प्रेम सिंह पिंटू, बीडीसी चेयरमैन शीला ठाकुर, नरेंद्र, पवन राव, पूर्व जिला परिषद सदस्य खेम सिंह, शेष राम, कुशाल शर्मा, सभी बूथ अध्यक्ष, सभी ग्राम अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता तथा लगभग डेढ़ सौ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीए की बकाया किस्तों का शीघ्र हो भुगतान

**अनंत ज्ञान, पधर।** हिमाचल पेंशनर्ज संघ दरंग खंड की बैठक रविवार को सामुदायिक भवन पधर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रधान एम.सी. चौहान ने की। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रेस सचिव गोकुल चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रधान एमसी चौहान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की कि महंगाई भत्ता (डीए) की बकाया किस्तों का भुगतान शीघ्र किया जाए और यह भुगतान एरियर सहित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को संशोधित पेंशन के सभी वित्तीय लाभ बिना देरी के प्रदान किए जाएं। प्रधान ने लंबित पड़े चिकित्सा भत्तों के शीघ्र निपटारे की भी मांग की। साथ ही, चिकित्सा भत्ता वर्तमान दर से बढ़ाकर 1,000 रुपए प्रति माह करने का आग्रह किया गया। बैठक में संघ के नए सदस्य खेम सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर केसी नेगी, मनोज कुमार, राम सिंह, नागेंद्र सिंह, निर्मल चौहान, रामरखा, बुद्धि सिंह, संत राम, खेम सिंह, बालम राम और राम सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### 29 युवाओं को मिली सिक्योरिटी में नौकरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट में सोमवार को एसआईएस सिक्योरिटी लिमिटेड द्वारा 120 पदों के लिए भर्ती साक्षात्कार आयोजित किए गए। भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 50 युवा पहुंचे, जिनमें से 29 का चयन किया गया। इस भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास या उससे अधिक रखी गई थी। आवेदकों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच और शारीरिक लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर, वजन 55 से 95 किलोग्राम के बीच होना अनिवार्य था। साथ ही केवल वही उम्मीदवार पात्र थे, जिनका नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत था। चयनित युवाओं को प्रतिमाह 17,500 से 22,000 तक वेतन के साथ ग्रेच्युटी, ईपीएफ, ईएसआईसी और इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। इनकी नियुक्ति हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के विभिन्न बैंकों, मॉल, अस्पताल, एटीएम, सोसाइटी और औद्योगिक क्षेत्रों में की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया की जानकारी उप-रोजगार कार्यालय सरकाघाट के प्रभारी सुमीत शर्मा ने दी।

### 12 दिवसीय मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) मंडी द्वारा ग्राम पंचायत चैलचौक में सोमवार को मोमबत्ती बनाने का 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 11 से 22 अगस्त तक चलेगा और पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आरसेटी मंडी की संकाय स्वाति शर्मा ने किया। इस प्रशिक्षण में 35 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। स्वाति शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मोमबत्ती निर्माण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद तैयार करना, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण, विपणन प्रबंधन, लागत और मूल्य निर्धारण, लाभ गणना, लेखा-जोखा रखने तथा समय प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी। स्वाति ने बताया कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर अनेक बेरोजगार युवा अपना स्वयं का व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रहे हैं।

# पुलिस ने टैक्सी यूनियन के साथ मिलकर गाड़ियों के काटे चालान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

संधोल में निजी गाड़ियों द्वारा अवैध रूप से सवारियों को ढोने से परेशान टैक्सी मालिकों ने सोमवार को समीर सेतु पर पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर नाका लगाकर करीब आधा दर्जन गाड़ियों के हजारों रुपए के चालान करवाए।


मनसा माता टैक्सी यूनियन संधोल के करीब 42 चालकों ने पुलिस और आरटीओ मंडी को इस संदर्भ में कई बार अवगत करवाया था कि संधोल में दर्जन भर निजी गाड़िया अवैध रूप से सवारियों को ढोने से उन्हें बहुत नुकसान हो रहा है और उनकी रोजी रोटी भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय पुलिस ने इनकी व्यथा सुनने के बाद संयुक्त रूप से हारसीपत्तन पुल पर नाका लगाकर करीब आधा दर्जन गाड़ियों के चालान करवाकर हजारों रुपए सरकारी खजाने में जमा करवाए। पुलिस विभाग के मुख्य आरक्षी हेमराज ने बताया कि विभाग इनकी शिकायत पर निजी गाड़ियों के चालान किए गए और कुछ को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।



# ज्योतिरादित्य ने पास की आईआईटी परीक्षा, कंप्यूटर विज्ञान में मिला प्रवेश

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मंडी जिले के लिए यह गर्व का क्षण है जब यहां के 17 वर्षीय मेधावी छात्र ज्योतिरादित्य जम्वाल ने आईआईटी जम्मू में कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम में स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह सफलता देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) उन्नत 2025 को उत्तीर्ण कर के हासिल की है। ज्योतिरादित्य ने इससे पहले जेईई मुख्य परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे, जिसे देशभर के लगभग 15 लाख विद्यार्थियों ने दिया था।



इसके पश्चात जेईई उन्नत परीक्षा में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया और आईआईटी जम्मू में चयनित हुए। मंडी में जन्मे और पले-बढ़े ज्योतिरादित्य स्व. रूप लाल जम्वाल और कौशल्या जम्वाल के पौत्र हैं। वे जितेंद्र जम्वाल (बैंक कर्मचारी) व याशु जम्वाल (शिक्षिका) के पुत्र हैं। उनके माता-पिता ने कहा कि ज्योतिरादित्य प्रारंभ से ही जिज्ञासु, अनुशासित और आत्म-प्रेरित छात्र रहा है। ज्योतिरादित्य को संख्या गणित, कोड लेखन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में गहरी रुचि है, जिसे वह अब आईआईटी में और विकसित करना चाहता है। वह एक सक्रिय ब्लॉगर और वीडियो निर्माता भी है। उसकी तैयारी यात्रा पर आधारित यूट्यूब चैनल ज्योतिरादित्य डिकोड्स (आईआईटी जम्मू) के 15,000 से अधिक फॉलोअर्स हैं।

# दलाईलामा को भारत रत्न देने की मांग तेज, चमन राही ने केंद्र से की अपील

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**अखिल** भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने केंद्र सरकार से तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को भारत रत्न प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निर्वासन के बाद से दलाई लामा ने शांति, अहिंसा और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देने में अहम योगदान दिया है, जिसे पूरी दुनिया मानती है।



चमन राही का कहना है कि यह निर्णय भारत की सहिष्णुता, बहुलवाद और मानवीय मूल्यों की परंपरा का सम्मान होगा। चमन

### कहा- शांति, बहुलवाद और मानवीय मूल्यों के प्रतीक

राही ने कहा कि दलाई लामा के शांति प्रयासों से देश का दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज प्रेरित है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाकर बहुलवाद और मानवता की परंपरा को आगे बढ़ाया था। दर्जनों सांसद भी इस मांग का समर्थन कर चुके हैं। चमन राही ने केंद्र से 15 अगस्त के बाद यह ऐतिहासिक निर्णय लेने का आग्रह किया, जिससे भारत का वैश्विक नैतिक नेतृत्व और मजबूत होगा।

# सेब सीजन के मद्देनजर तुरंत बहाल हों बंद सड़कें

नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** सोमवार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बालीचौकी के कार्यालय में सेब उत्पादक संघ, फल और सब्जी उत्पादक संगठन, सराज ट्रक यूनियन और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में विभिन्न सड़कों को सेब सीजन के लिए शीघ्र खोलने का निर्णय लिया गया। मुख्य सड़कें बालीचौकी सुधरानी थाटा खोडाथाच गंगचा, वाली चौकी डीडर वाया पंजाई, थलौट-पंजाई, थलौट-चलौट वाया पंजाई, थलौट-मुराहा, शेगला-बूंधा टीपर, देवदार-मलारी, सारली-डोभा पंजाई, दली-बागी थाच, बाली चौकी-कांढा सड़कें मुख्य रूप से शामिल है।

बैठक में 2025-26 के लिए सेब सीजन के लिए प्रति किलोग्राम से किराये की नोटिफिकेशन करने का निर्णय लिया गया। उपमंडल अधिकारी नागरिक ने इस बात को माना कि किराया कानूनी प्रक्रिया है और कानून के हिसाब से ही किराया तय किया जाएगा। इसके साथ-साथ सेब उत्पादक संघ ने टकोली टोल प्लाजा को शीघ्र बंद करने का प्रशासन से आग्रह किया। उपमंडल अधिकारी नागरिक ने तुरंत प्रभाव से उपयुक्त मंडी व राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखकर गैर कानून की रूप से वसूले जा रहे टोल टैक्स को बंद करने बारे पत्र लिखा। इसके साथ-साथ पंचायत को



### टकोली टोल प्लाजा बंद करने को लेकर लिखा पत्र

पंचायत की कुछ सड़कें पंचायत निधि से खोलने का पत्र लिखने का भी निर्णय लिया।

बैठक में सेब उत्पादक संघ के राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा, वाली चौकी कमेटी सचिव यदुनंदन राय, प्रकाश, शेर सिंह, दिले राम मेहता और ट्रांसपोर्टर भगीरथ, कर्मदुत, यशवंत शर्मा, प्रदीप कुमार उपस्थित थे।

# मंडी आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आया राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मानवीय** सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की अनूठी मिसाल पेश करते हुए, राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह के नेतृत्व में फाउंडेशन ने हाल ही में आई भीषण आपदा से प्रभावित मंडी जिला के पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए सराहनीय पहल की है। आज फाउंडेशन के सदस्यों ने अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह के सौजन्य से फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य यदुपति ठाकुर सहित मंडी जिला से संबंधित अन्य सदस्यों ने 11 लाख रुपए का चेक उपायुक्त मंडी को भेंट किया। यह राशि राहत, पुनर्वास एवं आवश्यक सहायता कार्यों के लिए प्रदान की गई।

इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन हमेशा हिमाचल प्रदेश के लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहा है। हाल ही में फाउंडेशन के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी और उन्हें राहत देने का संकल्प लिया था। संकट और प्राकृतिक आपदाओं के समय, हमारा कर्तव्य है कि हम एकजुट होकर प्रभावित परिवारों के जीवन को पुनः पटरी पर लाने में मदद करें। यह योगदान हमारे दायित्व और सेवा भावना का एक छोटा सा प्रयास है। इस अवसर में यदुपती ठाकुर, अजय मोदगिल, आजाद ठाकुर, सचिन वर्मा, अनिल शर्मा, तरुण ठाकुर, किशोरी ठाकुर, गोपाल कृष्ण, बोधराज आदि मौजूद रहे।


उपायुक्त मंडी को चेक भेंट करते हुए राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य।

# 15 को सीएम सुक्खू के समक्ष उठाएंगे एनएच का मुद्दाः भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**एनएच** निर्माण कार्य से पेश आ रही समस्याओं के बारे हिमाचल किसान सभा 15 अगस्त को सीएम सुक्खू को सरकाघाट में मांगपत्र सौंपेगी। यह निर्णय सरकाघाट में किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा और दिनेश काकू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। इसमें पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह सहित दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया। बैठक प्रस्ताव पारित किया गया कि मुख्यमंत्री को दिए जाने वाले मांगपत्र में कंपनी के निर्माण कार्य के कारण दर्जनों घरों के पास की गई कटिंग के कारण उनके गिरने का खतरा पैदा हो गया है और चोलथरा ग्राम पंचायत में ही एक दर्जन घर इससे प्रभावित हुए हैं। कंपनी ने रास्ते, लिंक रोड, पानी के प्राकृतिक स्रोत तोड़ दिए हैं जिन्हें चार साल से नहीं बनाया जा रहा है। इसके अलावा



### कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के लिए पुलिस की करेंगे शिकायत

कंपनी द्वारा पाड्छू से आगे की गई अवैध ब्लास्टिंग, डंपिंग, खनन ने धर्मपुर क्षेत्र में आजकल तबाही मचाई हुई है।

कंपनी के खिलाफ सरकाघाट थाने में 4 जून व धर्मपुर में 23 जून को एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायतें दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने कंपनी ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। साथ ही हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाना जा रही है।

# राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी व्यवस्थाएं को समय पर करें पूरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 79वें राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 का आयोजन इस बार सरकाघाट में भव्य रूप से किया जाएगा। समारोह को गरिमामयी और सुसंगठित बनाने के लिए सोमवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने की। इस दौरान डॉ. मनु वर्मा (भाप्रसे) भी उपस्थित रहीं। बैठक में एसडीएम स्वाति डोगरा व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और उन्होंने समारोह को सफल बनाने के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। एसडीएम स्वाति डोगरा ने अतिरिक्त उपायुक्त को विभिन्न तैयारियों से अवगत करवाया। इस मौके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और आपसी समन्वय के साथ पूरी करने के निर्देश दिए। एडीसी ने मुख्यातिथि, वशिष्ठ अतिथि व आगंतुकों की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, मार्ग संचालन, विद्युत आपूर्ति, स्वागत-सत्कार, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

# डीएवी में वैदिक सप्ताह का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर मंडी में आज से श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में वैदिक सप्ताह का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 16 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक यज्ञ से हुई, जिसमें यज्ञ के ब्रह्म आचार्य वेद मित्र शास्त्री रहे, उन्होंने गायत्री मंत्र और वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत शुरुआत की। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया, सभी अध्यापकगण और विद्यार्थियों ने यज्ञ में भाग लेकर वैदिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

यज्ञ के उपरांत भजन संध्या और प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य वेद मित्र शास्त्री ने विद्यार्थियों को श्रावणी पर्व तथा वेदों की महत्ता से अवगत कराया। प्रधानाचार्य गुलेरिया ने बताया कि वैदिक सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, वेद मंत्र प्रतियोगिता, गायत्री मंत्र प्रतियोगिता, अनुच्छेद लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, शोभायात्रा, दैनिक हवन, वृद्धाश्रम में अनुदान, देशभक्ति कार्यक्रम, पूर्णाहुति यज्ञ और ऋषि लंगर जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में धर्म, संस्कृति, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों का विकास करना है। श्रावणी पर्व का शुभारंभ विद्यालय में बड़े उत्साह, श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।


वैदिक सप्ताह के शुभारंभ करने के दौरान यज्ञ करते हुए।

# सावन में प्रेस क्लब मंडी ने लगाया खीर का भंडारा; डीसी ने खुद बांटी, सराहना की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**सावन** माह के पावन अवसर पर प्रेस क्लब मंडी ने भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम पेश करते हुए शहर में खीर भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डीसी अपूर्व देवगन ने खीर स्थल पर पहुंचकर भक्तों को अपने हाथों से खीर बांटी और आयोजन की सराहना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने सभी का धन्यवाद किया।


उपायुक्त मंडी खीर वितरित करते हुए।

इस अवसर पर प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष भगत सिंह गुलेरिया, नवगठित मांड्व्य पत्रकार परिसंघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, विप्लव सकलानी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (मनोनीत) रूप लाल कौंडल, ज्वाइंट सेक्रेटरी सुरेंद्र शर्मा, मनोनीत कोषाध्यक्ष विनोद राणा, पूर्व अध्यक्ष मुरारी शर्मा, अंकुश सूद, डिप्टी चीफ एडवाइजर सोनिया शर्मा, प्रेस सचिव राकेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार दीपेंद्र मांटा, पुरुषोत्तम शर्मा, मेंबर नरेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, चमन शर्मा, देवेंद्र ठाकुर, यश राज, धर्मवीर, पुष्प राज, राकेश राणा, मुकेश मेहरा, हिमांशु कश्यप, अशोक कुमार, हरदेव हर, तरनदीप, हंस राज, जागृति, डिम्पल, अजय कुमार, जिला लोक संपर्क विभाग मंडी का स्टॉफ सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** मंडी में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न, 180 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए हुआ खिलाड़ियों का चयन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा टाउन हॉल मंडी में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हो गई। समापन समारोह में मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक हाजरी ने मुख्यातिथि का पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और आयोजकों को अपनी ऐच्छिक निधि से 40 हजार रुपये देने की घोषणा भी की।

एसोसिएशन के महासचिव दातुल चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले भर से लगभग 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीन दिवसीय मुकाबलों में विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभागियों ने दमदार प्रदर्शन किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची भी जारी की गई। चयनित खिलाड़ियों के लिए 12 अगस्त से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता 20 अगस्त से ऊना में आयोजित होगी। अंडर-15 और अंडर-17 प्रतियोगिताएं हमीरपुर में तथा अंडर-11 और अंडर-13 मुकाबले शिमला में होंगे। चीफ रेफरी अतुल शर्मा ने विभिन्न वर्गों में विजेताओं और उपविजेताओं के नाम घोषित किए, जिनमें समायरा, राधा मोहन, अध्यात्म, अध्यांत, डिमायरा, नव्या बहल, तनीशा, तक्षय, गुरवंश, अंकिता, अर्नव शर्मा, अनुराग ठाकुर, गरीमा, संस्तिता, अवनी, तन्मय, कार्तिक, प्रथम, भवनीत, वेदांशी, ज्ञान, अग्रिम, पार्थ शर्मा, अनुराग, प्रतिक्षा, राहुल, अर्जुन, दातुल और रतन शामिल रहे।


विधायक अनिल शर्मा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

### उरला स्कूल के दो छात्रों ने जीता रनरअप का खिताब

**पधर।** जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-13 वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उरला के दो छात्र खिलाड़ियों ने रनर-अप का खिताब जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य संजीव ठाकुर ने बताया कि आहान धरवाल और आरुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में उपविजेता रहे। उन्होंने दोनों विजेता खिलाड़ियों, शारीरिक शिक्षा अध्यापक जितेंद्र ठाकुर, राकेश कुमार और अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व मंत्री एवं सदर के विधायक अनिल शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। एसएमसी प्रधान भूप सिंह धरवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस सही मार्गदर्शन और सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने खिलाड़ियों और स्कूल प्रशासन को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

# शिविर में 54 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंदरनगर में रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं, विशेषकर अनेक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों में प्रो. विशाल, प्रो. मंजु, डॉ. नवीन राठौर, डॉ. पवन, प्रो. धीरज एवं क्लर्क विनोद ने भी रक्तदान कर योगदान दिया। इसके अतिरिक्त टैक्सी यूनियन, एचआरटीसी एवं मनोज लैब्ज़ जिम के सदस्यों ने भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। रक्त संग्रहण का कार्य मंडी ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न किया।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना के स्वयंसेवकों ने सेवा में पेश की मिसाल



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** समाज में सेवा की भावना पैदा करने का ऊना जिले के स्काउट एवं गाइड अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। 10 और 11 अगस्त को भारत स्काउट्स और गाइड्स, जिला ऊना के स्वयंसेवकों ने सदा शिव मंदिर, तलमेहड़ा में सेवा कार्य करके सच्ची स्काउट भावना का परिचय दिया। इस दौरान स्काउट्स ने मंदिर परिसर की सफाई की, पूजा-अर्चना में आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता की और स्वच्छता एवं सामाजिक सहयोग का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और समर्पण के साथ कार्य किया, जिससे स्थानीय लोगों ने भी उनकी सराहना की। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संजीव कुमार ने किया, जिन्होंने युवाओं को सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सादा शिव मंदिर प्रबंधन समिति के चेयरमैन प्रवीन शर्मा ने इन कार्यों की सराहना करते हुए स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 9 दिन गुग्गा जाहरवीर की गाथाओं का होगा गुणगान

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पूरे भारत में जहां रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया है । रक्षाबंधन वाले दिन ही गुग्गा जाहरवीर के नाम से गांव गांव जाकर मंडलियों द्वारा घर-घर गुगा जाहरवीर की महिमा गुणगान करते है। यह परंपरा हजारों वर्ष से चली आ रही है, जिसमें हरोली विधानसभा की पंचायत सिंगा की चेला दर्शन सिंह गोगी मंडली गुग्गा जाहर पीर की गाथाओं का गुणगान कर रही है । यह लगभग 9 दिन तक चलेगी ओर गुग्गा नवमी वाले दिन 17 अगस्त को समाप्त होगी और इस दिन गुग्गा जी नाम से पूरे भारतवर्ष में प्रसाद बांटे जाते हैं। मंडली के गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा ने बताया कि गुग्गा जाहरवीर का जन्म राजस्थान के ददरेवा चुरू में नवमी को हुआ था। गुग्गा जाहर को सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। सिंघा की यह मंडली की लगभग 8, 10 लोगों का एक समूह बनाकर डमरु, ढोलकी आदि अन्य लोकल वाद्य यंत्रों के साथ ब रक्षाबंधन से लेकर गुग्गा नवमी तक गांव-गांव में नंगे पांव घूमते हैं, लोग अपनी खुशी से गुग्गा जाहरवीर की मंडलीयों को दान में दाने, पैसे व बधाईयां देते हैं और लोग गुग्गा जाहर पीर की मंडलियों को चाये भी देते हैं और बहुत से लोग गुग्गा जाहरवीर की मंडलियो को रात्रि को अपने अपने घर गुग्गा जाहरवीर का गुणगान करने के लिए बुलाते है । इस मंडली में रवि सिंह राणा, सोमनाथ, सुरजीत कुमार, काका, जिंद, जगदेव सिंह, जीवन कुमार, सुभाष चंद, लवली, गुलशन, संदीप कुमार, संजू, धर्म दास सहित अन्य मौजूद रहे।

### राहत : तेंदुए को पकड़ने के लिए रखा पिंजरा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्षेत्र के नारीगांव में तेंदुए के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है, जिसको लेकर लोगों ने इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया था, क्योंकि तेंदुए ने दो घरों के पालतू कुत्तों को अपना शिकार बनाया था तथा डर के मारे लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। पीड़ित परिवारों के मुखिया गणेश कुमार और विनय कुमार ने बताया कि आज वन विभाग के कर्मचारी तेंदुए के आने-जाने वाले रास्ते में पिंजरा लगा गए हैं। पिंजरा लगाने से कम से कम लोगों को थोड़ी सी राहत महसूस हुई है। गांव के प्रधान रामकुमार, सुशील कुमार, बीना देवी, अशोक कुमार तथा अन्य लोगों ने वन विभाग और अनंत ज्ञान का धन्यवाद किया है।

### कुठार कलां में त्रैमासिक बैठक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एकल नारी शक्ति संगठन ब्लॉक ऊना की बैठक सोमवार को संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता संगठन की एसोसिएट प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रीमा द्वारा की गई। इस दौरान महिलाओं को संगठन द्वारा बीते तीन महीनों मे किए गए कार्यो के बारे में जानकारी दी। इसकी जानकारी कार्यकर्ता रजनी शर्मा के द्वारा दी गई। लीडर महिलाओं द्वारा आगामी तीन महीनों की योजना तैयार की गई। सभी सरकारी स्कीमों की जानकारी दी गई। लीडर के रूप महिलाओं को तैयार किया गया। इस बैठक में 6 पंचायतों की करीब 30 महिलाओं ने भाग लिया। जिस मे संतोष, पुष्पा, नरेश, मधु, नीलम, आदि लीडर महिलाओं ने भाग लिया।

आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग पर सुनसान स्थान पर खाई में गिरने से बचा वाहन

# गाड़ी में मिली पंजाब स्टेट की लाइसेंसी पिस्टल और मैग्जीन

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** सड़क हादसों के लिए कुख्यात हो रहे आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग पर पंजाब की एक स्कॉर्पियो गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने पर एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर गाड़ी एक पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत ये रही कि गाड़ी एक पेड़ के सहारे रुक गई, अन्यथा गहरी खाई में समा जाती। जिस समय हादसा हुआ तो गाड़ी में पंजाब के जिला तरनतारण के चार लोग सवार थे। आरोप है कि गाड़ी चालक ने शराब का सेवन भी किया था और उनके पास पंजाब स्टेट की लाइसेंसी पिस्टल भी थी।

हिमाचल का लाइसेंस न होने के चलते गगरेट पुलिस ने पिस्टल कब्जे में लेकर न सिर्फ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया, बल्कि लापरवाही से गाड़ी चलाने पर भी मामला दर्ज किया गया है। रविवार करीब सात बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो गाड़ी आशादेवी-अंबोटा मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक इंचार्ज घनश्याम शर्मा ने पाया कि गाड़ी के डैशबोर्ड में कोई हथियार भी है।



आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो।

इसकी सूचना तत्काल एसएचओ सनी गुलेरिया को दी गई जिस पर एसएचओ सनी गुलेरिया व सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंच गए। तब तक घायलों को गाड़ी से निकाल कर सिविल अस्पताल गगरेट पहुंचाया गया था। एसएचओ सनी गुलेरिया ने घायलों के मौका पर मौजूद एक साथी से .45 बोर पिस्टल के दो मैगजीन बरामद किए। इनमें से एक खाली था, जबकि एक में नौ जिंदा कारतूस थे। पिस्टल ट्रैफिक इंचार्ज घनश्याम शर्मा ने कब्जे में ले ली थी।

इसी बीच सिविल अस्पताल में घायलों को प्रथमिक उपचार उपलब्ध करवाया गया। यहां डॉक्टरों ने सबकी हालत खतरे से बाहर बताई। इसके बाद जब पिस्टल को लेकर पड़ताल शुरू हुई तो पाया गया कि पंजाब के तरनतारन के गांव बाण तारा सिंह गांव के 23 वर्षीय सुखदेव सिंह, रछपाल सिंह, गुरलाल सिंह व गुरजीत सिंह घर से घूमने के लिए निकले थे। इनमें से एक ने अपनी पंजाब स्टेट लाइसेंसी पिस्टल भी गाड़ी में रखी थी, लेकिन इसे पंजाब के बाहर लेकर नहीं जाया जा सकता था।

इसी के चलते पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने व आर्म्स एक्ट के तहत चारों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। आशादेवी अंबोटा सड़क मार्ग जंगल से होकर गुजरता है और इस सर्पीले सड़क मार्ग पर अक्सर चालक कोई न कोई गलती कर बैठते हैं, जिससे कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए इस पर सफर खतरनाक है। एएसपी संजीव भाटिया ने इस घटना की पुष्टि की है।

## राज मिस्त्रियों को बताई भूकंपरोधी निर्माण की नवीनतम तकनीकें




गगरेट में छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विकास खंड गगरेट के तहत कार्यरत राज मिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की तकनीकों बारे अवगत करवाने के लिए छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें 35 राज मिस्त्रियों ने भाग लिया।

खंड विकास अधिकारी गगरेट सुरेंद्र जेटली ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गगरेट पंचायत की स्थानीय पंचायतों के चयनित राज मिस्त्रियों को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को भूकंपरोधी निर्माण की नवीनतम तकनीक, भवनों में आवश्यक स्ट्रक्चर सेफ्टी उपाय, सामग्री चयन, नींव की मजबूती, कालम और बीम की डिजाइन तथा भवन निर्माण के दौरान की जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। सुरेंद्र जेटली ने बताया कि यह पहल आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे न केवल निर्माण कार्यों के गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीण स्तर पर भूकंप जैसी आपदाओं से बचाव की दिशा में जागरूकता भी बढ़ेगी।

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर प्रशिक्षकों और राज मिस्त्रियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## बाबा नकोदर दास की तपोभूमि में पर्यावरण संरक्षण का संदेश



धर्मसाल महंता में वन महोत्सव के दौरान विधायक सुदर्शन बबलू और अन्य गणमान्य।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत धर्मसाल महंता खास में बाबा नकोदर दास की पवित्र तपोस्थली में 76वां वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू उपस्थित हुए। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने गद्दी बाबा नकोदर दास की पवित्र तपस्थली में मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान सहित रुद्राक्ष का पौधा लगाकर वन महोत्सव का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि गद्दी बाबा नकोदर दास की पवित्र भूमि पर रुद्राक्ष का पौधा लगाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस धार्मिक स्थल की अपनी विशेष महत्ता है, जो अद्भुत चमत्कार, श्रद्धा और भक्ति का केंद्र है।

इस कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामवासियों और कार्यक्रम में लोगों को विभिन्न प्रजातियों के लगभग 200 पौधे बांटकर उन्हें पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बाबा नकोदर दास गद्दी नशीन महाराज उपेंद्र, चिंतपूर्णी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, डीएफओ सुशील राणा, आईएफएस कानाराम और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## हुंडई में सेल्स मैनों के साक्षात्कार 14 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाखड़ा हुंडई, रेलवे रोड नंगल में सेल्स मेन/अकाउंटेंट के 20 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 14 अगस्त को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बीकॉम, एमकॉम और किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 21 से 32 वर्ष और वेतन 14 से 18 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। अक्षय शर्मा ने कहा कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा की कॉपी और अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 81466-72101 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने लहराया 41 फुट तिरंगा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा बंगाणा बाजार में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा 41 फुट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज, जिसे कार्यकर्ताओं ने पूरे सम्मान और उत्साह के साथ बाजार के मुख्य मार्गों से लेकर यात्रा निकाली।




भाजपा नेता व कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा के दौरान हाथों में झंडा लेकर बाजार से गुजरते हुए।

कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, युवा और महिला मोर्चा की सदस्याएं शामिल थीं। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'तिरंगा ऊंचा रहे हमारा' जैसे नारों से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा के सफल संचालन में भाजपा के सभी मोर्चों-युवा, महिला, किसान ने सक्रिय भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने कहा कि तिरंगा भाजपा के लिए केवल ध्वज नहीं, बल्कि देश की शान और अस्मिता का प्रतीक है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठे वादों और ईवीएम पर बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन देश की जनता सच जानती है। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने इस आयोजन को आजादी के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे राष्ट्र की सकारात्मक छवि को सोशल मीडिया और व्यवहार में आगे बढ़ाएं। जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा ने केंद्र सरकार की योजनाओं-जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि की जानकारी देते हुए कहा कि इनसे आम नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है।

कार्यक्रम के अंत में शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित नेताओं ने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने की अपील की।

## हिमाचल थ्रो बॉल टीम की घोषणा, रांची में होगी नेशनल चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल थ्रो बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव अमन शर्मा ने बताया कि थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रांची में आयोजित होने जा रही 48वीं सीनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप के लिए हिमाचल की पुरुष टीम की घोषणा चयन प्रदेश अध्यक्ष अमन शर्मा ने की। अमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल के सभी जिलों में ट्रायल आयोजित किए गए, जिनमें चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। ट्रायल्स के आधार पर ही राज्य की पुरुष टीम को अंतिम रूप दिया गया है।

घोषित पुरुष टीम में अनिकेत, कीर्ति लाल, कार्तिक, वरुण, भार्गव, समीर, रजत, आर्यन, क्रिश, अफ़िल, तनुश, रुद्रांश, रुद्राक्ष, आदर्श, शुभम शामिल हैं। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश, उपाध्यक्ष विशाल भारती शर्मा, महासचिव जोगिंद्र देव आर्य, जिला अध्यक्ष इंदु बाला, टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष यशवीर सिंह, रैफरी बोर्ड के तीक्ष्ण सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर पर टीम का प्रतिनिधित्व करना खिलाड़ियों के लिए गौरव की बात है और इससे राज्य में थ्रोबॉल खेल को नई ऊर्जा मिलेगी।

## गोंदपुर बनेहड़ा में भव्य रेलिंग से बढ़ी ऐतिहासिक तालाब की शोभा



गोंदपुर बनेहड़ा गांव की पहचान ऐतिहासिक तालाब को सांस्कृतिक धरोहर घोषित करने की मांग की गई।

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गोंदपुर बनेहड़ा गांव की पहचान ऐतिहासिक तालाब से है। गोंदपुर बनेहड़ा के ऐतिहासिक तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य काफी समय से चल रहा है और अब तालाब के किनारे भव्य रेलिंग लगाई गई है जो इस तालाब की सुंदरता को चार चांद लगा रही है, जो कार्य बचा हुआ है उसे भी पूरा किया जा रहा है।

पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बताया इस तालाब के सौंदर्यीकरण के मार्ग में अनेक समस्याएं आईं, लेकिन उसके बावजूद भी तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य हो रहा है। राजकुमारी शर्मा ने बताया कि इस ऐतिहासिक तालाब की रक्षा करना पंचायत का ही नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है और इस दिशा में सभी को सकारात्मक सहायता करनी चाहिए। इस तालाब के तट पर प्राचीन एवं भव्य शिव पार्वती का मंदिर, पीपल का पेड़ एवं बाबा समालगीर जी की समाधि है।

स्थानीय पंचायत की सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि गोंदपुर बनेहड़ा के इस तालाब को सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया जाए। इस ऐतिहासिक तालाब के बारे में एक धारणा है कि अगर कोई बच्चा मिट्टी खाता हो तो यदि वह बच्चा इस तालाब की मिट्टी एक बार खा ले तो वह मिट्टी खाना छोड़ देता है। आज भी कई लोग इस प्रयोजन के लिए अपने बच्चों को यहां लाते हैं।

## वीपीएस के बच्चों ने जीते ज्ञान और तर्क के मंच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें बच्चों ने विज्ञान, इतिहास, खेल, भूगोल और वर्तमान घटनाओं से जुड़े प्रश्नों के उत्तर पूरे आत्मविश्वास के साथ दिए। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा, सोच और ज्ञानार्जन की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना था।

कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। क्या सोशल मीडिया समाज के लिए अच्छा है या बुरा? क्या स्कूलों को ड्रेस कोड और यूनिफॉर्म को खत्म कर देना चाहिए? क्या जलवायु परिवर्तन एक वास्तविक खतरा है? सीखने के लिए क्या बेहतर है-शिक्षक या इंटरनेट इत्यादि। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम व द्वितीय) से आयुषी, अभिधा, आदित शर्मा, जसलीन कौर, अनवी शर्मा, मान्या सोनी, बिवान गर्ग, गुरसीरत कौर प्रथम स्थान पर रहे। दृष्टि, हरशिव, आयुष वत्स, जसकीरत कौर, विराट, वेदिका राजपूत, रुद्र, लक्षिता शर्मा, अनायशा राणा, गीतांशी शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।



वीपीएस के छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले विजेता छात्र-छात्राएं।

आध्या गुप्ता, एकनूर कौर, नित्या धीमान, शौरवी वशिष्ट, उद्धव पटियाल, भाविनी, दिव्यम, आरवरूप राय, रेयांश कौशल तृतीय स्थान पर रहे । एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी व चौथी) से शिवाय ठाकुर, अराध्या कौशल, आद्विक बाली, मनकीरत अटवाल, कनिष्क ठाकुर प्रथम स्थान पर रहे। अकीरादीप, ईशान पटियाल, वेदांत शर्मा, आकर्षिका धीमान, काशवी ठाकुर, अवयान ऐरी द्वितीय स्थान पर रहे। काशवी भारद्वाज, आहाना कपिला, अभिनव दत्त, कृषिका खन्ना, राजवीर कौर तृतीय स्थान पर रहे ।

ऑरेंज ग्रुप से राघवी, सीरत कौर, प्रवनीत कौर, ऋषिका, सानिया चौधरी प्रथम स्थान पर रहे। सनमीत, देवांशी, मन्नत परमार, आयुष सिंह, अश्मित कौर, प्राणवी, अवनी ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से अधिराज सिंह, शांभवी सिंह अटवाल, समर्थय, अर्शिया चब्बा प्रथम स्थान पर रहे। त्रिनभ शर्मा, रणविजय सिंह अटवाल, अदिति परमार, मनमीत कौर द्वितीय स्थान पर रहे। मेलन ग्रुप से अमोदिता भारद्वाज, तनीषा धीमान, तमन्ना साहू, गुरलीन कौर, हर्षदीप कौर प्रथम स्थान पर रहे। जैस्मिन धीमान, कनन ठाकुर, धृति शर्मा, वामन शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। दिव्यम शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सार्वजनिक अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करती हैं। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## स्वयंसेवियों को संगठन की मूल भावना, उद्देश्य व कार्यप्रणाली से करवाया अवगत




अंब कॉलेज में एनएसएस के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शिक्षक और स्वयंसेवक।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में एनएसएस के द्वारा प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम करवाया गया। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सुरेता तथा डॉ अजय शर्मा ने नए स्वयंसेवियों को संगठन की मूल भावना, उद्देश्य एवं कार्य प्रणाली से अवगत करवाया।

प्रो. सुरेता ने छात्रों को एनएसएस से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए जीवन में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और समर्पण की भावना विकसित करने की सलाह दी। प्रो. सुखदेव ने एनएसएस के माध्यम से सामाजिक कार्यों में भाग लेने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वरिष्ठ स्वयंसेवियों ने भी अनुभव साझा किए।

इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कोमल, शुभम, उमेश और दिव्यासूद को ग्रुप लीडर नियुक्त किया गया तथा गुरप्रीत और अंकिता को कल्चरल एक्टिविटी का लीडर तथा मानव तिवारी और राजेश को मीडिया का लीडर नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो.रेखा शर्मा, डॉ. पवन पटियाल सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

**गठन** प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित, शैलेंद्र बने अध्यक्ष

## वॉलीबाल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लिया संकल्प

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव ऊना जिले के बंगाणा के होटल रजत में संपन्न हुए। रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट नवीन ठाकुर ने चुनाव परिणाम घोषित करते हुए बताया कि सभी पदों पर निर्विरोध या सर्वसम्मति से उम्मीदवारों का चयन किया गया। इस दौरान वॉलीबाल प्रेमियों और विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से मतदान प्रक्रिया पूरी की गई।

वहीं, अखिल भारतीय बॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर एवं राष्ट्रीय महामंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। घोषित परिणामों के अनुसार, शैलेंद्र शर्मा जिला मंडी को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए दो सीटों पर डॉ. लोकेंद्र और विधि चंद राणा को बनाया गया। वहीं, महासचिव के पद पर मदन राणा कुटलैहड़ को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि कोषाध्यक्ष के पद पर रणजीत सिंह निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव के पद के लिए यशविंदर ठाकुर और नवीन कुमार को चुना गया।



वॉलीबाल एसोसिएशन हिमाचल के सदस्य व गणमान्य, जिन्होंने वॉलीबाल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने को लेकर चर्चा की।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदों पर विक्रम, पृथ्वी राज ठाकुर, संजीव राणा, तनिषा ठाकुर और विनय आजाद का चयन किया गया।

रिटर्निंग ऑफिसर नवीन ठाकुर ने बताया कि चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए आनंद शंकर राजहंस (ऑब्जर्वर, वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया, संयुक्त सचिव एवं अध्यक्ष, बिहार वॉलीबाल एसोसिएशन), कुलदीप राणा (ऑब्जर्वर, सदस्य, हिमाचल प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन) और राकेश कुमार (ऑब्जर्वर, एथलेटिक्स कोच, मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि हिमाचल में वॉलीबाल खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए वह पूरी टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। महासचिव मदन राणा ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं, बेहतर कोचिंग और नियमित प्रतिस्पर्धात्मक माहौल उपलब्ध कराना होगा।

वहीं, कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह ने आर्थिक पारदर्शिता और खेल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला और ब्लॉक स्तर पर नियमित टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना पर भी चर्चा हुई कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता चरणजीत शर्मा,राजेंद्र रिंकू के साथ कई गणमान्य मौजूद रहे।

## टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज बद्दी में भरे जाएंगे 162 पद, साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड बद्दी में सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, असाइनमेंट मैनेजर (भूतपूर्व सैनिक), स्पेशल सिक्योरिटी गार्ड और कंप्यूटर ऑप्रेटर के 162 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 13 अगस्त को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी कि इनमें असाइनमेंट मैनेजर के 4 पद शामिल है जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन के साथ-साथ आर्मी के जेसीओ रैंक से सेवानिवृत सैनिक पात्र होंगे।

इसके अलावा अभ्यर्थी की आयु 35 से 50 वर्ष और वेतन 33,975 रुपए निर्धारित किया गया है। सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 10 पदों के लिए 12वी और ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी की आयु 21 से 40 और वेतन 22,537, रुपए निर्धारित किया गया है। सिक्योरिटी गार्ड के 120 पदों के लिए 10वीं और 12वीं, आयु सीमा 18 से 28 वर्ष और वेतन 18,236 , रुपए निर्धारित किया गया है। स्पेशल सिक्योरिटी गार्ड के 20 पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, फायर एंड सेफ्टी में डिप्लोमा अनिवार्य है। इसके लिए अभ्यर्थी की आयु 21 से 40 वर्ष और वेतन 20,294, रुपए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा कंप्यूटर ऑप्रेटर के 8 पदों के लिए 10वीं, 12वीं ग्रेजुएशन और कंप्यूटर में डिप्लोमा होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 22 से 35 वर्ष और वेतन 21,094, रुपए निर्धारित किया गया है।

अक्षय शर्मा ने कहा कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 72075-00008 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 30.780 ग्राम चिट्टे के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली थाने के पुलिस दल ने गजां सड़क मार्ग पर एक युवक को 30.780 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी युवक की पहचान 21 वर्षीय सुनील चंद पुत्र चेत राम निवासी गांव शरुट डाकघर वठाहड़ तहसील बंजार जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उसे अदालत में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि गजां मार्ग पर चिट्टा लेकर कोई युवक आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गजां में दबिश दी। सड़क के समीप युवक ने पुलिस को देखा तो वह घबरा गया। पुलिस ने शक होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 30.780 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। युवक को अदालत में पेश किया जा रहा है। वह चिट्टा कहां से लाया और कहां लेकर जा रहा था, छानबीन के बाद ही इसका पता चल सकेगा।

### हर बूथ पर 11 पेड़ लगाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** सोमवार को निरमंड में भाजपा मंडल की बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष नरोत्तम ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विशेष रूप से भाजपा जिला कुल्लू के उपाध्यक्ष योगेश वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा के नारे देश प्रथम के तहत प्रत्येक बूथ पर 11 झंडे फहराने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 11 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विदेश निगम, विद्या भारद्वाज, जीवन चौहान, बिंदराम वर्मा, विकास शर्मा, धर्मपाल नेगी, चंद्रकांता, जितेंद्र, कमला वर्मा व टिक बंधु सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 101 देवदार और 50 बान के पौधे लगाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रूपी घाटी छात्र संघ द्वारा सोमवार को विशेष पौधरोपण व सफाई अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। अभियान के दौरान संघ के सदस्यों ने 101 देवदार और 50 बान के पौधे लगाए। साथ ही, आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र संघ के अध्यक्ष विजय मेहता ने की, जबकि उपाध्यक्ष जसकरण विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष विजय मेहता ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित माहौल देने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उपाध्यक्ष जसकरण ने भी सभी युवाओं से इस प्रकार के अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

### 10 किमी रेस में नवीन और सुषमा प्रथम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रो. ज्योति बाला ने कहा कि महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया है। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ होकर सजला पुल तक 5 किमी तथा सजला पुल से 5 किमी वापस महाविद्यालय के प्रांगण तक रखी गई थी। इस प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। महाविद्यालय में 10 किमी रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शेफाली ने हरी झंडी दिखा कर किया। 10 किमी रेस में पुरुष व महिला वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लगभग 27 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर नवीन कुमार, राजीव ठाकुर द्वितीय स्थान और प्रशांत शर्मा सोनू वर्मा ने धीरज कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सुषमा प्रथम स्थान, पलक द्वितीय स्थान और नीलम व मेनका तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ. शेफाली ने सफल कार्यक्रम के लिए प्रो. ज्योति बाला व विजेताओं को बधाई दी साथ ही सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें और अधिक मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया।

### शिव के दृष्टांतों से भक्तों को भावविभोर किया

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार उपमंडल के वार्ड नंबर-2 में स्थित श्री सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में प्रथम बार शिव महापुराण कथा का आयोजन संपन्न हुआ। कथावाचक आचार्य नवीन चंद्र गौतम ने श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान शिव के दृष्टांतों और शिक्षाओं से भक्तों को भावविभोर किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन हुआ और श्रद्धालुओं ने अभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। कथा के माध्यम से गो-संरक्षण, मातृ-पितृ सेवा और देशभक्ति जैसे संदेश दिए गए। अंत में यज्ञ और भंडारे के साथ यह पावन आयोजन संपन्न हुआ।

### खीर भंडारे में 3000 भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** माता त्रिपुरा सुंदरी नगर में आयोजित पारंपरिक खीर भंडारे में इस वर्ष लगभग 3000 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कारदार जोगिंदर आचार्य ने बताया कि यह आयोजन 1989 से लगातार किया जा रहा है। इस बार पहले से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि भगवान रघुनाथ के छड़ीबदार महेश्वर सिंह अपने परिवार सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर गांव की महिलाओं ने दिनभर भजन-कीर्तन कर रोटियां बनाईं। इस भव्य आयोजन में महेश्वर सिंह, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, अमित पाल सिंह और मंदिर कमेटी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

### आज 10 बजे होगा आम सभा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन 12 अगस्त को प्रातः 10 बजे होटल शुभम, कटराईं में किया जाएगा। यह जानकारी कंपनी के प्रबंधन बोर्ड सदस्य मोहिंद्र उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कंपनी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे, जो किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों के हित में होंगे। कंपनी द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उन्हें आसान किश्तों में सोलर ड्रायर प्रदान किए जाएंगे। इससे वे बागवानी और कृषि उत्पादों को बेहतर रूप से सुखाकर जुजुराना कंपनी के माध्यम से बाजार में बेच सकेंगी। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। इसके अलावा, कंपनी हिमालयन मधुमक्खी द्वारा उत्पादित शुद्ध शहद को एक नए ब्रांड के रूप में बाजार में उतारने जा रही है। यह ब्रांड न केवल स्थानीय मधुमक्खी पालकों की मेहनत को सम्मान देगा, बल्कि हिमालयी जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायक होगा। साथ ही, जुजुराना की आधिकारिक ई-कॉमर्स वेबसाइट का शुभारंभ भी इसी दिन किया जाएगा। इससे कंपनी के उत्पाद देशभर में डिजिटल माध्यम से ग्राहकों तक पहुंच सकेंगे। सभी सदस्यों से समय पर पहुंचने और सहयोग देने का आग्रह किया गया है।

### एबीवीपी ने हरियाली का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई व विकासार्थ विद्यार्थी कुल्लू द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित हिमाचल के संकल्प को साकार करने के लिए तलोगी में पौधरोपण अभियान के तहत हरियाली रोपी। कुल्लू इकाई की सोशल मीडिया सह संयोजिका रिया ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सुनील राणा ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंतर्गत संगठन के कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों, स्टूडेंट्स व पर्यावरण प्रेमियों ने मिलकर 500 पौधों का रोपण किया। मुख्यातिथि ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। एसएफडी जिला संयोजक ऋषभ गौतम ने कहा कि एबीवीपी केवल छात्रहित तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण की रक्षा के लिए भी सतत कार्यरत है। पौधरोपण अभियान के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और संतुलित वातावरण का निर्माण करना चाहते हैं। अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें प्रकृति के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करना भी था।

### पेंशनर्स की लंबित मांगों पर कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सिविल पेंशनर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन खंड कुल्लू की मासिक बैठक महिला मंडल भवन शास्त्री नगर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड अध्यक्ष जय बिहारी लाल ने की, जबकि संचालन महासचिव अमर ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत्त अमर सिंह का एसोसिएशन का नया सदस्य बनने पर स्वागत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सेस राम ठाकुर, जिला महासचिव मोहर सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष भादर चंद, सीनियर उपाध्यक्ष गिरधारी लाल डोगरा, पूर्व सलाहकार मोहर सिंह कोटिया व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि सुरेश ठाकुर द्वारा बनाई गई दूसरी कार्यकारिणी में बिना अनुमति कुल्लू के कुछ लोगों के नाम जोड़े गए हैं, जिनमें एक सदस्य ने स्पष्ट किया कि वह उस कार्यकारिणी का हिस्सा नहीं है और उन्हें बिना पूछे नामित किया गया। पदाधिकारियों ने दोहराया कि प्रदेश में सिविल पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन एक ही है और वही मान्य रहेगी। उन्होंने सरकार से डीए, एरियर और लीव इनकैशमेंट जैसी मांगों का समय पर निपटारा करने की अपील की। बैठक का आरंभ गायत्री मंत्र और समापन शांति पाठ से हुआ।

# जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ : डॉ. मार्कंडेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति विकास मंच के पदाधिकारी डीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते हुए।

लाहौल-स्पीति विकास मंच के जिला अध्यक्ष व पूर्व मंत्री-विधायक डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि सुख की सरकार अब प्रदेश के युवाओं को ठगने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि चुनाव में पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार अब ट्रेनी जॉब के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

सोमवार को लाहौल-स्पीति विकास मंच ने हिमाचल प्रदेश सरकार की नई जॉब ट्रेनी नीति के खिलाफ डीसी लाहौल-स्पीति के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार ने फरवरी-2025 में जॉब ट्रेनी की पॉलिसी बनाई थी। अब हाल ही में इसकी अधिसूचना जारी की है। यह योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि बड़ी-बड़ी डिग्री हासिल करने और कमीशन पास करने के बाद युवा दो साल के लिए ट्रेनी रखे जाएंगे। सरकार ने एक्ट में संशोधन कर दो वर्ष की अनुबंध नीति को जगह जॉब ट्रेनी व्यवस्था लागू की है। इसके तहत नई भर्ती में चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष तक केवल प्रशिक्षण अवधि में रखा जाएगा। इस दौरान उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलेगा, न ही पेंशन, अवकाश नियम या अन्य भत्तों का लाभ। दो वर्ष पूरे होने के बाद भी नियमित नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों को पुनः परीक्षा पास करनी होगी। डॉ. मार्कंडेय ने आरोप लगाया कि यह नीति युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और पिछले दरवाजे से चहेतों की भर्ती का रास्ता खोलती है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में विभागाध्यक्षों के हाथ में चयनित उम्मीदवारों का भविष्य सौंप दिया गया है। इससे उनके शोषण की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस नीति में तत्काल हस्तक्षेप कर प्रदेश सरकार को इसे वापस लेने और नियमित भर्ती नीति अपनाने के निर्देश दें।

## अपने सुझाव देकर लिखें भविष्य की नई इबारत : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश के सतत आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सुनियोजित 20 वर्षीय रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से समृद्ध हिमाचल 2045' पहल के तहत ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली का शुभारंभ बीते माह मुख्य सचिव द्वारा किया गया है। यह प्रश्नावली 26 अगस्त तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इसमें प्रदेश के भविष्य को आकार देने वाले सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि यह पहल सहभागी शासन की एक अहम कड़ी है, जो हर नागरिक को नीति निर्माण में सीधे तौर पर योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। इस प्रश्नावली को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आसानी से भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नागरिक https://himachal.nic.in/samridhhi machal लिंक के माध्यम से सीधे भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चला रहा है, ताकि कोई भी नागरिक इस अवसर से वंचित न रहे।

## संयुक्त संघर्ष समिति नहीं, मौकापरस्त लोगों का अपवित्र गठबंधन : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने 11 समानांतर पेंशनर गुटों द्वारा संयुक्त संघर्ष समिति के गठन पर सवाल खड़े करते हुए इसे मौकापरस्त लोगों का अपवित्र गठबंधन करार दिया है।



संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला कांगड़ा पेंशनभोगी संघ के संयोजक नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, सब्जा चंद, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा, महासचिव किरण चंद शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, लीला वर्मा, भागचंद ठाकुर, प्रदेश वरिष्ठ सलाहकार एमआर संगरोली, सलाहकार सीताराम ठाकुर, जयकृष्ण ठाकुर, जिला मंडी पेंशनभोगी संघ के संयोजक कन्हैया लाल, कुल्लू शहरी इकाई के अध्यक्ष तेजा सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेम सिंह हांडा, सैंज इकाई के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, महासचिव शेर सिंह ठाकुर, आनी खंड इकाई के संयोजक मंगलदास सहित अनेक पेंशनर नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में बताया कि गत दिनों हमीरपुर में कुछ पेंशनर गुटों के नेताओं ने अगर संयुक्त संघर्ष समिति का गठन ही करना था, तो फिर उन्होंने अलग-अलग पेंशनर संघों के चुनाव ही क्यों करवाए।

इससे साफ जाहिर होता है कि लगभग एक दर्जन गुटों में विभाजित पेंशनर नेता अपने स्तर पर सरकार से पेंशनरों के जायज हक दिलवाने में सक्षम नहीं हैं। गुलशन ने कहा कि बेहतर होता कि सभी गुटों का विलय करके सभी पेंशनर एकमंच आकर एक मजबूत पेंशनर संगठन का चुनाव तदर्थ समिति की देखरेख में करवाते, ताकि प्रदेश सरकार को पेंशनर्स एकता का कड़ा संदेश जाता।

# भक्ति में लीन रहा पतलीकूहल का शिवालय

## सावन के अंतिम सोमवार को भव्य खीर भंडारा का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



पतलीकूहल शिव मंदिर में पूजा-पाठ के बाद हवन में पूर्ण आहुति देते हुए।

सावन माह के अंतिम सोमवार को पतलीकूहल के प्रसिद्ध नीलकंठ शिव मंदिर में एक भव्य खीर भंडारे का आयोजन किया गया।

इसमें सैकड़ों शिव भक्तों ने श्रद्धा से भाग लिया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी और दिनभर भक्ति भाव से वातावरण गूंजता रहा। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया तथा सुंदरकांड का सामूहिक पाठ भी किया गया। यह आयोजन हर वर्ष सावन के पावन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया जाता है। मंदिर कमेटी के प्रधान अर्जुन गौतम ने बताया कि इस बार आयोजन विशेष रूप से भव्य रहा। श्रद्धालुओं ने विधिवत शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इसके पश्चात सुंदरकांड का पाठ किया गया। पूजा-पाठ के बाद हवन में पूर्ण आहुति दी गई और भगवान को भोग अर्पित कर भंडारे की शुरुआत की गई। भंडारे को सफल बनाने में समिति सदस्यों और स्थानीय भक्तों ने मिलकर पूरी श्रद्धा से सहयोग किया। आयोजन में रमेश गौतम, चंद्र शर्मा, सोमेश गौतम, संजय अंगरूप, शंकर भानू, तरुण मदान, शिव कुमार, मनीष गौतम, ललित शर्मा, राजीव अंगरूप, चंद्रकिरण, ऋषि अवस्थी, राम कुमार शिवा, उज्ज्वल, परमेंद्र मिश्रा, ऋषभ ठाकुर, गगन और हेमंत सहित अन्य कई लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। नीलकंठ शिव मंदिर अपनी धार्मिक महत्ता व भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रसिद्ध है। सावन के इस पावन आयोजन ने श्रद्धालुओं के दिलों में भक्ति की भावना और गहरी कर दी।

## मंडी-कुल्लू रोड की हालत खस्ता, टकोली टोल प्लाजा पर बंद हो वसूली : मेघ कश्यप

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

मनाली-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर टकोली टोल प्लाजा को बंद करने की आवाज चारों तरफ से उठ रही है, अब भुंतर सुधार समिति ने नितिन गडकरी सहित मुख्यमंत्री प्रशासन को पत्र प्रेषित कर टकोली टोल को अस्थायी तौर पर बंद करने की मांग उठाई है।



भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल, सोनू चौहान, सहसचिव झावे राम, महिला विंग की अध्यक्ष नीना घई, सचिव मीना जसवाल, प्रवक्ता नीलम घई आदि सदस्यों का कहना है कि मंडी-कुल्लू रोड के हालात ठीक नहीं हैं। वहीं, लोग भी फोरलेन की खस्ताहालत के बावजूद टकोली टोल बेरियर में ठगाही पर ऐतराज जता रहे हैं। भुंतर सुधार समिति ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, सीएम सुक्खू और डीसी मंडी को चिट्ठी लिखकर टकोली टोल प्लाजा को बंद करने की जोरदार मांग उठाई है। उन्होंने साफ तौर पर पत्र में लिखा है कि जब तक फोरलेन की हालत में सुधार नहीं होता और सफर आरामदायक नहीं होता, तब तक टकोली टोल प्लाजा बंद किया जाए। समिति के पदाधिकारी का कहना है कि 2023 में आपदा के दौरान टकोली टोल प्लाजा को डीसी मंडी ने अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत सस्पेंड किया था। उन्होंने कहा कि अभी इस सड़क की मौजूदा हालत उससे भी बहुत खराब है इसलिए टोल प्लाजा को तुरंत प्रभाव से बंद कर जनता को राहत देनी चाहिए।

## अक्षिता ने एलएलएम की परीक्षा में झटका द्वितीय स्थान

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिला कुल्लू के शमशी की अक्षिता सूद ने एलएलएम की परीक्षा में द्वितीय स्थान हासिल कर जिला सहित परिजनों का नाम रोशन किया। बेटी की इस कामयाबी से परिजनों व शमशी, भुंतर शहर में खुशी की लहर दौड़ गई है। बेटी की इस कामयाबी पर अक्षिता के साथ परिजनों को चारों ओर से बधाइयां मिल रही हैं। अक्षिता सूद वर्तमान में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला में एलएलएम की छात्रा है। उन्होंने एलएलएम की परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा इसी वर्ष यूजीसी-नेट कानून की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। अक्षिता सूद ने एलएलएम की परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करके शानदार सफलता हासिल अपने सपनों को नई उड़ान दी। इस उपलब्धि ने न केवल छात्रा का, बल्कि उनके परिवार और संस्थान सहित जिला कुल्लू का भी नाम रोशन किया है।

## 18 तक मिलेगा जुलाई का बैकलॉग राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले, कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों में मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण तथा आधार फेस प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्नों का वितरण करवाया जा रहा है। इस संबंध में विभागीय निरीक्षकों व उचित मूल्य दुकान धारकों से प्राप्त सूचना के अनुसार उपभोक्ताओं (विशेषकर बुजुर्ग राशन कार्ड धारकों) के मोबाइल नंबर उनके आधार कार्ड से लिंक न होने के कारण उपभोक्ताओं का ओटीपी प्रमाणीकरण नहीं हो पाया। इससे इन उपभोक्ताओं को माह जुलाई, 2025 का राशन का कोटा नहीं मिल पाया है। विभाग द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए उचित मूल्य की दुकानों की पॉस मशीनों में जुलाई, 2025 के राशन की बिक्री के लिए दिनांक 18 अगस्त तक बैकलॉग सेल का प्रावधान कर दिया गया है व सभी उचित मूल्य दुकान धारकों को विभागीय निरीक्षकों के माध्यम से निर्देश दिए गए हैं।

## बजौरा से प्राथमिकता के आधार पर भेजे जाएं सब्जी से लदे वाहन : रवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी के किसान और सब्जी व्यापारी इन दिनों अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुंचाने को लेकर परेशान हैं। किसानों का कहना है कि कंडी-कटोला और पंडोह होकर मंडी की ओर जाने वाले वाहनों को कई बार बजौरा, औट सहित अन्य स्थानों पर घंटों रोका जाता है।



इससे जाती सब्जी समय पर मंडी-बिलासपुर-चंडीगढ़ नहीं पहुंच पाती और भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। बरसात के इस मौसम में मंडी और कुल्लू के बीच लगातार भूस्खलन होने से सड़क मार्ग बाधित हो रहा है। इस मुद्दे को लेकर किसानों ने मंडलायुक्त मंडी को ज्ञापन भेजकर डीसी कुल्लू, डीसी लाहौल-स्पीति, एसपी कुल्लू और एसपी मंडी को स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि लाहौल से आने वाले सब्जी व कृषि उत्पादों से भरे वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर मंडी जाने दिया जाए। साथ ही, दोनों दिशाओं में वाहनों के छोड़ने का समय तय कर अनावश्यक रोकथाम से बचने की अपील की गई। पूर्व विधायक रवि ने भी किसानों की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि किसानों ने यह समस्या उनके सामने रखी है और आग्रह किया है कि इसे सरकार और प्रशासन के सामने उठाया जाए। रवि ने कहा कि उनके कार्यकाल में लाहौल प्रशासन ने बजौरा में विशेष तौर पर एक अधिकारी की तैनाती की थी, ताकि सब्जी से लदे वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर सब्जी मंडियों तक भेजा जा सके। उन्होंने मौजूदा प्रशासन से भी यही व्यवस्था लागू करने की मांग की है। डीसी किरण भड़ाना ने उन्हें भरोसा दिया है कि जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा।

# जनजातीय उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

केलांग में आयोजित आगामी राज्य स्तरीय जनजातीय महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत व महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में आयोजन से जुड़ी सभी समितियों ने अपनी तैयारियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा महोत्सव को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए। अनुकूल व शून्य अपशिष्ट महोत्सव संपूर्ण आयोजन प्लास्टिक मुक्त और प्रकृति-संरक्षण आधारित होगा। महोत्सव के केंद्र में लाहौल-स्पीति की स्थानीय हस्तकला, उत्पाद, व्यंजन व सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना है। स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों और युवा समूहों को अपने उत्पाद बेचने, लोक भोजन परोसने और सांस्कृतिक प्रस्तुति करने का अवसर मिलेगा। स्थानीय संस्कृति का उत्सव जनजातीय वेशभूषा, पारंपरिक नृत्य-गीत, लोकबैंड और स्थानीय सौंदर्य प्रतियोगिता द्वारा जिले की विविध और समृद्ध परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा।



पारंपरिक और अन्य स्थानीय व्यंजन महोत्सव का विशेष आकर्षण होंगे, जिन्हें केवल स्थानीय सामग्री से तैयार किया जाएगा। डीसी ने कहा कि यह महोत्सव लाहौल-स्पीति की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देगा और वोकल फॉर लोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों तथा कलाकारों को राज्य और देशभर में पहचान दिलाने का मंच बनेगा। उन्होंने सभी समितियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तैयारियों पर जोर देने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम आकांक्षा शर्मा, सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाना, डीएफओ अनिकेत वाणवे, बीडीओ विवेक गुलेरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन दिवस पर भव्य शोभायात्रा। इसमें स्थानीय कलाकार, पारंपरिक वाद्य यंत्र और लोकनृत्य दल शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जो जनजातीय खेल व स्थानीय खेलों को प्रोत्साहित करेंगी। स्वच्छता, कानून-व्यवस्था, बिजली, जलापूर्ति, अग्निशमन और परिवहन की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया।

**आयोजित** सिविल अस्पताल आनी में एक्स-रे मशीन की खराबी पर जताई चिंता

# दांतों के उपचार व नए दांत लगाने की मशीन इंस्टॉल

**अनंत ज्ञान, आनी**



सिविल अस्पताल आनी की आरकेएस की बैठक के दौरान बीएमओ आनी सहित अन्य अधिकारी।

सिविल अस्पताल आनी की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक बैठक सोमवार को पुराने अस्पताल भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी व समिति अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कनेट ने की। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया गया। बैठक में विशेष रूप से एक्स-रे मशीन की खराबी को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। पुरानी मशीन पिछले सात-आठ महीनों से खराब पड़ी है। इससे मरीजों को निजी केंद्रों में महंगे दामों पर एक्स-रे करवाना पड़ रहा है। समिति ने इस समस्या के जल्द समाधान पर बल दिया। बीएमओ डॉ. भागवत मेहता, ब्लॉक समिति अध्यक्ष विजय कंवर, सीडीपीओ, नायब तहसीलदार, पंचायत निरीक्षक, महिला मंडल प्रतिनिधि, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्थानीय प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पताल के बुनियादी ढांचे और उपकरणों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साफ-सफाई, पेयजल, दवाओं की उपलब्धता और आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। साथ ही मरीजों का पर्ची शुल्क अब 10 रुपए तय किया गया। इसके अलावा अस्पताल में दांतों के उपचार और नए दांत लगाने की मशीन इंस्टॉल हो चुकी है, अब रोगी कल्याण समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नए दांत लगवाने के लिए प्रति दांत 100 रुपए शुल्क लिया जाएगा। इस सुविधा से आनी क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा।

बैठक के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर एसडीओ लोक निर्माण विभाग मुनीष कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी मंजुला शर्मा, आयुर्वेदिक विभाग के डॉक्टर हरीश शर्मा, बीएमओ डॉ. भागवत प्रकाश मेहता, डॉक्टर धर्म पाल, बीडीओ अधिकारी अंजना शर्मा, बीईपीओ शांति बंसल, बीडीसी उर्मिला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि रोगी कल्याण समिति का उद्देश्य मरीजों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

## मशीनरी व कृषि उपकरणों में ऑपरेटर की सुरक्षा का रखा जाए ध्यान : राजबंश

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** मैकेनिकल इंजीनियर और लिंका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में तीन रिकॉर्ड दर्ज करा चुके 65 वर्षीय एबी राजबंश ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय सहित देश की प्रमुख भारी मशीनरी निर्माण कंपनियों को पत्र लिखकर ऑपरेटर केबिन सुरक्षा को लेकर त्वरित और संयुक्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल तकनीकी नहीं, बल्कि मानवाधिकार और जनहित से जुड़ा हुआ है। आनी में पत्रकार वार्ता के दौरान राजबंश ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की मांग उठाई है।



उन्होंने कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भारी मशीनों और क्रेनों के केबिन कई बार भीषण दुर्घटनाओं का सामना करने में सक्षम नहीं होते। उन्होंने हाल ही में शिमला जिले के कुमारसैन में मलबा हटाते समय हुई दुर्घटना का भी जिक्र किया। इसमें एक ऑपरेटर की जान चली गई। उनका कहना है कि लाखों-करोड़ों रुपए की कीमत वाली मशीनों में चालक की जान की पूर्ण सुरक्षा न होना गंभीर चिंता का विषय है। राजबंश ने चेताया कि यह समस्या केवल निर्माण क्षेत्र तक सीमित नहीं है। ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरण भी अस्थिर और ढलान वाले इलाकों में चलते हैं, जहां पलटने जैसी घटनाओं में अधिकतर चालक की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि किसानों और कृषि श्रमिकों की जान भी उतनी ही कीमती है, इसलिए सुरक्षा नियम और इंजीनियरिंग सुधार सभी ऐसी मशीनों को कवर करने चाहिए। उन्होंने निर्माताओं से अपील की कि ऑपरेटर केबिन को इस तरह पुनः डिजाइन किया जाए कि किसी भी परिस्थिति में 100 फीसदी क्रश-प्रूफ रहें और दुर्घटना की स्थिति में चालक सुरक्षित बाहर निकल सके। साथ ही, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से आग्रह किया कि सभी भारी मशीनरी, क्रेनों और कृषि उपकरणों के सुरक्षा मानकों की तत्काल समीक्षा कर सख्त नियम लागू किए जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### गाड़ी की चेकिंग के दौरान 10 पेटी देसी शराब बरामद



**अनंत ज्ञान, सोलन।** गत रात्रि पुलिस चौकी सपरून की पुलिस टीम चौकी क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि मुकाम तोप की बेड में सड़क के दाहिनी साइड खड़ी हरियाणा नंबर की गाड़ी में शराब की पेटियां लदी हैं। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए उक्त गाड़ी की चैकिंग के दौरान 10 पेटियां शराब देसी (कुल 120 बोतलें) बरामद की गई, लेकिन उक्त गाड़ी में कोई भी व्यक्ति मौजूद न पाया गया। इस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान बरामद देसी शराब की 10 पेटियों व मामले में संलिप्त गाडी को जब्त करके कब्जा ने पुलिस में लिया। उक्त शराब के बारा में गाड़ी में कोई भी वैध लाईसेंस/दस्तावेज न पाए गए व न ही उक्त गाड़ी में सवार व्यक्ति का कोई पता चल सका। जांच के दौरान उक्त गाड़ी की रजिस्ट्रेशन के बारे में ई-चालान ऐप के माध्यम से पता करने पर उक्त गाड़ी की रजिस्ट्रेशन हरियाणा की पाई गई। जिस बारे में जांच की जा रही है। मामले की आगामी जांच जारी है।

### सोलन से लापता नाबालिग नेरवा चौपाल से बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन निवासी महिला ने महिला थाना सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी बेटी जिसकी उम्र 11 वर्ष है। वह 4 अगस्त को इनकी बहन के कमरा से बिना बताए चली गई। इसकी ये लोग आज दिन तक तलाश करते रहे, लेकिन उसका कहीं भी पता न चला, जिस पर महिला थाना सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। अन्वेषण के दौरान गुम हुई नाबालिगा की तलाश महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही थी, तो तलाश के दौरान 10 अगस्त को महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा गुम हुई नाबालिगा को शिमला जिले के नेरवा चौपाल क्षेत्र से बरामद करके सुरक्षित उसके परिवार को सुपुर्द किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि नाबालिगा अपनी माता की डांट के कारण घर से बिना बताए अपनी मासी के लड़के के साथ नेरवा चौपाल चली गई थी, जहां पर यह दोनों एक सेब के बगीचे में चौकीदारी का कम कर रहे थे। अभी तक की जांच के दौरान नाबालिग को किसी द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाना न पाया गया है। मामले में जांच जारी है।

### शिक्षकों के लिए चलाया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में शिक्षकों के लिए हैप्पी क्लासरूम थीम वाले क्षमता निर्माण कार्यक्रम सीबीपी का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को आनंदपूर्ण, प्रेरक सीखने के वातावरण बनाने के लिए व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान करना था। सीबीएससी की स्रोत वक्ताओं मंजुला और डॉ. त्रिलोक सिंह ने समकालीन शिक्षा शास्त्र और क्लासरूम मैनेजमेंट पर सत्र संचालित किया। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास में वृद्धि और अपने कक्षाओं में आनंददायी शिक्षण प्रथाओं को लागू करने के लिए एक स्पष्ट योजना की समीक्षा की। इस वर्कशॉप में 8 स्कूलों के 60 शिक्षकों ने भाग लिया।

### कोट ढांगर स्कूल से नवोदय में 3 छात्रों का चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ग्राम पंचायत कोठिया जाजर के पूर्व सदस्य नरेश कुमार ने बताया कि जब से अध्यापक सुरेश कुमार ने विद्यालय का कार्यभार संभाला है, तब से हर साल छात्र नवोदय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इस वर्ष चयनित छात्रों में निहारिका, रिदीमा गोरी और मयंक शामिल हैं, जिन्हें नवोदय विद्यालय नाहन में छठी कक्षा में प्रवेश मिला है। गांव के लोगों के अनुसार, अब तक इस विद्यालय से करीब एक दर्जन से अधिक बच्चों का चयन नवोदय में हो चुका है। ग्रामीण इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के अध्यापक को देते हैं।

### हर घर तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय जनता पार्टी दाड़लाघाट मंडल द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष सावित्री कश्यप उपस्थित रहीं। तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्र की रक्षा में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था। यात्रा में क्षेत्र के संत राम, उपाध्यक्ष जगदीश्वर शुक्ला, महामंत्री भीम शर्मा, कोषाध्यक्ष धनी राम चौहान, सचिव महेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला भाजपा सचिव राकेश गौतम, जिला परिषद सदस्य हीरा कौशल, भुवनेश्वरी, प्रवक्ता सुनील, आईटी संयोजक प्रेम कंवर, संयोजक मनोज गौतम, नागेंद्र, कुलदीप ठाकुर, बंटू शुक्ला, नरेंद्र और राम सिंह शामिल रहे।

### नवजात शिशु व महिला को चारपाई पर घर पहुंचाया

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** आजादी के 78 साल बीत जाने के बाद भी नाहन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलानी कटोला के कुछ गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जहां की एक महिला को डिलीवरी के बाद नवजात शिशु के साथ चारपाई पर घर पहुंचाया गया। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इसके वायरल वीडियो ने व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। दरअसल जिला मुख्यालय नाहन से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सलानी कटोला पंचायत के गांव मोहलिया जामुन वाला झमेरिया की महिला गायत्री पत्नी पुनीत कुमार को डिलीवरी के बाद नवजात शिशु सहित चारपाई पर डालकर घर तक ले जाया गया। यह न केवल दुखद है, बल्कि व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। जानकारी के अनुसार 3 किलोमीटर चलने के बाद सड़क तक पहुंचा जाता है। पुल न होने और सड़क मार्ग की कमी के कारण मरीजों को सड़क तक लाने के लिए कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जो बरसात के दिनों में और भी मुश्किल हो जाता है। हाल ही में एक महिला को डिलीवरी के बाद चारपाई पर उठाकर इस रास्ते से लाया गया, जो बेहद खतरनाक था। ऐसे में महिला को पीड़ा का सामना भी करना पड़ा। ग्रामीणों ने कई बार पुल और पक्की सड़क बनाने की मांग की, लेकिन अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

### विधानसभा उपाध्यक्ष 13 से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार आगामी 13 अगस्त को सिरमौर जिले के प्रवास के दौरान श्री रेणुकाजी में प्रातः 11 बजे अंतराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला को लेकर आयोजित होने वाली रेणुका विकास बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी एक प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उपाध्यक्ष 16 अगस्त को बेचड़ का बाग में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले के समापन अवसर पर लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ मेले में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 17 अगस्त को संगड़ाह में आयोजित होने वाले हरियाली मेले के समापन अवसर पर मेले की अध्यक्षता करेंगे।

### हिमाचल में शिक्षा बजट 25 फीसदी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की खस्ताहाल सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा। पार्टी ने ज्ञापन जिला सिरमौर इकाई के माध्यम से प्रेषित किया। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि 1 से 7 अगस्त तक पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन चलाया गया। इस दौरान कई जिलों के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कर, जो स्थितियां सामने आईं, वे गंभीर हैं। निरीक्षण में सामने आए मुख्य मुद्दे शिक्षकों की भारी कमी, भवनों की जर्जर हालत, शौचालय, पीने का पानी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव, शिक्षण गुणवत्ता में लगातार गिरावट रही। अजय सिंह ने कहा कि यह स्थिति न केवल विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय बना रही है, बल्कि प्रदेश की सामाजिक व आर्थिक प्रगति में भी बाधा उत्पन्न कर रही है। मुख्य मांगों में राज्य के कुल बजट में कम से कम 25 फीसदी हिस्सा शिक्षा क्षेत्र को दिया जाए, रिक्त पदों पर तुरंत शिक्षक नियुक्त किए जाएं, सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों, शिक्षक शिक्षण को मजबूत किया जाए, ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों के स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### नगर पंचायत प्रस्ताव पर 21 तक भेजें आपत्ति

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी दी कि हिमाचल सरकार के प्रधान सचिव शहरी विकास से प्राप्त अधिसूचना के अनुरूप संगड़ाह को बेहतर विकास व सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए नगर पंचायत संगड़ाह के रूप में वर्गीकृत किया जाना है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत संगड़ाह की प्रस्तावित घोषणा से संबंधित क्षेत्र के निवासियों का यदि कोई आक्षेप हैं, तो इस अधिसूचना के राजपत्र हिमाचल में प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह की अवधि के भीतर 21 अगस्त से पूर्व लिखित रूप में डीसी सिरमौर को प्रेषित करें। नियत अवधि के अवसान के पश्चात किसी भी प्रकार के आक्षेपों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सनौरा-नेरीपुल सड़क की दयनीय हालत को लेकर लोगों ने किया धरना-प्रदर्शन

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** सनौरा-नेरीपुल-छैला मार्ग की दयनीय हालत और इस मार्ग पर बीते कई वर्षों से चल रहे भारी ट्रॉला वाहन के विरोध में सोमवार को कांगू जुबड़ी में रैली निकाली गई। इसमें पझौता, रामूमांदर के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर सरकार के प्रति अपना रोष प्रकट किया।

जिला परिषद सदस्य देवठी मंझगांव वार्ड विनय भगनाल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा यह रोड केवल 9 टन भार क्षमता से निर्मित किया गया है, जबकि इस रोड पर हर वर्ष सेब सीजन में 25 से 30 टन क्षमता के ट्रॉला वाहन चलते हैं। इससे सड़क की हालत बहुत दयनीय हो गई है। इनका कहना है कि सेब सीजन में इस रोड पर प्रतिदिन हजारों वाहन चलते हैं। कई स्थानों पर सड़क काफी तंग बनी है। इस कारण प्रतिदिन अन्य वाहन धारकों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। बीते एक



सनौरा-नेरीपुल-छैला मार्ग की दयनीय हालत को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते लोग।

सप्ताह में इस रोड पर पांच से अधिक हादसे हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा सनौरा से नेरीपुल तक इस रोड को एक्सीडेंटल जोन घोषित किया गया है। विनय भगनाल ने बताया कि वर्ष 2020 में इस रोड के सुधार व पक्का करने के लिए 45 करोड़ का टेंडर पीकेसी कंपनी को दिया गया था, जो कि जुलाई 2025 में समाप्त हो गया है। कंपनी द्वारा 9 टन भार क्षमता के लिए पक्का किया गया है। ट्रॉला वाहनों के चलने से कई स्थानों पर सड़क उखड़ गई है। इस रोड की डीपीआर बनाने में लोनिवि की सबसे बड़ी चूक हुई है।

इनका कहना है कि इस रोड पर बीते करीब दो दशकों से अपर शिमला का सेब इस मार्ग से देश की विभिन्न मंडियों को जा रहा है और लोनिवि को वास्तुस्थिति को देखते हुए रोड की डीपीआर बनानी चाहिए थी। विभाग द्वारा केवल नौ टन बारे डीपीआर बनाई गई। इसके चलते वर्तमान में यह एक गंभीर समस्या बन गई है। इसके अतिरिक्त सरकार ने इस सड़क को मेजर डिस्ट्रिक रोड का दर्जा दिया गया है, जिस कारण इस रोड को चैड़ा व पक्का करने के लिए आवश्यकतानुसार धनराशि उपलब्ध नहीं होती है। किसी भी जनप्रतिनिधि ने आजतक इस रोड को स्टेट हाई-वे बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए हैं, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिप सदस्य विनय भगनाल, निहाल रपटा, मनीष भगनाल, पझौता व रासूमांदर की विभिन्न पंचायतों के प्रधानों सहित आमजन ने सरकार से मांग की है कि जब तक इस रोड को डबल लेन नहीं किया गया और इसे स्टेट हाई-वे का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक इस रोड पर ट्रॉला वाहनों की आवाजाही बंद कर दी जाए। इस के अतिरिक्त लोगों ने लोनिवि के उपमंडल कार्यालय हाब्बन में स्टाफ को भरने की मांग की गई है, ताकि इस रोड के रखरखाव का कार्य बेहतरीन ढंग से हो सके ।

## अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था ने दिनेश कुमार के परिजनों को पहुंचाई मदद

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**



**अर्की।** अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था के सदस्य अर्की विधानसभा क्षेत्र की मटेरनी पंचायत के क्यारी गांव में पहुंचकर स्वर्गीय दिनेश कुमार के परिवार से जाकर मिले और उनका कुशलक्षेम जाना।

संस्था के अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने बताया कि दिनेश कुमार एक गरिब परिवार से संबंध रखता था और पेशे से ड्राइवर था, जो कि ट्रक चलाकर अपने परिवार का पेट पाल रहा था। दिनेश के परिवार में उसकी बूढ़ी मां, पत्नी और छोटी बेटियां हैं, जो अभी स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। लगभग एक महिने पहले गाड़ी में ही दिनेश कुमार का हृदय गति रूकने के कारण देहांत हो गया था। दिनेश ट्रक चलाकर परिवार की आजीविका और परिवार की अन्य जरूरते पूरी कर रहा था, लेकिन देहांत होने से मानो परिवार एक जगह ठहर सा गया हो। इसको देखकर उसके परिवार की सहायता के लिए संस्था आगे आई। महेंद्र ने बताया कि संस्था ने स्वर्गीय दिनेश के परिवार का कुशलक्षेम जानकर परिवार को राशन और 5100 रुपए की सहायता राशी प्रदान की व भविष्य में भी अन्य प्रकार की सहायता करने का परिवार को आश्वासन दिया।

संस्था के मुख्य सलाहकार बालक राम शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय दिनेश घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। इसके देहांत के बाद परिवार में आय का साधन नहीं रहा। इस कारण परिवार की स्थिति दंयनीय है। संस्था ने समाज के सभी सक्षम लोगों से अपील की है कि इस परिवार की सहायता के लिए आगे आएं, ताकि वे इस कठिन समय से उबर सकें। मानवीय संवेदना से प्रेरित इस प्रयास की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

## सोलंकी 13 को करेंगे पर्यावरण पर्यटन स्थल का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधायक अजय सोलंकी 13 अगस्त को सुबह 10:30 बजे बनेठी में नए पर्यावरण पर्यटन स्थल का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वे पौधरोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे, जो पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को प्रोत्साहन देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। 14 अगस्त को विधायक डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे वे मेडिकल कॉलेज भवन (पुराने आर्ट्स ब्लॉक) में शहरी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र और सामान्य व निवारक ओपीडी का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन कॉलेज में स्थापित नई लिफ्ट का भी उद्घाटन किया जाएगा। इससे मरीजों और स्टाफ को सुविधा होगी। कार्यालय के सचिव संजय चौहान के अनुसार, यह दौरा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और स्थानीय जनता को आधुनिक व सुलभ सुविधाएं प्रदान करने की विधायक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जन सुरक्षा के प्रति पुलिस की तत्परता जुआ, शराब व नशा तस्करी पर शिकंजा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पुलिस थाना पुरुवाला की टीम एएसआई पवन कुमार की अगुवाई में गश्त के लिए रवाना हुई। मुखबरी के आधार पर सालवाला में सड़क किनारे एक व्यक्ति राहगीरों को 1 रुपए के बदले 80 रुपए देने का लालच देता पाया गया।

पुलिस को आता देख वह घबरा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राम लाल पुत्र शेरु, निवासी डोबरी सालवाला, डाकघर गोरखुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर (उम्र 40 वर्ष) बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 1170 रुपए नकदी बरामद हुई। रकम एक लाइनदार पेज पर लिखे गए संख्याओं (85-50 और 22-20) के कुल योग के रूप में थी। इस आधार पर आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी दिन, थाना पुरुवाला की एक अन्य टीम ने नारीवाला शिव मंदिर के पास जंबुखाला सड़क पर गश्त के दौरान राम कुमार पुत्र स्व. चरण सिंह, निवासी नारीवाला, डा. निहालगढ़, तहसील पांवटा साहिब, उम्र 43 वर्ष के कब्जे से 4 लीटर अवैध शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस थाना माजरा की टीम ने गश्त के दौरान पीपलीवाला क्षेत्र में खास सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुकाबिर खान पुत्र याफिद अली, निवासी भगवानपुर, डाकघर पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, उम्र 32 वर्ष के कब्जे से 8.90 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। संपूर्ण कार्रवाई पुलिस की तत्परता व जन सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## गोगा जाहरवीर की गाथाएं सुनाने निकली छड़ियां

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** गोगा जाहरवीर की वीरगाथाएं घर-घर सुनाने के लिए मंडलियों ने रक्षाबंधन से छड़ियों को लेकर विभिन्न गांवों का भ्रमण आरंभ कर दिया है। एक सप्ताह का भ्रमण पूर्ण करने पर गोगा मंडलियां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को अपने मंदिर में लौटेंगी, जहां पर रात्रि को गोगा जाहरवीर का जागरण किया जाएगा।

इसमें गूर दहकती आग के शोले पर नाचते हैं। अगले दिन गोगा नवमीं को बहुत बड़ा धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया जाता है, जहां पर मंदिरों में गोगा जाहरवीर का आशीर्वाद पाने के लिए भक्तों को सैलाब उमड़ता है। गिरिपार क्षेत्र के कुछ क्षेत्रों में गोगा जाहरवीर की काफी मान्यता है। सिरमौर के अनेक स्थानों पर गोगा माढ़ी बनाई गई और कुछ गांव में गोगा जाहरवीर के प्राचीन मंदिर हैं। गोगा भक्त सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि गोगा राणा की पूजा हिंदू



विभिन्न गांवों में भगोगा जाहरवीर की वीरगाथा सुनाती गोगा मंडलियां।

लोग ईष्ट के रूप में तथा मुस्लिम समुदाय के लोग पीर के रूप में मानते हैं। गोगा माढ़ी संप्रदायिक सदभाव का अनूठा संगम हैं। हर वर्ष रक्षा बंधन से लेकर भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तक मंडलियां अपने क्षेत्र में गोगा छड़ियों का भ्रमण करवाते हैं और घर-घर जाकर लोगों को गोगा राणा की वीरगाथा सुनाते हैं। लोग इसके एवज में रोट तथा हलवे का प्रसाद चढ़ाते हैं। लोगों का विश्वास है कि गोगा को रोट अर्पित करने से सर्पदशं व विषैले कीड़ों का भय नहीं रहता है। गोगा को नागों के देवता भी माना जाता है। अनेक गोगा माढ़ी पर सर्पदंश का आज भी उपचार किया जाता है। सुभाष शर्मा ने बताया कि गोगा राणा के प्रादुर्भाव का इतिहास राजस्थान के चुरू जिले के ददरैवा स्थान से जुड़ा है। गोगा चौहान वंशज राजा जेवर और माता बाछल के यशस्वती पुत्र थे।

## चायल में 140 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए



समाजसेवी नरेश कुमार चायल में 140 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित करते हुए।

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** समाजसेवी नरेश कुमार गांधी ने अपने पिता जीआर गांधी की स्मृति में जेपी अस्पताल मोहाली में निशुल्क तीसरा आंखों का जांच शिविर आयोजित किया।

इसका फॉलोअप कार्यक्रम पंचायत घर चायल में आयोजित किया गया। इसमें 140 लोगों को चश्मे वितरित किए गए। इसमें 120 लोगों को नजर के चश्मे लिखे। इसके अतिरिक्त 20 लोगों के ऑपरेशन किए गए थे। इन सभी को रविवार को चश्मे बांटे गए। समाजसेवी गांधी ने इस मौके पर कहा कि चायल में तीन शिविर लगाए गए। इसमें जेपी अस्पताल के विशेषज्ञ और डॉक्टरों की टीम ने कुल 500 लोगों की आंखों की जांच की। 35 लोगों के आंखों के ऑपरेशन अभी तक किए गए और 220 लोगों को नजरों के चश्मे दिए गए। अभी 41 लोगों के ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि साधनों की कमी के कारण किसी के आंखों की रोशनी कम न हो। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जीआर गांधी के आदर्श व प्रेरणा से वह समाज कल्याण के कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रधान उषा शर्मा, उपप्रधान पंकज ठाकुर समाज सेवी शशि गांधी सहित कई समाजसेवी और लाभार्थी उपस्थित रहे।

## पूरे देश में गूंजा तिरंगे का जयघोष : चौधरी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में भाजपा द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का आज पांवटा साहिब में भव्य आगाज हुआ। लोक निर्माण विश्रामगृह से शुरू हुई यह यात्रा पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी के नेतृत्व में पूरे शहर में निकाली गई, जहां कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

हजारों लोगों की भीड़ और सैकड़ों लहराते तिरंगों के बीच विधायक सुखराम चौधरी ने कहा हमारे वीर जवानों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानियों के कारण ही आज हम सुरक्षित और स्वतंत्र हैं। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश की आन, बान और शान की रक्षा की और हमें गर्व से सिर उठाने का अवसर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की मजबूत रक्षा नीति और जनता में जागृत हो रही




पांवटा साहिब में तिरंगा यात्रा निकालते भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

राष्ट्रभक्ति की भावना की सराहना करते हुए कहा कि 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ता हर गली, मोहल्ले और गांव में तिरंगा यात्रा निकालेंगे, ताकि हर नागरिक के दिल में देशभक्ति की लौ और प्रज्वलित हो। यात्रा के दौरान वक्ताओं ने आजादी के इतिहास को भी याद किया।

उन्होंने कहा कि भारत के वीर सपूतों ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों को तोड़ा और आजादी के अमृत महोत्सव को संभव बनाया। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1947 में मिली स्वतंत्रता तक, हर आंदोलन में बलिदान और साहस की अमिट कहानियां छिपी हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करेंगी। देश के अन्य राज्यों की तरह हिमाचल के पांवटा साहिब में भी यह यात्रा राष्ट्र प्रेम का ऐसा नजारा पेश कर रही है, जो हर भारतीय के दिल में अमर हो जाएगा।

## वृद्धजन दिवस 21 को सोलन में होगा आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हेल्पएज इंडिया के तत्वावधान में यहां जिले के विभिन्न वरिष्ठ नागरिक संस्थानों द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोज वर्मा ने की।

मनोज वर्मा ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 अगस्त को जिला सोलन में वृद्धजन दिवस आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को इस दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। बैठक में सीनियर सिटिजन फोरम के प्रधान रमेश अग्रवाल, सीनियर सिटिजन एसोसिएशन के प्रधान डॉ. पंकज भुल्लर, ओल्ड ऐज हेल्पलाइन सोसायटी के प्रधान शैलेंद्र कंवर, महासचिव एलआर नेगी, हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड पेंशन संघ के सदस्य गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

**फैसिलिटी** आपात स्थिति में मरीजों को मिलेगी सुविधा, गुर्दे, फेफड़े की जांच आसान

# सोलन हॉस्पिटल में शुरू हुई एबीजी टेस्ट सेवा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में एबीजी टेस्ट सेवा शुरू होने से अब आपातकाल में गुर्दे, फेफड़े की फंक्शनिंग का कुछ ही मिनट में पता लग जाएगा, अब 90 सेकेंड में फेफड़े और गुर्दे की फंक्शनिंग का पता लग सकेगा।

इसके लिए हॉस्पिटल की क्रस्ना लैब में आर्टलिय ब्लड गैस (एबीजी) टेस्ट शुरू हो गया है। इस टेस्ट से आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी। खास बात यह है कि ब्लड सैंपल लेने के बाद बीमारी का पता लगेगा। मरीजों को तुरंत रिपोर्ट मिलने से उपचार भी जल्द शुरू हो सकेगा। एबीजी टेस्ट से शरीर में उत्पन्न होने वाली गैस और सांस लेने में दिक्कत की भी जानकारी मिलेगी। अस्पताल में मरीजों का यह टेस्ट मुफ्त में होगा। अस्पताल में इससे पहले एबीजी टेस्ट की सुविधा नहीं थी। इससे आपातस्थिति में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस टेस्ट को करवाने के लिए मरीजों को आईजीएमसी की दौड़ लगानी पड़ती थी। इससे तीमारदारों को भी परेशानी होती थी। ऐसे में आपातस्थिति में आने वाले मरीजों की जान पर भी बनी रहती थी क्योंकि गुर्दे व फेफड़ों में विफलता की स्थिति में हर एक सेकेंड मायने रखता है। टेस्ट और रिपोर्ट में लेट होने से उपचार में देरी होती थी।




सोलन अस्पताल।

इन सब चीजों को देखते हुए अस्पताल में प्रबंधक ने टेस्ट सुविधा देने का निर्णय लिया। क्षेत्रीय अस्पताल जिले का बड़ा स्वास्थ्य संस्थान है। यहां सोलन ही नहीं, बल्कि जिला सिरमौर और शिमला के कुछ क्षेत्रों से मरीज उपचार के लिए आते हैं। आपातकालीन स्थिति में भी मरीजों को इसी हॉस्पिटल में लाया जाता है। बहरहाल एबीजी परीक्षण शुरू होने से यह सुनिश्चित हो गया है कि अब हॉस्पिटल में पहले के मुकाबले फैसिलिटी बढ़ गई है।

> **अस्पताल** में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल की क्रस्ना लैब में एबीजी टेस्ट भी शुरू हो गया है। इस टेस्ट से सांस लेने में दिक्कत समेत कई बीमारियों का पता चलता है। यह टेस्ट आपात स्थिति में काफी महत्वपूर्ण है। अस्पताल में मरीजों का यह टेस्ट मुफ्त में होगा।
>
> **डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल**

## सतीवाला में 800 पौधे रोपकर हरियाली का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



वन विभाग पांवटा साहिब के सहयोग से मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा संस्था, दून प्रेस क्लब पांवटा साहिब, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर्स के संयुक्त प्रयास से सतीवाला बीट में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग 800 पौधे लगाए गए। इनमें फलदार, छायादार और औषधीय प्रजातियों के पौधे शामिल थे। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता और अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने कहा कि एक पौधा सिर्फ हरियाली ही नहीं देता, बल्कि यह जीवन, ऑक्सीजन, छाया और असंख्य जीवों के लिए घर भी बनता है। पौधरोपण से धरती की सुंदरता बढ़ती है, जलवायु संतुलन में सुधार होता है और भविष्य की पीढ़ियां सुरक्षित रहती हैं। लगाना ही नहीं, उनकी देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। दून प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश रमोल ने कहा कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों में वनों और हरियाली का संरक्षण जलवायु संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलंटियर संजीव ने कहा बरसात के मौसम में पौधरोपण आसान है, लेकिन गर्मियों में इन पौधों की देखभाल और नियमित सिंचाई बेहद जरूरी है, ताकि ये बड़े होकर मजबूत पेड़ बन सकें। इस अवसर पर एडवोकेट विजय, मंदीप कौर, वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड, वन मित्र तथा स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। वन विभाग और स्थानीय नागरिकों ने इन पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय सेना के शौर्य व सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन हो रहा है। देश की सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और इसके बाद पाकिस्तान के घर में घुसकर जो सबक सिखाया है, उससे पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज तिरंगा यात्रा के माध्यम से हजारों नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, प्रेम और देश को आगे बढ़ाने की सोच मजबूत हो रही है। सोमवार को गोहाना में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए डॉ. अरविंद शर्मा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और शहीद स्मारक तक हजारों कार्यकर्ताओं व स्कूली बच्चों के साथ पैदल मार्च करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली।

### स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निकाली तिरंगा यात्रा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के ज़िला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अंतर्गत मंडल नंबर 20, हल्लोमाजरा में आज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा की अगुवाई में निकाली गई, जिसमें देशभक्ति और एकता का अद्भुत संदेश देखने को मिला। तिरंगा यात्रा की शुरुआत पूरे जोश और उत्साह के साथ हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने हाथों में 100 फुट लंबा तिरंगा और राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता के जयकारे लगाए। यात्रा में स्थानीय नागरिक भी स्वेच्छा से शामिल हुए, जिससे माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया।

### मतदाता सूची के दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय चुनाव आयोग ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण: दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया जारी की है। हरियाणा निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 अगस्त से 11 अगस्त 2025 तक की प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशित की गई है। ए. श्रीनिवास ने बताया कि अभी तक किसी भी राजनीतिक दल द्वारा प्रारूप सूची के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। अब तक मतदाताओं से सीधे 10,570 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं और 127 आपत्तियों का 7 दिनों के भीतर निपटारा कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से 54,432 फॉर्म 6 और घोषणा आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आदेशों के अनुसार, 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को ईआरओ/एईआरओ द्वारा जांच करने और निष्पक्ष एवं उचित अवसर दिए जाने के बाद स्पष्ट आदेश पारित किए बिना हटाया नहीं जा सकता।

### फैंसी नंबरों की नीलामी के लिए पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नई सीरीज सीएच01डीए की ई-नीलामी में भाग लेने के लिए पंजीकरण, साथ ही सीएच01सीजेड, सीएच01सीवाई, सीएच01सीएक्स, सीएच01सीडब्ल्यू सीरीज के बचे हुए फैंसी/विशेष पंजीकरण नंबरों की पुनः नीलामी के लिए पंजीकरण 11.08.2025 (सुबह 10:00 बजे) से शुरू हो गया है और 18.08.2025 (शाम 05:00 बजे) तक जारी रहेगा। ई-बिडिंग 19.08.2025 (सुबह 10:00 बजे) से 21.08.2025 (शाम 05:00 बजे) तक होगी। वाहन मालिक राष्ट्रीय परिवहन वेबसाइट पर स्वयं को पंजीकृत कर सकते हैं, जिसका लिंक चंडीगढ़ प्रशासन, परिवहन विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, और यूनिक एक्नॉलेजमेंट नंबर प्राप्त कर सकते हैं। केवल वही वाहन मालिक, जिन्होंने वाहन चंडीगढ़ पते पर खरीदा है, ई-नीलामी में भाग लेने के पात्र होंगे। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए बिक्री पत्र (फॉर्म संख्या 21) (आधार कार्ड) और चंडीगढ़ का पता प्रमाण अनिवार्य है।

### शासक की खेल परामर्श परिषद की नवगठित स्थायी समिति की पहली बैठक संपन्न

# खिलाड़ियों के लिए खेल नीति होगी जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक की खेल परामर्श परिषद की नवगठित स्थायी समिति की पहली बैठक आज सेक्टर 42 स्थित खेल परिसर में समिति के अध्यक्ष संजय टंडन की अध्यक्षता में आयोजित हुई।



सौरभ कुमार अरोड़ा, निदेशक खेल, चंडीगढ़ प्रशासन ने हाल ही में खेल विभाग द्वारा की गई प्रमुख पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के बहुउद्देश्यीय हॉल, ओलंपिक मानक स्विमिंग पूल एवं बालिका छात्रावास के निर्माण का प्रस्ताव प्रारंभ कर दिया गया है। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा डिजाइन तैयार करने हेतु परामर्शदाता के चयन के लिए निविदा जारी कर दी गई है, जिसे 18 अगस्त 2025 को खोला जाएगा।

समिति को यह भी अवगत कराया गया कि सेक्टर-39 के स्विमिंग पूल को आॅल-वेदर स्विमिंग पूल में परिवर्तित करने की निविदा स्वीकृत हो चुकी है और

**बहुउद्देश्यीय हाल एवं ओलंपिक मानक स्विमिंग पूल के निर्माण का प्रस्ताव**

**कुशल खिलाड़ियों को विभिन्न पदों पर रोजगार देने की नीति निर्माणाधीन**

कार्य 31 अक्तूबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेक्टर 42 के बास्केटबॉल हॉल, सेक्टर 42 व सेक्टर 18 के हॉकी स्टेडियम तथा लेक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की खेल अवसंरचना को राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप उन्नत किया जा रहा है, ताकि चंडीगढ़ में अधिकाधिक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकें।

खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है, जिसे राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2025 को लॉन्च किया जाएगा। विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों के लिए, समर्पित खेल नीति भी तैयार की जा चुकी है, जिसे शीघ्र जारी किया जाएगा।

बैठक में सदस्यों ने सुझाव दिया कि खेल संघों को प्रायोजकों की ब्रांडिंग खेल परिसरों के अंदर निःशुल्क प्रदर्शित करने की अनुमति दी जाए, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का बेहतर आयोजन कर सकें, क्योंकि अधिकांश संघ आयोजन के लिए प्रायोजकों पर निर्भर होते हैं। इस संबंध में संयुक्त निदेशक खेल ने बताया कि इस विषय पर नीति निर्माण प्रक्रिया में है, जिसे जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग कुशल खिलाड़ियों को विभिन्न के पदों पर रोजगार देने की नीति पर कार्य कर रहा है।

समिति ने बैठक स्थल, नवीन रूप से नवीनीकृत कॉन्फ्रेंस हॉल की भी सराहना की। अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि खेल संघ अपनी बैठकों के लिए इसे विभाग द्वारा तय शुल्क पर बुक कर सकते हैं।

बैठक में टीवीएसएन प्रसाद, आईएएस (से.नि.), सुरेंद्र कुमार महाजन, शिव सिंह, सतीश कुमार अरोड़ा, पीसीएस (निदेशक खेल एवं सदस्य सचिव), डॉ. महेंद्र सिंह (संयुक्त निदेशक खेल) तथा विशेष आमंत्रित गुरप्रीत सिंह ढिल्लों उपस्थित रहे।

# उत्तरकाशी में ग्लेशियर लेक का जल्द हो विश्लेषण: आनंद



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने महानिदेशक उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद प्रो. दुर्गेश पंत को धराली (उत्तरकाशी) के ऊपर अधिक ऊंचाई के क्षेत्र में ग्लेशियर और ग्लेशियर लेक आदि का तत्काल विश्लेषण कर यथास्थिति से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि ग्लेशियर पिघलने से बनने वाली झीलों और उनसे संभावित खतरों का तत्काल आंकलन कर अवगत कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेशभर के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों को भी शामिल किए जाने की बात कही है। मुख्य सचिव ने कहा कि धराली और ऋषि गंगा जैसे सेंसिटिव क्षेत्रों को प्राथमिकता पर लेते हुए इनका विश्लेषण कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि निकट भविष्य में इस प्रकार कोई अप्रिय घटना से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए पूर्व से तैयारियां सुनिश्चित की जा सकें।

मुख्य सचिव ने कहा कि नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) और इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट (आईआरएसएस) सहित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) से हर प्रकार की सहायता और सामंजस्य के लिए उत्तराखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (यू-सैक) ही नोडल एजेंसी होगी।

उन्होंने कहा कि अधिक ऊंचाई में स्थित झीलों की मॉनिटरिंग के लिए सेंसर लगाए जाने के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने एनआईएच से भी इस संबंध में सहायता लिए जाने की बात कही।

# तनाव प्रबंधन पर करवाई ज्ञानवर्धक संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सरकारी वाणिज्य और व्यवसाय प्रशासन कॉलेज सेक्टर 50, चंडीगढ़ के तनाव-विरोधी क्लब ने उपप्राचार्य डॉ. अमरप्रीत के सक्षम मार्गदर्शन में तनाव प्रबंधन पर एक ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और उन्हें उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में तनाव से निपटने के लिए व्यावहारिक उपकरण प्रदान करना था।



दिन के लिए अतिथि वक्ता सतींद्र शर्मा थे, जो डीए आईईसीएक्सईएल परामर्श समूह के संस्थापक और संचालक हैं, व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक विकास के क्षेत्र में वह एक प्रसिद्ध नाम है। शर्मा ने जीवन में लोगों के सामने अक्सर आने वाले एक मूलभूत विकल्प को संबोधित करके शुरुआत की एक 'सफल' जीवन बनाम एक 'खुश' जीवन की खोज। उन्होंने बताया कि जहां सफलता अक्सर बाहरी उपलब्धियों से मापी जाती है, वहीं खुशी एक गहरा और अधिक व्यक्तिगत होने की अवस्था है।

संगोष्ठी के अंत में, डॉ. मोनिका अग्रवाल ने छात्रों के साथ अपना समय और ज्ञान साझा करने के लिए शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। आभार के प्रतीक के रूप में कॉलेज और तनाव-विरोधी क्लब की ओर से अतिथि वक्ता को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

तनाव-विरोधी क्लब के सदस्य-रक्षित शर्मा, राजवीर सिंह, जसकीरत बत्रा, गौरव मित्तल, राहुल ठाकुर, कार्तिकेय शर्मा, तन्वी अरोड़ा और हरजोत कौर ने आयोजन को सफल बनाने के लिए लगन से काम किया। योजना और समन्वय से लेकर सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने तक, उनके प्रयास पूरे कार्यक्रम में स्पष्ट थे।

संगोष्ठी एक सकारात्मक नोट पर समाप्त हुई, जिससे छात्रों को उनके मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अधिक जागरूकता मिली और तनाव प्रबंधन की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# नगर निगम और सामाजिक संस्थाओं ने सेक्टर 9 में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा शहर भर में चलाये जा रहे 10 दिवसीय स्वच्छता अभियान के तहत आठवें दिन आज सेक्टर 9 के सिटी गार्डन और मनीमाजरा स्थित शिवालिक गार्डन में स्वच्छता ड्राइव चलाई गई।

सामाजिक संस्थाएं डॉन बोस्को नवजीवन सोसाइटी और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन भी इस अभियान में बराबर सहयोग दे रही हैं। इस मौके क्षेत्रीय पार्षद, बोस्को नवजीवन सोसाइटी के फादर रेजी टॉम और उनकी टीम और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला और उनकी टीम, एम ओ एच व हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित थे। सेक्टर 9 से एरिया पार्षद महेशइंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि स्वच्छता अभियान 04 अगस्त से नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा चलाया गया एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। इस अभियान के तहत, लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जाता है।

मनीमाजरा की एरिया पार्षद दर्शना देवी ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देना है। ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविन्द्र सिंह बिल्ला ने स्वच्छता अभियान पर कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन जीने का अवसर मिलता है।

# भारतीय राष्ट्रीय ध्वज एकता का प्रतीक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की आशाओं, आकांक्षाओं और एकता का प्रतीक है। यह सर्वोच्च सम्मान का स्थान रखता है और नागरिकों से सार्वभौमिक आदर, स्नेह और निष्ठा की अपेक्षा करता है।

राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, फहराने और प्रदर्शन के लिए भारतीय ध्वज संहिता, 2002 (संशोधित 2021 एवं 2022) तथा राष्ट्रीय सम्मान को ठेस पहुंचाने से रोकथाम अधिनियम, 1971 लागू हैं।

इन दोनों दस्तावेजों की प्रतियां गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। भारतीय ध्वज संहिता के अनुसार, कागज से बने राष्ट्रीय ध्वज का प्रयोग आमजन द्वारा महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों में किया जा सकता है। ऐसे में ध्वज की गरिमा बनी रहे।

## देश-विदेश

# यूपी के फतेहपुर में हिंदू संगठनों ने मकबरे पर लहराया भगवा

**एजेंसी, फतेहपुर**

यूपी में संभल के बाद अब फतेहपुर में मंदिर-मस्जिद का विवाद शुरू हो गया। यहां सोमवार सुबह करीब 10 बजे अचानक बजरंग दल, हिंदू महासभा समेत कई हिंदू संगठनों के 2 हजार लोग ईदगाह में बने मकबरे पर पहुंच गए।




पुलिस ने पहले से मकबरे के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी थी, लेकिन लाठी-डंडे से लैस हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकबरे को मंदिर बताकर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। कुछ युवकों ने मकबरे की छत पर चढ़कर भगवा झंडा लगा दिया।

हिंदू महासभा के नेता मनोज त्रिवेदी भीड़ के साथ मकबरे के अंदर पहुंचे और पूजा करने लगे। मकबरे पर भगवा झंडा और पूजा-पाठ देख मुस्लिम समुदाय के लोग भड़क गए। करीब डेढ़ हजार मुस्लिम ईदगाह पहुंच गए। इसके बाद दोनों तरफ से पथराव होने लगा।

पुलिस ने लाठियां चलाकर भीड़ को खदेड़ना शुरू किया। बवाल इतना बढ़ा कि 10 थानों की फोर्स बुलानी पड़ी। इसके बाद हिंदू संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मकबरे से 500 मीटर दूर डाक बंगला चौराहे पर जाम लगा दिया। सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। (अनंत ज्ञान)

# प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे हादसे पर जताया दुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के पुणे में सड़क हादसे पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि वे पुणे में हुई घटना से बेहद दुखी हैं। वह मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करते हैं। मुआवजे की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख और घायलों को 50 हजार दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्रद्धालुओं को ले जा रही एक पिकअप वैन नियंत्रण खोकर पुणे में एक ढलान से 30 फिट नीचे गिर गई। हादसे में सात लोगों की मौत हुई है जिनमें से ज्यादातर महिलाएं हैं। (अनंत ज्ञान)

# लोकसभा में बिना चर्चा के नया आयकर बिल पास, दो खेल विधेयक भी पारित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वोटर वेरिफिकेशन और वोटों की चोरी के आरोपों पर हंगामे के बीच सोमवार को बिना चर्चा के नया आयकर बिल (नंबर-2) 2025 और कराधान कानून संशोधन बिल-2025 लोकसभा में पास हो गया। राज्यसभा में गोवा विधानसभा एसटी रिजर्वेशन बिल और मणिपुर से जुड़े 3 विधेयक पेश किए गए।



हालांकि, इन बिलों को पेश करते समय विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस पर राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चर्चा के लिए कहा जा रहा है कि हाउस ऑर्डर में नहीं है और बिल पारित हो रहे हैं। यह लोकतंत्र के साथ धोखा है। लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए। चेयर को, नेता सदन को यह स्पष्ट करना चाहिए। ये कैसा लोकतंत्र है।

लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और दोपहर 2 बजे लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल भी पास हो गया। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया।

संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि यह कि आयकर बिल अब पूरी तरह से नया होगा। इस पर काफी काम किया गया है। यह पुराने बिल से बिल्कुल अलग होगा। (अनंत ज्ञान)

# फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया: अल्बनीज

**एजेंसी, वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि उनका देश फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप पर मान्यता देगा। अल्बनीज के इस ऐलान के साथ ही ऑस्ट्रेलिया फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा की कतार में शामिल हो गया, इन देशों के नेताओं ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। एंथनी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब उनके मंत्रिमंडल और ऑस्ट्रेलिया के कई हिस्सों से फिलिस्तीन को मान्यता देने की अपील की जा रही है। इतना ही नहीं ऑस्ट्रेलिया में गाजा के लोगों की पीड़ा और भुखमरी को लेकर जमकर आलोचना भी हो रही है।



ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने हाल के दिनों में इसराइली नेता बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा गाजा में एक नई और व्यापक सैन्य कार्रवाई की घोषणा की योजनाओं की भी आलोचना की है। अल्बनीज ने सोमवार को मंत्रिमंडल की मीटिंग के बाद मीडिया से कहा कि फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऑस्ट्रेलिया का निर्णय सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# शेयर बाजार में लौटी बहार, सेंसेक्स 750 अंक उछला

**एजेंसी, मुंबई।** एक दिन में 3.5 लाख करोड़ रुपए की हुई बरसात भारतीय शेयर बाजारों में आज 11 अगस्त को शानदार रिकवरी देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब एक की बढ़त के साथ बंद हुए। पीएसयू बैंकिंग, रियल्टी और ऑटो सेक्टर में मजबूत खरीदारी से शेयर बाजार में बुल्स ने फिर से पकड़ बनाई। यह तेजी सेंसेक्स और निफ्टी पिछले 5 सालों की सबसे लंबी वीकली गिरावट के बाद आई है। विदेशी निवेशकों की वापसी और निचले स्तर पर वैल्यू बाइंग से तेजी को सपोर्ट मिला।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स 746.29 अंक या 0.93 चढ़कर 80,604.08 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 221.75 अंक या 0.91 बढ़कर 24,585.05 पर पहुंचा। शेयर बाजार में आज की तेजी चौतरफा रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.79 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.35 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। सेक्टोरल इंडेक्स में केवल निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स लाल निशान में बंद हुआ। इसमें गिरावट की वजह पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, ऐम्बर एंटरप्राइजेज और वोल्टास के जून तिमाही के कमजोर नतीजे रहे। वहीं दूसरी पीएसयू बैंक, रियल्टी और ऑटो शेयरों में सबसे अधिक तेजी देखने को मिली। (अनंत ज्ञान)

## दो वोटर आईडी मामला

# बिहार के डिप्टी सीएम बोले, ईसी के नोटिस का दूंगा जवाब

**एजेंसी, पटना**

बिहार विधानसभा में भाजपा के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का दो जगहों पर मतदाता सूची में नाम होने का मामला गरमा गया है। इलेक्शन कमीशन ने नोटिस भेजकर उनसे जवाब मांगा है। नोटिस के जवाब को लेकर विजय सिन्हा ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत पूरे विपक्ष को निशाने पर ले लिया है। उन्होंने कहा है कि वह आयोग की नोटिस का समर्थ से जवाब जरूर देंगे। चुनाव आयोग ने विजय सिन्हा से मंगलवार तक स्पष्टीकरण की मांग की है।



पटना में पत्रकारों के सवाल पर सिन्हा ने कहा कि चुनाव आयोग का सम्मान करते हैं। यह संवैधानिक संस्था है और जो नोटिस हमें भेजा गया है हम उसका जवाब समय से देंगे, हमारा पक्ष साफ है। जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं है। वे लोग सोचें जिनके पास कोई जवाब नहीं है। सबको इन संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। सिन्हा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि हम राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे नहीं है कि संवैधानिक संस्था को लेकर कुछ से कुछ बोलते रहेंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि ये लोग खुद वोट डकैती को करना चाह रहे हैं और दूसरों पर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली**

अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।



हालांकि, भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रंप सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं।

भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है।

भारत ऐसी गायों के दूध को 'नॉन वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत इन पर अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे। (अनंत ज्ञान)

# बेघर लोगों को फौरन वाशिंगटन, डीसी छोड़ देना चाहिए: ट्रंप

**अनंत ज्ञान, वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि बेघर लोगों को फौरन वाशिंगटन, डीसी (वाशिंगटन, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया) को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने इस मसले पर संघीय पुलिस कार्रवाई का संकेत भी दिया है। ट्रंप ने कहा कि वह आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपराध और हत्या की रोकथाम पर अपनी योजना का खुलासा करेंगे। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को वाशिंगटन, डीसी से तुरंत हटाकर 'दूर' बसाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजधानी में अब ऐसे लोगों के खिलाफ संघीय पुलिस आक्रामक कार्रवाई करेगी। उन्होंने वाशिंगटन शहर को संघीय नियंत्रण के दायरे में लाने का सुझाव दिया है। (अनंत ज्ञान)



# मुनीर की धमकी पर भारत बोला, जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की परमाणु धमकी पर जवाबी कार्रवाई की बात की है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि हम किसी परमाणु ब्लैकमेल को स्वीकार नहीं करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मुनीर के बयान को गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए इस बात का उल्लेख किया है कि पाकिस्तान में सेना और आतंकी संगठनों के बीच गठजोड़ है। इससे पाकिस्तान में परमाणु कमान और नियंत्रण की स्थिति भी संदिग्ध है। विश्व समुदाय को इसके प्रति सावधान रहना चाहिए। प्रवक्ता ने इस बात पर खेद जताया कि भारत के खिलाफ मुनीर ने यह बयान अमेरिका की धरती से दिया है। जायसवाल ने कहा, 'पाकिस्तान की आदत रही है कि वह परमाणु हथियारों की धमकी देता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इन धमकियों में छिपी गैरजिम्मेदारी को समझ सकता है।' (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी ने किया नए फ्लैट्स का उद्घाटन कर सांसदों को दिया तोहफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम सुबह 10 बजे हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने सिंदूर का पौधा भी लगाया।



नई दिल्ली में फ्लैंट्स का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ हैं अन्य।

यह परिसर सांसदों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रत्येक फ्लैट में 5,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल है, जिसमें कार्यालय और स्टाफ के लिए जगह भी है। यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग और राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप है। इमारतें भूकंपरोधी हैं और दिव्यांगों के लिए अनुकूलित हैं। जानकारी के अनुसार इस परिसर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है और यह संसद सदस्यों की कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं की पूरी श्रृंखला से सुसज्जित है।

## उत्तरकाशी आपदा

### बादल फटने से बहा था पुल, लिमचीगाड में आवाजाही थी बंद

# बीआरओ, सेना ने धराली में बेली ब्रिज का निर्माण किया पूरा

**एजेंसी, उत्तरकाशी**

भारतीय सेना ने नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर लिमचीगाड में बेली ब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया है, जिससे 5 अगस्त को उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने से मूल पुल के बह जाने के बाद संपर्क बहाल हो गया है।



लिमचीगाड पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद, क्षेत्र में परिवहन ठप हो गया, जिससे तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिए गए। पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), इंजीनियरों और अन्य बचाव इकाइयों की टीमों ने, साथ ही भारतीय सेना की बंगाल इंजीनियर्स ग्रुप (बीईजी) की इंजीनियरिंग शाखा ने भारी बारिश के बावजूद पुल के माध्यम से संपर्क बहाल करने के लिए चौबीसों घंटे काम किया।

खोज, चिकित्सा और संचार दल भी इस अभियान में शामिल हुए, जिसके परिणामस्वरूप रविवार शाम 5 बजे 90 फुट लंबा बेली ब्रिज बनकर तैयार हो गया। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और सेना के इंजीनियरों ने निर्माण कार्य पूरा किया। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित यह नया पुल गंगनानी और धराली के बीच लिमचीगाड पर बना है, जिसकी भार क्षमता लगभग 50 टन है, जिससे चुनौतीपूर्ण हिमालयी भूभाग में राहत और बचाव कार्यों को काफी बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### वनडे सीरीज में गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन से दुखी मोहम्मद रिजवान

**एजेंसी, तारूबा ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने भरोसा जताया कि उनके गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। यह मैच सोमवार को त्रिनिदाद एंड टोबैगो के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी मैदान में खेला गया। आईसीसी ने रिजवान के हवाले से कहा कि वह अभी यह तय नहीं कर पाए हैं कि ये दोनों खिलाड़ी फाइनल में खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर मौका मिला तो उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'आज हमारे पांचवें गेंदबाज ने ज्यादा रन दे दिए, लेकिन हाल के वर्षों में, सलमान आगा और सैम अयूब दोनों ने हमारे लिए अच्छी गेंदबाजी की है। सैम का आज का दिन अच्छा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने टी20 मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया। यह खेल का एक हिस्सा है। मौसम भी उम्मीद से अलग रहा है, इसलिए हालात देखकर ही हम अंतिम एकादश तय करेंगे। वहीं वेस्टइंडीज़ के कप्तान शाई होप ने कहा, हम हार के बाद वापसी करना चाहते थे और आज की जीत से खुश हैं। (अनंत ज्ञान)

### कबड्डी ट्रॉफी में युवा क्लब बड़ा चैंपियन



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में युवा क्लब द्वारा कबड्डी ट्रॉफी का आयोजन किया गया । इस ट्रॉफी में क्षेत्र की 10 टीमों ने भाग लिया। ट्रॉफी का फाइनल. मुकाबला युबा क्लब बड़ा एवम युबा क्लब रैल. के बीच हुआ। जिसमें युबा क्लब बड़ा 25-18 अंकों से विजेता रहा। विजेता टीम को शिव मंदिर बड़ा के प्रधान कपिल शर्मा द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। एवम कपिल शर्मा द्वारा खिलाडियों को 1100 रुपए की इनाम राशि भी प्रदान की गई । इस दौरान कपिल, गौरव रनोत, अमन, बिट्टू पठानियां, नवदीप, विजय विशेष रूप से उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### हम हर खिलाड़ी पर सही फैसले लेने का करते हैं भरोसा : डेविड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में तूफानी पारी खेली। टिम डेविड ने बताया कि इस तरह की पारी उनकी योजना का हिस्सा नहीं थी। मैं जिन चीजों की तैयारी कर रहा हूं, वह अगले साल होने वाला टी20 वर्ल्ड कप और उससे पहले होने वाले बड़े टूर्नामेंट हैं। मैं एक बार में एक दिन से ज्यादा आगे की नहीं सोचता। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के चलते टिम डेविड को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। डेविड ने कहा, जाहिर है कि छह ओवरों में चार विकेट गंवाना हमारी टीम की योजना नहीं थी, लेकिन ऐसा कभी-कभी हो जाता है। हमें विश्वास है कि हमारे पास बेहतरीन बल्लेबाज हैं। हम हर खिलाड़ी पर सही फैसले लेने का भरोसा करते हैं। 'हम काफी समय से एक साथ खेल रहे हैं, इसलिए कोच की तरफ से ज्यादा निर्देश नहीं आते। वह खिलाड़ियों पर भरोसा करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पोलिश टेनिश खिलाड़ी इगा स्वियाटेक

**इगा** स्वियाटेक एक पोलिश पेशेवर महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। वह वर्तमान में महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) द्वारा महिला एकल में विश्व नंबर 1 खिलाड़ी हैं, उन्होंने 2020 में फ्रेंच ओपन जीतकर पहचान बनाई और उन्होंने कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, जिनमें 2022 का यूएस ओपन और 2023 और 2024 के फ्रेंच ओपन शामिल हैं।



## वनडे सीरीज | विंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से की बराबर

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

**एजेंसी, तारूबा ( त्रिनिदाद और टोबैगो )**

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में डकवर्थ लुईस नियम से पांच विकेट से जीत हासिल की है।

इस जीत के साथ विंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। अब इस सीरीज का निर्णायक मुकाबला 12 अगस्त को त्रिनिदाद में खेला जाएगा। रविवार को त्रिनिदाद के ही ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए।

वेस्टइंडीज को डीएलएस नियम के तहत 35 ओवर में 181 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में वेस्टइंडीज ने 33.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 184 रन बनाए और मैच पांच विकेट से जीत लिया। (अनंत ज्ञान)




### पाकिस्तान की पारी

दरअसल, यह मुकाबला बारिश से बाधित रहा। पाकिस्तान की पारी के दौरान कई बार बारिश हुई और खेल रोकना पड़ा। 37 ओवर खत्म होते ही बारिश शुरू हो गई और अंपायर को डकवर्थ लुईस नियम के तहत लक्ष्य देना पड़ा। 37 ओवर तक पाकिस्तान ने सात विकेट पर 171 रन बनाए थे। तब हसन नवाज 30 गेंद में 36 रन और शाहीन अफरीदी सात गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद थे। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही थी और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सैम अयूब 23 रन, अब्दुल्लाह शफीक 26 रन, और कप्तान मोहम्मद रिजवान 16 रन बनाकर आउट हुए। बाबर आजम खाता नहीं खोल सके। हुसैन तलत ने 31 रन की पारी खेली। सलमान आगा ने नौ रन और मोहम्मद नवाज ने पांच रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने तीन विकेट लिए। वहीं, जेडियाह ब्लेड्स, शमार जोसेफ, गुडाकेश मोती और रोस्टन चेज को एक-एक विकेट मिला।

### वेस्टइंडीज की पारी

**डकवर्थ** लुईस नियम के तहत मिले 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। 48 रन तक टीम ने ब्रैंडन किंग (1), एविन लुईस (7) और केसी कार्टी (16) के विकेट गंवा दिए थे। कप्तान शाई होप ने शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान होप 35 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, रदरफोर्ड 33 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स ने फिर 77 रन की नाबाद साझेदारी की और वेस्टइंडीज की टीम को जीत दिलाई। चेज 47 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर और ग्रीव्स 26 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और मोहम्मद नवाज को दो-दो विकेट मिले। वहीं, अबरार अहमद को एक विकेट मिला।

## टी20 एशिया कप में भुवनेश्वर और हार्दिक ने लिए सबसे ज्यादा विकेट




**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया कप टी20 में पिछले वर्षों में गेंदबाजों ने कुछ असाधारण प्रदर्शन किया है, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सिर्फ 6 मैच में 13 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में सबसे आगे है। (अनंत ज्ञान)

### भुवनेश्वर कुमार : 13 विकेट

**स्विंग** गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 2016 और 2022 एशिया कप (टी20) में 13 विकेट लिए, जिससे वह टूर्नामेंट के टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2022 में आया, जब उन्होंने 4 रन देकर 5 विकेट लिए।

### हार्दिक पांड्या : 11 विकेट

**हार्दिक** पांड्या ने एशिया कप टी20 रिकॉर्ड बुक में 11 विकेट के साथ नवीद और राशिद के साथ बराबरी कर ली है। पांड्या ने टूर्नामेंट में तेज और यॉर्कर का मिश्रण किया है। जिससे उन्हें कड़े मुकाबलो में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

#### अमजद जावेद : 12 विकेट

यूएई का प्रतिनिधित्व करते हुए अमजद जावेद ने एशिया कप टी20 में 12 विकेट लिए, जो टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेटों में से दूसरे स्थान पर है। यह आंकड़ा सिर्फ एक संस्करण में आया। लगभग 14 की औसत से सहयोगी राष्ट्र के लिए एक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

#### मोहम्मद नवीद : 11

यूएई के खिलाड़ी मोहम्मद नवीद ने एशिया कप टी20 इतिहास में 11 विकेट लिए, जिससे वह टूर्नामेंट में ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजो में शामिल हो गए। यूएई के सीमित मैचों के बावजूद नवीद ने प्रभावी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

#### राशिद खान : 11

अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने टी20 एशिया कप में 11 विकेट लिए है। राशिद का उदय तेजी से हुआ है। उन्होंने 2018 में रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और तेज लेग स्पिन से अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।

## जूनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में 30 टीमें लेंगी भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जो मंगलवार से जालंधर में नए डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी। नया प्रारूप इस वर्ष के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है।

भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन 'ए', डिवीजन 'बी' और डिवीजन 'सी' में विभाजित किया गया है। इसमें अपने से शीर्ष डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता



पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं। इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। डिवीजन 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष पर रहने वाली दो टीम अगले साल डिवीजन 'ए' में खेलेंगी जबकि अंतिम दो स्थान पर रहने वाली दो टीम डिवीजन 'सी' में खिसक जाएंगी। इस डिवीजन के मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे।

डिवीजन 'सी' के मैच भी लीग प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें टीमों को चार-चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। इसमें शीर्ष दो टीम अगले साल डिवीजन 'बी' का हिस्सा होंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''जूनियर टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। युवा खिलाड़ी इस प्रारूप में खेलकर कुछ सीखेंगे क्योंकि हमें सभी डिवीजनों की टीमों के बीच अलग स्तर की प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।'' (अनंत ज्ञान)

## आईजीयू ने मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी

**एजेंसी, तांगेरांग ( इंडोनेशिया )**

भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ (एपीजीसी) और इंडोनेशिया गोल्फ संघ द्वारा आयोजित पहली 'मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है।

मिड-अमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिताओं में आम तौर पर ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं जो एक आयु सीमा (ज्यादातर देशों में 25 साल) को पार करने के बाद भी अमेच्योर गोल्फ में खेलते हैं। आईजीयू के मौजूदा अखिल भारतीय 'मिड-



**टीम 12 से 14 अगस्त तक गाडिंग राया गोल्फ क्लब में प्रतियोगिता में लेगी भाग**

अमेच्योर' चैंपियन रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह टीम 12 से 14 अगस्त तक गाडिंग राया गोल्फ क्लब में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेगी।

इस ट्रॉफी के लिए 20 देशों के कुल 80 गोल्फर मुकाबला करेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन चार आयु वर्गों में किया जाएगा। इसमें ग्रुप ए (25 से 29 वर्ष की आयु), ग्रुप बी (30 से 37 वर्ष), ग्रुप सी (38 से 46 वर्ष) और ग्रुप डी (47 वर्ष और उससे अधिक आयु) शामिल है। टूर्नामेंट 54-होल के व्यक्तिगत स्ट्रोक प्ले प्रारूप में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप के लिए हार्दिक का होगा फिटनेस टेस्ट, 9 सितंबर से टूर्नामेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है।

ओआई के अनुसार, भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांड्या 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंड्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था।

वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था। (अनंत ज्ञान)




### भारत ने 8 बार जीता एशिया कप

**एशिया** कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

### सूर्यकुमार की जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई

**सूर्या** ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। 34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल ऑपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था।

### यूएई में खेला जाएगा एशिया कप 2025

**एशिया** कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

## फैंस को अगले साल आईपीएल में धोनी को खेलते देखने का इंतजार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 को खत्म हुए अभी कुछ महीने ही हुए हैं, लेकिन फैंस अभी से ही आईपीएल 2026 का इंतजार कर रहे हैं। आईपीएल 2026 का आयोजन अगले साल मार्च से मई तक होगा। आईपीएल में यूं तो कई खिलाड़ी खेलते हैं, लेकिन कुछ ऐसे हैं जिनके लिए फैंस में जबरदस्त क्रेज है। इनमें एमएस धोनी भी शामिल हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट को 6 साल पहले अलविदा कहने वाले धोनी अभी भी आईपीएल खेलते हैं। उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स-सीएसके पांच बार आईपीएल की विजेता बन चुकी है। हालांकि इस साल आईपीएल में सीएसके ने अपने फैंस को निराश किया, लेकिन उन्हें अगले साल अपनी फेवरेट टीम और धोनी को खेलते देखने का इंतजार है।

हाल ही में धोनी एक प्रमोशनल इवेंट में पहुंचे, जहां उनके कई फैंस भी मौजूद रहे। तभी कुछ फैंस ने धोनी से आईपीएल 2026 खेलने की रिक्वेस्ट की। फैंस की इस रिक्वेस्ट पर कैप्टन कूल ने मजेदार जवाब दिया। धोनी ने कहा, 'मेरे घुटने में जो दर्द है, उसका ध्यान कौन रखेगा? धोनी के इस जवाब से मौजूद लोग ठहाके लगाकर हंस दिए। (अनंत ज्ञान)

## टूटेगा मिथक, खत्म होगा आईसीसी ट्रॉफी का सूखा : हरमनप्रीत कौर

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे एकदिवसीय महिला विश्व कप में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी। इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है जिसमें भारत उपविजेता रहा था।

हरमनप्रीत ने वनडे विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण समारोह में कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।'

इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह और हरमनप्रीत की टीम के साथी भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे श्रृंखला जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे



मैच की घरेलू श्रृंखला खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और हमें इससे अपनी स्थिति का पता चलता है। यह श्रृंखला हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं।'' हरमनप्रीत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रन की जोरदार पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। उस पारी की यादें अब भी उनके जेहन में ताजा हैं।

उन्होंने कहा, ''वह पारी मेरे और महिला क्रिकेट के लिए वाकई बहुत खास थी। उस पारी के बाद मेरे लिए बहुत कुछ बदल गया। हम भले ही फाइनल में हार गए थे लेकिन जब हम वापस लौटे तो बहुत सारे लोग हमारा इंतजार कर रहे थे और उत्साह बढ़ा रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## आईओसी से ओलंपिक मेजबानी के लिए बातचीत जारी : खेल मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के भावी मेजबान आयोग के साथ निरंतर बातचीत चल रही है।

संगरूर से आम आदमी पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के एक प्रश्न के उत्तर में मांडविया ने कहा कि पूरी बोली प्रक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) संभाल रहा है। मंत्री ने निचले सदन में कहा, ''आईओए ने आईओसी को आशय पत्र सौंप दिया है। मांडविया ने कहा, ''भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाना भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की जिम्मेदारी है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) विस्तृत चयन प्रक्रिया से गुजरकर ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार सौंपती है।'' भारत ने हालांकि अपनी बोली में किसी शहर का नाम नहीं दिया है लेकिन गुजरात सरकार इसमें काफी दिलचस्पी दिखा रही है।

उसके खेल मंत्री हर्ष संघवी उस भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जिसने पिछले महीने बोली पर चर्चा करने के लिए लुसाने स्थित आईओसी मुख्यालय का दौरा किया था। निरंतर बातचीत के चरण में आइओसी मेजबानी के दावेदारों की तैयारी का व्यावहारिक आकलन करती है। आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने फिलहाल मेजबान चयन प्रक्रिया को ''रोक'' दिया है। ओलंपिक स्वर्ण विजेता पूर्व तैराक कोवेंट्री ने कहा कि जून में उनकी पहली कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान सदस्यों में आम सहमति थी कि प्रक्रिया का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। (अनंत ज्ञान)

## फुटबॉल टूर्नामेंट | मेसी की अनुपस्थिति में इंटर मियामी की हार

# क्रिस्टल पैलेस ने कम्युनिटी शील्ड जीती

**एजेंसी, लंदन**

क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना शानदार अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेम्बली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। वहीं, दूसरी तरफ इंटर मियामी को सुपरस्टार लियोनल मेसी की अनुपस्थिति में मेजर लीग सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच में ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा।

मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन



हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई।

मुरील ने ओजेडा की मदद से दूसरे मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को बढ़त दिलाई, जो केवल तीन मिनट तक कायम रही। यानिक ब्राइट ने अपने 40वें मैच में अपना पहला गोल करके इंटर मियामी को बराबरी पर ला दिया। ऑरलैंडो सिटी ने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद मुरील के आठवें गोल की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली। ओजेडा ने 58वें मिनट में और मार्को पासालिक ने 88वें मिनट में बिना किसी मदद के गोल करके ऑरलैंडो सिटी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, 'यह अविश्वसनीय है।

लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था। उसके पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं और उनकी टीम मजबूत है। (अनंत ज्ञान)

### मेसी की मियामी को बड़ी कमी खली

**मेसी** दाहिने पैर में चोट लगने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए और मियामी को उनकी बड़ी कमी खली। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को यह चोट दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में लगी थी। मेसी ने अपने क्लब के 23 मैचों में से 18 मैच में खेलते हुए 18 गोल किए हैं। ऑरलैंडो सिटी की तरफ से लुइस मुरील ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया जबकि मार्टिन ओजेडा ने एक गोल करने के अलावा एक गोल में मदद की।

## रोहतक आईआईएम से एमबीए करेंगी ओलंपियन मनु भाकर

**एजेंसी, रोहतक**

हरियाणा की शूटर मनु भाकर ने आगे पढ़ाई करने का निर्णय लिया है। ओलंपियन मनु भाकर रोहतक स्थित आईआईएम से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में एमबीए करेंगी।

परिवार ने भी इस बात की पुष्टि की है। परिजनों का कहना है कि मनु ने स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में आगे की पढ़ाई करने का फैसला किया है, ताकि खेल के बाद इसी से जुड़े बिजनेस को आगे बढ़ाया जाए।

परिवार ने भी उनके इस निर्णय को सहमति दी है। मनु इसी सत्र से एडमिशन प्रक्रिया में हिस्सा लेंगी। यह पूरी प्रक्रिया एक महीने में ही होगी। मनु की शादी के पर पिता रामकिशन ने कहा कि अगर कोई अच्छा रिश्ता आया तो सोचेंगे। फिलहाल, उसकी शादी को लेकर कोई जल्दी नहीं है। (अनंत ज्ञान)



### निशानेबाजी में जीता डबल ब्रॉन्ज मेडल

**मनु** भाकर मूल रूप से झज्जर जिले के गोरिया गांव की रहने वाली हैं। उनकी स्कूली शिक्षा झज्जर के यूनिवर्सल स्कूल से हुई है। यह स्कूल उनके चाचा चलाते हैं। इसके बाद मनु ने दिल्ली से ग्रेजुएशन और पंजाब यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुशन किया। मनु ने 2024 के पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में डबल ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए थे। 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा था। वर्तमान में मनु का फोकस शूटिंग वर्ल्ड कप पर है, जो 2027-28 में भारत में ही होगा।